इन चमचमाते आंकड़ों के पीछे तीन बुनियादी कारक हैं, जिनका सरोकार जमीनी पहलुओं से है। सबसे पहला है आम लोगों द्वारा जारी खरीद का सिलसिला। दूसरा, नए संयंत्रों, मशीनरी और बुनियादी ढांचे में भारी निवेश। तीसरा, टैरिफ की चुनौतियों के बाद भी निर्यात में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी। सूचीबद्ध कंपनियों के लाभ में 20 प्रतिशत का उछाल और बैंक कर्ज में 19 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। यह सब अकस्मात नहीं है। सरकार और रिजर्व बैंक के समवेत प्रयास अब असर दिखा रहे हैं। जब कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही थीं तो पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतों में एकाएक बढ़ोतरी नहीं की गई। पेट्रोल और डीजल की कीमतें एक दायरे में ही रहीं। इस मोर्चे पर होने वाले घाटे को खुद सरकार ने वहन किया, ताकि आम लोगों की आवाजाही और ढुलाई के लिए ट्रकों की लागत न बढ़े। यह भी एक कारण है कि तेल की कीमतों में 58 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बावजूद जुलाई में मुद्रास्फीति की दर 4.45 प्रतिशत के स्तर पर रही। इससे पहले गत वर्ष के बजट में इनकम टैक्स में दी गई राहत और जीएसटी परिषद द्वारा दैनिक उपभोग की तमाम वस्तुओं पर करों की दरों में कटौती ने लोगों के हाथों में खर्च के लिए अतिरिक्त राशि बढ़ाई। हाईवे, रेलवे और बिजली ग्रिड पर हुए सरकारी निवेश ने वह जमीन तैयार कर दी, जिस पर आज निजी कंपनियां डाटा सेंटर, पावर प्लांट और नई फैक्ट्रियां खड़ी कर रही हैं। केंद्र सरकार का पूंजीगत खर्च भी इस तिमाही में 24 प्रतिशत की तेजी से बढ़ा। आरबीआइ ने भी मोर्चे पर डटकर जिम्मेदारी बखूबी निभाई। विदेशी पूंजी के पलायन और रुपये के लुढ़कने के बीच रिजर्व बैंक ने अनिवासी भारतीयों से डालर जुटाने के लिए विशेष डिपाजिट स्कीम पेश की। तीन महीनों में 65 अरब डालर से अधिक के प्रवाह ने रुपये की गिरावट की रफ्तार को थामा। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकारी भंडारों में आवश्यकता से पांच गुना अधिक चावल और गेहूं का दोगुना बफर रहा, जिससे बारिश की सुस्ती के बावजूद खाद्यान्न कीमतें बेकाबू नहीं हुईं।

किसी भी संकट के समय एक सुदृढ़ अर्थव्यवस्था इसी तरह काम करती है। हालांकि आगे की राह उतनी भी आसान नहीं है। अगर भारत को आर्थिक परिदृश्य पर अपना शानदार प्रदर्शन इसी तरह जारी रखना है तो उसे चार पहलुओं पर ध्यान देना होगा। पहला जोखिम जुड़ा है कच्चे तेल की कीमतों से, जो अब भी 90 डालर प्रति बैरल के आसपास है और उसकी दरों में तुरंत राहत के आसार भी नहीं दिखते। घरेलू स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रखने की मियाद जितनी खिंचेगी, वित्तीय घाटा उतना ही बढ़ेगा। बढ़े खर्च की भरपाई के दो रास्ते हैं। पहला कच्चे तेल में नरमी आते ही खुदरा दाम बढ़ाए जाएं या फिर विकास कार्यों के बजट में कटौती की जाए।

दूसरी बड़ी चुनौती मानसून की अनिश्चितता से जुड़ी है। जुलाई में अच्छी बारिश से फसलों का रकबा सामान्य की तुलना में 92 प्रतिशत तक तो पहुंच गया, लेकिन सितंबर में सूखे जैसे हालात की आशंका है। पर्याप्त बफर स्टाक की वजह से गेहूं और चावल का मामला तो सुलझा हुआ लगता है, लेकिन दलहन, तिलहन, फल-सब्जियों और पोल्ट्री उत्पादों के लिए ऐसा कोई सुरक्षा आवरण नहीं दिखता। यदि खाद्य पदार्थों की महंगाई ने तेजी का रुझान कायम रखा तो आरबीआइ को ब्याज दरों में बढ़ोतरी करनी पड़ेगी। इसका सीधा असर आम आदमी के लिए ईएमआइ के बढ़ते बोझ के रूप में दिखेगा। तीसरी चुनौती रुपये की सेहत और अमेरिकी आयात शुल्कों की है। अमेरिका ने जुलाई से जो 10 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, उससे मोबाइल, फार्मा और रिफाइंड तेल जैसे उत्पाद तो बच गए, लेकिन परिधान, चमड़ा और रत्न एवं आभूषण निर्यातकों के आर्डर घटने लगे हैं। ये उद्योग बड़े पैमाने पर रोजगार मुहैया कराते हैं। इन्हें सुरक्षा चक्र प्रदान करने के लिए न केवल सरकार को सस्ता निर्यात कर्ज उपलब्ध कराना होगा, बल्कि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख बाजारों के साथ व्यापार समझौतों को जल्द मूर्त रूप भी देना होगा।

चौथा पहलू आजीविका और रोजगार का है। 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि से रोजगार के अवसर बढ़ने चाहिए थे, मगर जून तिमाही में बेरोजगारी का आंकड़ा थोड़ा ऊपर गया। निजी क्षेत्र के निवेश में तेजी जरूर आई है, लेकिन यह नई भर्तियों में रूपांतरित होती नहीं दिख रही। पिछले बजट में टैक्स छूट से उपभोग को मिली तात्कालिक ऊर्जा साल के आखिर तक पस्त पड़ सकती है। ऐसे में अर्थव्यवस्था की गति बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि निजी निवेश और नई नौकरियां विकास के इंजन बनें। भारत ने साबित किया कि वह वैश्विक संकट के बीच भी अपनी विकास दर को तेज बनाए रख सकता है, लेकिन असली कसौटी इस संकट के छंटने के बाद भी इस रफ्तार को बरकरार रखने की है।

(लेखक लोक-नीति विश्लेषक हैं)
response@jagran.com

# अंधविरोध का वैचारिक गठबंधन



प्रणय कुमार

**क्या किसी को सुने बिना ही उसके विचारों को अस्वीकार्य कर देना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अनुरूप है?**

मानवाधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास जैसे मुद्दों पर पश्चिमी जगत लंबे समय से स्वयं को वैश्विक नैतिकता का पहरेदार प्रस्तुत करता आया है, किंतु जब इन्हीं आदर्शों को वास्तविक आचरण की कसौटी पर परखा जाता है, तो कथित नैतिक श्रेष्ठता के पीछे छिपे उसके दोहरे मापदंड बार-बार उजागर होते हैं। यह विरोधाभास अब केवल उसकी विदेश नीति तक सीमित नहीं रहा। पश्चिमी समाजों में वाम-उदारवादी विचारधारा और कट्टरपंथी राजनीति के बीच बढ़ता वैचारिक सामंजस्य स्वतंत्रता, बहुलता, पंथनिरपेक्षता और धार्मिक स्वतंत्रता जैसे मूल्यों की व्याख्या को भी प्रभावित करता दिखाई दे रहा है। जिस अमेरिका ने दशकों तक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपने लोकतंत्र का आत्मा और असहमति के अधिकार को अपनी सभ्यतागत पहचान बताने का दावा किया, उसी अमेरिका में अब किसी विचार, संगठन अथवा व्यक्ति की स्वीकार्यता कई बार इससे तय होती दिखाई देती है कि वह उसके प्रचलित वैचारिक आख्यान के अनुकूल है या प्रतिकूल?

न्यूयार्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन पर गत 29 अगस्त को आयोजित 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' इसी बदलते विमर्श का उल्लेखनीय उदाहरण रहा। विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक समुदायों के बीच संवाद, सह-अस्तित्व और एकता का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत का संबोधन हुआ। आयोजन 'अमेरिकन हिंदूज फार एंगेजमेंट एंड डायलाग' द्वारा किया गया। इसे विभिन्न हिंदू-अमेरिकी संगठनों का समर्थन प्राप्त था। अमेरिका के अनेक शहरों तथा 31 देशों से आए लगभग 6,000 प्रतिनिधियों और 250 से अधिक हिंदू-अमेरिकी संगठनों की सहभागिता ने इसकी व्यापकता को रेखांकित किया। इसके बावजूद न्यूयार्क के मेयर जोहरान ममदानी ने कार्यक्रम के प्रति सार्वजनिक असहमति जताई और कार्यक्रम रद करने की मांग की। कार्यक्रम अंततः संपन्न हुआ और अपने घोषित उद्देश्य में सफल रहा, लेकिन इससे एक मूलभूत लोकतांत्रिक प्रश्न उठा कि क्या किसी वक्ता को सुने बिना ही उसके विचारों और संगठन को अस्वीकार्य घोषित कर देना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और बहुलतावाद की कथित अमेरिकी परंपरा के अनुरूप है?




भारत की सभ्यतागत दृष्टि का संदेश देते भागवत। फाइल

इस विरोध में 'हिंदूज फार ह्यूमन राइट्स' भी सक्रिय था। आश्चर्य है कि जिस संगठन के नाम के साथ 'हिंदूज' जुड़ा है, वह भारत, हिंदुत्व और संघ से जुड़े मुद्दों पर विरोधी अभियान चलाता है। प्रतीत होता है कि संगठन का नाम भी सोच-समझकर रखा गया है, ताकि यह सिद्ध किया जा सके कि संघ-भाजपा का विरोध हिंदू समाज के भीतर से ही हो रहा है। इसकी कार्यकारी निदेशक सुनीता विश्वनाथ नागरिकता संशोधन कानून और 'हाऊडी मोदी' के विरोध में भी शामिल रहीं तथा 'डिसमेंटलिंग ग्लोबल हिंदुत्व' जैसे अभियानों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। 2023 में वाशिंगटन में राहुल गांधी के थिंक-टैंक संवाद में भी उनकी उपस्थिति देखी गई थी। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि संघ-प्रमुख के कार्यक्रम के विरुद्ध वे क्यों खड़ी थीं?

न्यूयार्क के मेयर जोहरान ममदानी प्रधानमंत्री मोदी तथा इजरायल से जुड़े प्रश्नों पर मुखर राजनीतिक रुख अपनाते रहे हैं। 2023 में प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान उनके विरोध में संयुक्त बयान, नागरिकता संशोधन कानून और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने का विरोध, उमर खालिद के समर्थन में आवाज तथा हमास को आतंकवादी संगठन मानने एवं 'ग्लोबलाइज द इंतिफादा' जैसे नारों की निंदा से इन्कार उनके राजनीतिक दृष्टिकोण को समझने के लिए पर्याप्त है। यह पूछना असंगत नहीं होगा कि उनकी बुनियादी आस्था अमेरिका की लोकतांत्रिक मान्यताओं में है या किसी मजहब-विशेष की मान्यताओं में? विरोध के इसी क्रम में 26 अगस्त को अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के पाकिस्तानी मूल के अध्यक्ष आसिफ महमूद द्वारा मोहन भागवत की अमेरिका यात्रा का विरोध किया गया।

न्यूयार्क की स्थानीय राजनीति, एक्टिविस्ट संगठनों, भारत विरोधी अभियानों और धार्मिक स्वतंत्रता के नाम पर सक्रिय संस्थाओं के बीच एक ऐसा वैचारिक इकोसिस्टम दिखाई देता है, जिसमें एक मंच का आरोप दूसरे मंच का प्रमाण बन जाता है। फिर वही आरोप तीसरे मंच से वैधता पाता है और अंततः एक सुनियोजित नैरेटिव को स्थापित सत्य की तरह प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन इन समस्त विरोधों के बीच प्रश्न यह है कि मोहन भागवत ने न्यूयार्क में क्या कहा? उन्होंने स्पष्ट किया कि एकता के लिए एकरूपता आवश्यक नहीं है। मनुष्य की श्रेष्ठता दूसरों पर प्रभुत्व में नहीं, बल्कि विश्व के प्रति अपने दायित्व को समझने में है। उनका यह संदेश भारत की उस सनातन दृष्टि का वैश्विक प्रतिपादन है, जिसका सार 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना में निहित है।

(लेखक शिक्षाविद् एवं सामाजिक संस्था 'शिक्षा-सोपान' के संस्थापक हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

## नियति का निर्धारण

मनुष्य की नियति उसके निर्णयों से मिलकर बनती है। इसीलिए कहा जाता है कि मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता स्वयं होता है। मनुष्य अपनी नियति को दैनिक जीवन की आदतों के संचय से अर्जित कर सकता है। मनुष्य जब चाहे अपनी आदतों को बदलने की इच्छाशक्ति रखता है। इससे वह मनचाहा परिणाम हासिल कर सकता है। वस्तुतः, परिणाम आदतों का ही समुच्चय है। कोई भी आदत मनुष्य के भीतर धीरे-धीरे आकार लेती है, परंतु अनुशासन अच्छी आदतों से ही बनता है। महान व्यक्तित्वों में प्रायः एक यह समानता पाई जाती है कि वे अपने लिए आवश्यक कार्यों को अनुशासन में ढाल लेते हैं। मनुष्य अपनी आदतों को दिनचर्या के अनिवार्य और अपरिवर्तनीय हिस्से के रूप में देखता है। वह उन्हें सजग हुए बिना दोहराता है।

प्रख्यात दार्शनिक विल ड्यूरेंट ने कहा है कि 'हम वही हैं, जो हम बार-बार करते हैं। इसलिए, उत्कृष्टता कोई क्रिया नहीं, बल्कि एक आदत है।' महान वे होते हैं, जो उत्कृष्टता को क्रिया में तब्दील कर पाने में समर्थ हो जाते हैं। जब हम महान व्यक्तियों के जीवन पर दृष्टि डालते हैं तो पता चलता है कि उन्होंने अपने भीतर कुछ अच्छी आदतें विकसित कीं, जिन्हें वे जीवनपर्यंत दोहराते रहें। आदतों से नियंत्रित होने की बजाय उन्हें अपने अनुसार विकसित करके मनुष्य अपने जीवन के नियंत्रण को अपने हाथ में ले सकता है। हम आदत बनने की प्रक्रिया पर ध्यान नहीं देकर आदतों को स्वचालित क्रिया के रूप में देखते हैं। इसी से नियतिवादी दृष्टिकोण पैदा होता है। आदतें बनाई जा सकती हैं और बदली जा सकती हैं। दरअसल मनुष्य में बहुत कम चीजें हैं, जो बदली न जा सकें। आदतें बदलकर मनुष्य जीवन में व्यापक परिवर्तन कर सकता है और अपेक्षित परिणाम प्राप्त कर अपनी नियति को आकार दे सकता है।

डा. मोनिका भांभू कलाना

# जंक फूड के प्रति बच्चों में जागरूकता

सुभाष बुड़ावन वाला

> राजस्थान हाई कोर्ट ने स्कूल परिसर और आसपास जंक फूड की बिक्री पर लगाई रोक

बच्चों के स्वास्थ्य और बेहतर खान-पान को ध्यान में रखते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने स्कूल परिसर के भीतर और गेट से 50 मीटर के दायरे में जंक फूड की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी है। यह केवल एक न्यायिक आदेश नहीं, बल्कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और स्वस्थ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

आज जब बच्चों की जीवनशैली तेजी से बदल रही है, ऐसे समय में स्कूलों को केवल शिक्षा का केंद्र मानना पर्याप्त नहीं है। स्कूल वह स्थान है जहां बच्चे पढ़ना ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की आदतें भी सीखते हैं। इसलिए उन्हें पौष्टिक भोजन, खेल, पर्याप्त नींद और सक्रिय जीवनशैली का वातावरण देना भी शिक्षा का हिस्सा होना चाहिए। फास्ट फूड, पैकेज्ड स्नैक्स, मीठे पेय और एनर्जी ड्रिंक बच्चों की पसंद बनते जा रहे हैं। इन खाद्य पदार्थों में अक्सर कैलोरी, नमक, चीनी और अस्वास्थ्यकर वसा की मात्रा अधिक होती है, जबकि जरूरी पोषक तत्व अपेक्षाकृत कम होते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन लंबे समय से बच्चों और किशोरों में अधिक चीनी, नमक तथा अस्वास्थ्यकर वसा के सेवन को सीमित करने की सलाह देता रहा है। लगातार ऐसे भोजन का सेवन मोटापे, दांतों की सड़न और आगे चलकर मधुमेह तथा हृदय रोग जैसे रोगों के जोखिम से जुड़ा है। भारत में बच्चों-किशोरों में बढ़ता मोटापा भी चिंता का विषय बन रहा है।

समस्या केवल यह नहीं कि बच्चा कितना खाता है, बल्कि यह भी है कि वह क्या खाता है और कितनी बार खाता है। एनर्जी ड्रिंक को लेकर विशेष सावधानी की आवश्यकता है। इनमें कैफीन और अन्य उत्तेजक पदार्थों के साथ कई बार काफी मात्रा में चीनी भी होती है। बच्चों के लिए इनका नियमित सेवन उचित नहीं माना जाता। बच्चों को इनके दुष्परिणाम के बारे में बताना होगा।

विडंबना यह है कि विज्ञापन इन्हें ऊर्जा, सफलता, खेल और आधुनिक जीवनशैली से जोड़कर प्रस्तुत करते हैं। आकर्षक पैकेजिंग और डिजिटल विज्ञापन बच्चों की पसंद को प्रभावित करते हैं। इसलिए केवल स्कूल परिसर में बिक्री रोकना पर्याप्त नहीं होगा; बच्चों को लक्षित करने वाले खाद्य विज्ञापनों और भ्रामक प्रचार पर प्रभावी निगरानी आवश्यक है।

अदालत ने बच्चों के बढ़ते स्क्रीन टाइम पर भी चिंता जताई है। आज मोबाइल, वीडियो गेम और इंटरनेट मीडिया ने बच्चों के शारीरिक खेल का समय कम किया है। लंबे समय तक बैठे रहना और स्क्रीन देखना केवल आंखों पर ही असर नहीं डालता, बल्कि शारीरिक गतिविधि, नींद, एकाग्रता और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है। इसलिए स्कूलों में खेल के मैदान, शारीरिक शिक्षा और प्रतिदिन सक्रिय रहने के अवसर बढ़ाना उतना ही जरूरी है जितना स्मार्ट क्लासरूम बनाना। राजस्थान हाई कोर्ट की पहल से दूसरे राज्यों को भी सीख लेनी चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## युवा भावनाओं का हो सम्मान

आलेख 'समझी जाएं जेन-जी की आकांक्षाएं' में डा. मनिष दाभाडे ने युवाओं की समस्याओं का प्रमुखता से समाधान करने का आह्वान किया है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। युवा किसी भी समाज के बदलाव और विकास के प्रमुख वाहक होते हैं। उनमें ऊर्जा, उत्साह, नए विचार और जोखिम उठाने का साहस होता है। यदि इस शक्ति का सकारात्मक उपयोग हो तो देश तेजी से प्रगति कर सकता है, लेकिन यही ऊर्जा गलत दिशा में चली जाए तो सामाजिक अस्थिरता और संकट भी पैदा कर सकती है। भारत के लगभग हर बड़े जन आंदोलन में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कई बार आंदोलन के बाद युवाओं को यह महसूस हुआ कि जिन आदर्शों और उम्मीदों के साथ उन्होंने संघर्ष किया था, वे सत्ता और राजनीति के बदलते स्वरूप में पीछे छूट गए। आज पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता जैसी समस्याओं से युवाओं के सब्र का बांध टूट गया। युवाओं के आंदोलन की वजह से धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा। इस प्रकरण के उपरांत सभी राजनीतिक दल युवाओं को अपने साथ जोड़ना चाहते हैं।

himanshushekhar.mca@gmail.com

## स्वदेशी की असली कसौटी

बुधवार को प्रकाशित अग्रलेख 'स्वदेशी का मंत्र' में उल्लेख किए गए विचार स्वागतयोग्य हैं, लेकिन स्वदेशी को स्थायी जन-अभियान बनाना केवल भावनात्मक आग्रह से संभव नहीं होगा। उपभोक्ता अंततः कीमत, गुणवत्ता, भरोसे और पसंद की विविधता को महत्व देता है। यदि घरेलू वस्तु विदेशी विकल्प से महंगी, कम गुणवत्तापूर्ण या सीमित विकल्प वाली होगी, तो केवल देशभक्ति से उसकी मांग लंबे समय तक नहीं टिक सकती। इसलिए सरकार को उत्पादकों के लिए लागत-प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, गुणवत्ता के कठोर मानक लागू करने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और वितरण तथा बाजार तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने पर ध्यान देना होगा। भारतीय उद्योग को भी यह स्वीकार करना चाहिए कि उपभोक्ता से ''स्वदेशी खरीदो'' कहने से पहले उसे विश्व स्तरीय गुणवत्ता और उचित कीमत का कारण देना होगा। आत्मनिर्भरता का वास्तविक अर्थ यह नहीं कि भारतीय उपभोक्ता के विकल्प घट जाएं, बल्कि यह है कि वह उपलब्ध विकल्पों में से भारतीय वस्तु को गुणवत्ता, कीमत और भरोसे के आधार पर स्वयं चुनना चाहे।

बृज भूषण गोयल, लुधियाना

मेलबाक्स

## कूटनीति में संकेतों की भाषा

कूटनीति में हर बात नाम लेकर कहना जरूरी नहीं होता। कई बार बिना किसी देश का नाम लिए कही गई बात अधिक प्रभावी होती है, क्योंकि उसका संकेत सभी समझते हैं। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 26वें शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आतंकवाद पर दिया गया संदेश इसी कूटनीतिक शैली का उदाहरण है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मौजूदगी में नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को मानवता के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि इसके खिलाफ लड़ाई केवल 'एक्शन-रिएक्शन' तक सीमित नहीं रह सकती। आतंकवाद के वित्तपोषण, भर्ती, कट्टरपंथ और सुरक्षित ठिकानों समेत उसके पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करना होगा। उन्होंने साफ कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड की कोई जगह नहीं हो सकती। मोदी का यह वक्तव्य इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया कि जो देश आतंकवाद को अपनी नीति का साधन बनाते हैं और आतंकवादियों को पनाह तथा समर्थन देते हैं, उन्हें कड़ा संदेश देना आवश्यक है। मोदी का संदेश था- आतंकवाद केवल आतंकियों की समस्या नहीं है, उसके पीछे खड़े तंत्र की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। आतंक को दाना-पानी देने वालों को अलग रखकर आतंकवाद खत्म नहीं किया जा सकता।

युगल किशोर राही, छपरा, बिहार

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें :**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी* दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**14** प्रतिशत के आसपास है भारत में सामान्य शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी, जबकि उच्च शिक्षा प्राप्त युवकों में यह लगभग 25 प्रतिशत तक पहुंच गई है। हालांकि अमेरिका में भी यह 10 प्रतिशत से अधिक ही है, जबकि एशियाई देशों में औसतन 16 प्रतिशत है।



आजकल

# युवा देश में शिक्षित युवकों में बेरोजगारी

**भारत में 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों की संख्या लगभग 52 प्रतिशत है। देश की अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे तेज बढ़ने वाली बन गई है, किंतु रोजगार सृजन में अभी पीछे है। शिक्षित युवाओं के बीच बेरोजगारी एक गंभीर चुनौती बनी हुई है, जहां उच्च शिक्षा प्राप्त स्नातकों में यह दर और अधिक बढ़ जाती है। बड़ी संख्या में शिक्षित युवाओं का विकास की मुख्यधारा से बाहर होना चिंता का विषय है। इसलिए नए सिरे से रोजगार संबंधी नीतियां बनाई जानी चाहिए, ताकि अधिकतम युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके**



प्रो. लल्लन प्रसाद
पूर्व विभागाध्यक्ष, बिजनेस इकोनमिक्स विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय



आर्थिक प्रगति की गति बढ़ने के साथ ही सभी युवाओं को मिले रोजगार, इस बारे में करनी होगी पूरी तैयारी। फाइल

भारत की आबादी में 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों की संख्या 52 प्रतिशत के करीब है। सामान्य शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी 14 प्रतिशत के आसपास है, जबकि उच्च शिक्षा प्राप्त युवकों में यह 25 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उच्च शिक्षा के लिए देश में लगभग 1200 विश्वविद्यालय, पांच हजार इंजीनियरिंग कालेज, 820 मेडिकल कालेज, 23 आइआइटी और 21 आइआइएम हैं जो इतनी बड़ी आबादी के लिए विकसित देशों की तुलना में बहुत कम है। यद्यपि शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी भारत की ही समस्या नहीं है, अमेरिका में यह 10 प्रतिशत के ऊपर है, चीन में 17 प्रतिशत, एशियाई देशों में औसतन 16 प्रतिशत। युवाओं की आबादी में जितनी तेजी से वृद्धि हो रही है रोजगार के अवसर उतनी तेजी से नहीं बढ़ रहे हैं जो बेरोजगारी की दर में वृद्धि का एक बड़ा कारण है। अन्य कारण है कौशल और उद्योग की मांग में तालमेल की कमी, स्वरोजगार की जगह सुरक्षित नौकरी की तलाश अधिक, शैक्षणिक कार्यक्रम में उद्योगों और उन्नत निर्माण की व्यावहारिक आवश्यकताओं के बीच बड़ा अंतर, गांव से बड़ी संख्या में प्रतिवर्ष युवकों का शहर में शिक्षा और फिर रोजगार के लिए आना और कृषि कार्यों में वापस न जाना, सरकारी विभागों में छंटनी, भर्ती प्रक्रिया में देरी, नए पदों की कमी आदि। महिलाओं की भागीदारी युवकों की अपेक्षा बहुत कम है, विशेष रूप से उच्च पदों पर जो सामाजिक कारकों, सुरक्षा और घरेलू जिम्मेदारियों के कारण है।

जुलाई 2015 से चल रही कौशल विकास योजना (स्किल इंडिया) रोजगार सृजन के उद्देश्य से बनाई गई थी जिसके अंतर्गत उद्योगों की आवश्यकता अनुसार पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण की व्यवस्था है। आधुनिक कौशल के नए दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ), रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन तकनीक, सोलर एनर्जी आदि के व्यापक प्रशिक्षण की आवश्यकता है। देशभर में फैले कौशल विकास केंद्र कितने प्रभावी हैं और उनके द्वारा कितने युवाओं को प्रतिवर्ष रोजगार मिल रहा है इसकी गहन समीक्षा की आवश्यकता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अब तक मात्र 1.64 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। योजना के चौथे चरण में 27 लाख के लगभग छात्रों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अनौपचारिक रूप से काम सीख चुके कारीगरों को उनके अनुभव के मूल्यांकन पर राष्ट्रीय प्रमाण पत्र दिया जाता है जो उनके लिए रोजगार के नए अवसर ढूंढने में मददगार होता हैं।

ब्रिटिश शासन के अंतर्गत जो शिक्षा व्यवस्था बनाई गई वह आजादी मिलने के बाद भी वर्षों चलती रही है, शिक्षित छात्र-छात्राओं में सरकारी और नौकरियां ढूंढने की प्रवृत्ति पैदा करती हैं, न कि स्वरोजगार सृजन की। यह मनोवृत्ति बदलने की आवश्यकता है और इसके लिए पूरे देश में व्यापक अभियान चलाया जाना चाहिए। स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों में सफल उद्यमियों की कहानियां पाठ्यक्रम का हिस्सा होनी चाहिए, उद्यमियों और छात्रों के बीच वार्तालाप की व्यवस्था भी होनी चाहिए। 2016 से चल रही केंद्र सरकार की स्टार्टअप योजना एक अच्छा कदम है, इसको और प्रभावशाली बनाने की आवश्यकता है। पिछले 10 वर्षों में भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम में विश्व के तीसरे स्थान पर आ गया है। वर्ष 2014 में मात्र 400 स्टार्टअप थे, उनकी संख्या अब दो लाख से अधिक है। आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन में स्टार्टअप्स की अहम भूमिका होगी, यदि शिक्षित युवाओं में इसके प्रति दिलचस्पी बढ़ाई जाए।

देशभर के शिक्षा संस्थानों में पाठ्यक्रमों में आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने की आवश्यकता है। डीप टेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, क्वांटम कंप्यूटिंग, एग्रीटेक, स्पेस टेक, ड्रोन टेक्नोलाजी सहित 50 क्षेत्रों में उच्च शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए बजट में अधिक प्रविधान, शिक्षकों के प्रशिक्षण और शिक्षा संस्थानों में आधुनिकतम लैब पर विशेष ध्यान देना होगा। पुरानी शिक्षा व्यवस्था में मानविकी और कला की शिक्षा पर जितना जोर था, उतना ही अब नई तकनीक की शिक्षा पर भी देने की आवश्यकता है। भाषा, साहित्य, दर्शन, इतिहास, समाजशास्त्र जैसे विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त छात्रों के लिए रोजगार के अवसर कम होते जा रहे हैं, जो चिंता का विषय है। सांस्कृतिक उन्नयन के लिए इन विषयों के महत्व में कमी रोकने के लिए शिक्षा का स्तर बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार के अवसर बढ़ाने होंगे, इसके लिए इनसे संबंधित संस्थानों को विशेष सरकारी अनुदान की व्यवस्था होनी चाहिए।

लघु और मध्यम उद्योगों में रोजगार सृजन के लिए जो योजनाएं चल रही हैं उनमें भी सुधार की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत इन उद्योगों को बिना गारंटी के आसानी से ऋण दिए जाने का प्रविधान है। ऋण की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये है जिसे बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर देनी चाहिए, आवेदन की प्रक्रिया के सरलीकरण की भी आवश्यकता है। जी राम जी योजना में गरीब परिवारों को वित्त वर्ष में कम से कम 125 दिन का अकुशल रोजगार की गारंटी दी जाती है, काम न मिलने पर भत्ते का भी प्रविधान हो। योजना को और प्रभावशाली बनाने की आवश्यकता है, इसके पहले मनरेगा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। कृषि क्षेत्र में छुपी हुई और मौसमी बेरोजगारी दूर करने के लिए खेती के साथ पशुपालन, मधुमक्खी पालन, बागवानी और खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण एवं केंद्र और राज्य सरकारों के बजट में अधिक अनुदान का प्रविधान होना चाहिए।

## एआइ ने बदला पढ़ाई का एल्गोरिदम



प्रेम प्रकाश
वरिष्ठ पत्रकार

क्या आने वाले वर्षों में विश्वविद्यालयों की डिग्रियां अपनी अहमियत खो देंगी? कुछ समय पहले तक यह सवाल हवाई और बेमानी लगता था, लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) ने शिक्षा और रोजगार की दुनिया का समीकरण बदल दिया है। इंटरनेट ने ज्ञान तक पहुंच आसान बनाई थी, लेकिन एआइ विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम, पढ़ाने के तरीके व भविष्य की कौशल जरूरतों को तेजी से बदल रहा है। डिग्री की जगह अब कौशल, निरंतर सीखने की क्षमता और तकनीक के साथ काम करने की दक्षता केंद्र में आ रही है।

लंबे समय तक विश्वविद्यालयों का उद्देश्य विषयगत ज्ञान देना और डिग्री प्रदान करना था, लेकिन एआइ के दौर में यह माडल तेजी से बदल रहा है। विश्व आर्थिक मंच की फ्यूचर आफ जाब्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार 2030 तक वैश्विक स्तर पर 17 करोड़ नई नौकरियां सृजित होंगी, जबकि लगभग 9.2 करोड़ नौकरियां समाप्त होंगी। यानी शुद्ध रूप से लगभग 7.8 करोड़ नए रोजगार जुड़ेंगे। साथ ही 2030 तक लगभग 59 प्रतिशत कार्यबल को नए कौशल सीखने या अपने कौशल को अद्यतन करने की आवश्यकता होगी। स्पष्ट है कि भविष्य में सबसे बड़ी योग्यता डिग्री नहीं, बल्कि निरंतर सीखने की क्षमता होगी।

रोजगार बाजार भी तेजी से बदल रहा है। लिंक्डइन की वर्क चेंज रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक अधिकांश नौकरियों में आवश्यक लगभग 70 प्रतिशत कौशल बदल जाएंगे, जबकि पिछले दो वर्षों में एआइ से जुड़े करीब 13 लाख नए रोजगार सामने आए हैं। अब केवल तकनीकी विशेषज्ञ ही नहीं, बल्कि विपणन, वित्त, मानव संसाधन और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों के पेशेवरों के लिए भी एआइ साक्षरता एक आवश्यक कौशल बनती जा रही है। इसीलिए दुनिया भर की कंपनियां भर्ती के मानदंड बदल रही हैं। डिग्री अब भी महत्वपूर्ण है, लेकिन उसके साथ व्यावहारिक कौशल, समस्या-समाधान की क्षमता और नई तकनीकों के प्रभावी उपयोग को अधिक महत्व दिया जा रहा है।

भारत के लिए यह बदलाव चुनौती भी है और अवसर भी। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देशों में शामिल भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश तभी आर्थिक शक्ति बनेगा, जब हमारी शिक्षा व्यवस्था एआइ युग के अनुरूप स्वयं को बदले। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, इंडिया एआइ मिशन तथा विद्यालयी और उच्च शिक्षा में एआइ साक्षरता बढ़ाने की पहलें इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सरकारी आकलन है कि 2027 तक देश को 12.5 लाख से अधिक एआइ पेशेवरों की आवश्यकता होगी। यही कारण है कि उद्योग जगत भी भर्ती के पुराने पैमाने बदल रहा है। स्किल्स-फर्स्ट हायरिंग का चलन बढ़ रहा है, जहां डिग्री के साथ व्यावहारिक कौशल, समस्या-समाधान की क्षमता और एआइ साक्षरता को अधिक महत्व दिया जा रहा है। ऐसे में विश्वविद्यालयों को भी स्थिर पाठ्यक्रमों से आगे बढ़कर उद्योग-समर्थित, लचीले और नियमित रूप से अद्यतन होने वाले पाठ्यक्रम विकसित करने होंगे।

भविष्य केवल तकनीक का नहीं, मानवीय क्षमताओं का भी होगा। एआइ सूचना और विश्लेषण दे सकता है, पर रचनात्मकता, नैतिक विवेक, नेतृत्व, सहानुभूति और आलोचनात्मक सोच मनुष्य की सबसे बड़ी ताकत हैं। इसलिए भविष्य का विश्वविद्यालय केवल एआइ का उपयोग करना नहीं, बल्कि उसके साथ बेहतर निर्णय लेना सिखाएगा। अब किसी विश्वविद्यालय की पहचान उसकी इमारतों या रैंकिंग से नहीं, बल्कि इस बात से होगी कि वह अपने छात्रों को बदलती दुनिया के लिए कितना तैयार कर पाता है। इक्कीसवीं सदी की सबसे बड़ी डिग्री किसी संस्थान की नहीं, बल्कि निरंतर सीखते रहने की क्षमता होगी।

खरी-खरी

## लंगोट भली

विनय कुमार पाठक

अब लोग इस बात को लेकर हंगामा मचा रहे हैं कि 22 हजार करोड़ रुपये के ऋण को सिर्फ साढ़े छह करोड़ रुपये लेकर माफ कर दिया गया है। लोग यह क्यों नहीं देखते कि साढ़े छह करोड़ रुपये मिल गए। भागते भूत की लंगोट से ही संतोष करने की परंपरा रही है देश में। कई भूत तो करोड़ों लेकर विदेश में चैन की बंसी बजा रहे हैं। इस मामले में भी यही होता, इससे बेहतर है कि लंगोट से ही संतोष किया जाए। वैसे विदेश में जो बहुत चैन की बंसी बजा रहे हैं, वे इस निपटारा को सरासर मजाक बता रहे हैं। शायद वे चूक गए। औने पौने रकम चुकाकर वे भी आराम से देश में ही रहते। उन्हें क्या शौक था कि निर्वासित जीवन जिएं और लोगों के ताने सुनें।

लोगों को आजकल यह भी शिकायत है कि छोटे किसानों को तो त्रस्त कर दिया जाता है वसूली के लिए। लेकिन सोचने की बात यह है कि जिसपर जोर चलेगा, उसी पर तो जोर करेगा कोई। कहां पांच सात हजार रुपये लोन लेने वाले और कहां 22 हजार करोड़ रुपये लोन लेने वाले। पांच सात हजार करोड़ वाले के ऊपर यदि ऋणदाता जोर जबरदस्ती करेगा तो प्रतिकार में वह क्या कर पाएगा? एक दो लोगों के सामने रोएगा गाएगा यही न?

पर 22 हजार करोड़ वाले तो बहुत कुछ कर सकते हैं। काफी ऊंची पहुंच होती है इनकी। टीवी मीडिया का एक बड़ा हिस्सा इनके बूते ही संचालित होता है। नेता इनके खरीदे हुए सामान ही होते हैं। माननीय न्यायाधीशों के बारे में कुछ कहने का साहस तो कोई नहीं कर सकता। वैसे छन-छन कर किस्से तो बहुत ही बाहर आते हैं, लेकिन कोई खुल कर नहीं बोल पा रहा। हां! मन ही मन भले ही सोच सकता है कि ये भी इनकी क्रय क्षमता से बाहर नहीं हैं।

कानून को छिद्रयुक्त बनाया जाता है या लोग उसमें छेद बना लेते हैं, यह शोध का विषय है, पर उसे छेद से 22 हजार करोड़ रुपये वाले आसानी से बाहर निकल जाते हैं। पांच सात हजार वालों के लिए यह अभेद्य चक्रव्यूह होता है। मीडिया, लेखक, पत्रकार सांप के बिल में जाने के बाद लाठी पीटते रहते हैं, जब तक किसी और सांप के बिल में जाने की खबर नहीं आती।

### पोस्ट

राम मंदिर ट्रस्ट के सीईओ के लिए आपरेशन सिंदूर वाले सैन्य अफसर को खोजकर क्या गजब संदेश दिया संघ परिवार ने। एयर मार्शल जितेंद्र मिश्र की नियुक्ति को हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की जुगलबंदी के रूप में देखा जा सकता है।
डा. नवनीत मिश्रा@navneetmishra99



हम फलाने नंबर की इकोनमी हैं, हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। इस सबकी कोई वैल्यू नहीं है। जब तक लोगों के पास पैसे नहीं पहुंचते हैं, तब तक सब बेकार है। प्रति व्यक्ति आय में हम दुनिया में 140 वें नंबर पर हैं।
मिलिंद खांडेकर@milindkhandekar

एनसीएलटी की पूरी कार्यप्रणाली और कर्जदारों को दिया जा रहा हेयर-कट एक गंभीर मुद्दा है। आज नहीं तो कल यह विस्फोटक रूप धारण कर सकता है। सच यह है कि सरकार का सीधे इन प्रक्रियाओं से कोई लेना-देना नहीं है, परंतु आम आदमी के मस्तिष्क में इन फैसलों से जो धारणाएं बन रही हैं, वह सरकार के सामने कभी भी एक सवाल बनकर खड़ी हो सकती हैं। इसलिए अभी से सावधानी बरतना आवश्यक है।
संजय निरुपम@sanjaynirupam

### जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या सीजेपी के धरने में प्रदर्शनकारियों पर दर्ज एफआइआर वापस लिए जाने का फैसला सही है?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या राम मंदिर ट्रस्ट में सीईओ की नियुक्ति आवश्यक थी?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

### जनपथ

जौहर करना 'छी' हुआ और हलाला 'वाह',
स्वरा भास्कर ने चुनी कितनी सुंदर राह।
कितनी सुंदर राह स्वयं इतिहास न जानें,
लेकिन खुद को आप अनोखा ज्ञानी मानें।
जब आक्रांता आय करें गीता को गौहर,
तब हिम्मत की बात रही थी करना जौहर!
-ओम प्रकाश तिवारी

## 'अंत भला तो सब भला' पर टिकी उम्मीद



धनंजय प्रताप सिंह
डिप्टी पालिटिकल एडिटर (स्टेट), मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश डायरी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सार्वजनिक रूप से कई अवसरों पर बयान, क्रियाकलापों और असहज करने वाले तर्कों से अपनी ही लोकप्रियता पर ग्रहण लगाते रहे हैं। ऐसे मामलों को समेटना कांग्रेस के लिए हमेशा से मुश्किल भरा रहा है और राजनीतिक परिपक्वता पर संदेह घटने का नाम नहीं ले रहा है। दतिया विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जीत से कांग्रेस उत्साहित है और मिशन-2028 की अघोषित शुरुआत राहुल गांधी के आगामी 19 सितंबर के इंदौर दौरे से करना चाहती है। राहुल गांधी 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में 50 हजार (कांग्रेस के अनुसार) जेन-जी युवाओं को संबोधित करेंगे। कांग्रेस इसे सिर्फ छात्रों का ही आयोजन साबित करने के लिए दावा कर रही है कि यह आयोजन झंडा, डंडा और बैनर आदि से मुक्त होगा।

आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश में 1.41 करोड़ से अधिक युवा मतदाता हैं। 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 11,81,747 मतदाता हैं। ऐसे में कांग्रेस की नजर जेन-जी पर दिखाई पड़ती है। कार्यक्रम में 30 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को ही प्रवेश मिलेगा। पेपर लीक, परीक्षा व भर्तियों में अनियमितता, बेरोजगारी, शिक्षा के व्यावसायीकरण सहित अन्य मुद्दों पर संवाद करने के लिए कांग्रेस इसी आयोजन के साथ सभी शहरों, कस्बों, विश्वविद्यालयों, कालेजों और प्रतियोगी परीक्षा केंद्रों पर छात्रों की गूंज अभियान शुरू करेगी। राहुल गांधी के दौरे को विधानसभा चुनाव की तैयारी से जोड़कर देखने की दूसरी वजह यह भी है कि कांग्रेस छात्रों के बहाने जेन-जी पर फोकस तो करेगी ही, साथ ही मालवांचल के धार, रतलाम, खंडवा, आलीराजपुर, झाबुआ जैसे आदिवासी क्षेत्र में भी संदेश देना चाहेगी। यहां जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) का प्रभाव है। आदिवासी समुदाय को अपने पाले में रखने की कांग्रेस और भाजपा के बीच खींचतान हमेशा से रही है, क्योंकि इस समुदाय का लगभग 82 विधानसभा सीटों पर प्रभाव है। उसके रुझान के बिना मध्य प्रदेश में सत्ता की राह कभी आसान नहीं रही। मालवा में किसानों को भी संदेश देने के अनुसार यह आयोजन कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण होगा।



राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जीतू पटवारी। नईदुनिया

इन सभी तथ्यों के बीच कांग्रेस की उम्मीदों और राहुल गांधी की राजनीतिक परिपक्वता पर चर्चा के लिए पिछले मामलों को देखना होगा। नवंबर, 2022 में राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' महू से होते हुए इंदौर पहुंची थी। उम्मीद थी कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में इसका खासा असर पड़ेगा, लेकिन कांग्रेस को बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। वर्ष 2018 में कांग्रेस को 114 सीटें मिली थीं, जबकि वर्ष 2023 में वह 66 पर सिमट गई। जनवरी, 2025 में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाकुंभ को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सवाल उठाया था कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से युवाओं को रोजगार मिल जाएगा, गरीबी दूर हो जाएगी या खाना मिल जाएगा? इसे लेकर कांग्रेस मुश्किल में पड़ गई थी।

जून, 2025 में भोपाल में आयोजित संगठन सृजन अभियान में राहुल गांधी ने अपने ही वरिष्ठ नेताओं पर तल्ख टिप्पणी कर दी थी। उन्होंने युवाओं को तवज्जो देने के फेर में कह दिया था कि जो लंगड़े, बूढ़े और बारात के घोड़े हैं, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाना चाहिए। वैसे तो उनके इस संकेत का कोई प्रभाव पार्टी पर नहीं पड़ा और किसी वरिष्ठ नेता को बाहर का रास्ता नहीं दिखाया गया, लेकिन इस बयान ने कांग्रेस और उसके वरिष्ठ नेताओं की हर तरफ काफी किरकिरी कर दी। पार्टी इस बयान को लेकर इस कदर असहज हुई कि न सफाई देते बनी, न इसे सही ठहराने की कोशिश की गई। दरअसल, राहुल गांधी के साथ मुश्किल यह रहती है कि उनके लिए तैयारी जोर-जोर से की जाती है, संदेश देने के सारे तत्व एकत्र कर लिए जाते हैं, लेकिन अंततः मामला कहीं न कहीं जाकर बिगड़ जाता है।

फिलहाल राहुल गांधी की इंदौर यात्रा की बड़ी तैयारी कांग्रेस कर रही है। उसे उम्मीद है कि जिस तरह पिछले दिनों में छात्रों के साथ संवाद में राहुल गांधी जेन-जी से जुड़ रहे हैं, ऐसी सफलता इंदौर में मिलने से कांग्रेस की स्थिति मजबूत होगी, लेकिन मुश्किल यह है कि वर्तमान में कांग्रेस के संगठन से लेकर जनप्रतिनिधि के स्तर तक जेन-जी को बेहद कम अवसर दिए गए हैं। 40 साल से कम उम्र के गिने-चुने ही जनप्रतिनिधि या पार्टी पदाधिकारी कांग्रेस की तरफ से हैं। ऐसे में युवा वर्ग को कांग्रेस से जोड़ने का संदेश देना और उसे धरातल पर उतारना कांग्रेस के लिए कठिन चुनौती होगी। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस राहुल गांधी के परिपक्व छवि को लेकर भी बेहद संभल कर चल रही है, इसलिए अंत भला तो सब भला की उम्मीद लगाकर ही कांग्रेस बैठी है।

## पांच, दस हजार से सीधा एक लाख...

हिमाचल प्रदेश डायरी



नवनीत शर्मा
राज्य संपादक, हिमाचल प्रदेश

आपको क्या लगता है कि सरकारी सेवाओं के लिए रिश्वत (आगे 'अतिरिक्त पारिश्रमिक' पढ़ें) के लिए एमपी, यूपी जैसे राज्य ही आगे हैं, जहां एक चपरासी के घर से भी नकदी ही नकदी सनसनी पैदा करती रही है? अब हिमाचल प्रदेश में भी अतिरिक्त पारिश्रमिक के लिए ऐसे वर्ग के लोग महत्वाकांक्षी होकर अपनी दरें बढ़ा रहे हैं, जो पहले कम (दो, पांच या दस हजार) में भी संतुष्ट हो जाते थे। प्रदेश के औद्योगिक जिले सोलन में एक पटवारी महोदया को एक लाख रुपये की घूस लेते हुए पकड़ा गया है। इससे पहले कि आगे बढ़ें, अतिरिक्त पारिश्रमिक के संस्थायन की एक सत्य घटना अवश्य देखें।

प्रसंग पुराना है, लेकिन इतना भी पुराना नहीं कि संदर्भ ही सो गए हों। हिमाचल प्रदेश कैडर के एक ईमानदार आइएएस अधिकारी की पत्नी अपनी प्रोफेशनल शिक्षा के कारण लंबे अर्से से प्रैक्टिस कर रही थीं। कुछ समय के बाद अपना भवन बना कर काम को शहर में ही अन्यत्र ले गईं तो कुछ आवश्यक संबद्ध सेवाओं की भी आवश्यकता थी। स्वाभाविक है कि एक सरकारी विभाग की अनुमति अनिवार्य थी। आवश्यक कागजों का काम पूरा हुआ तो एक निरीक्षक साहब दौरा करने आए, ताकि विभाग के 'उच्च अधिकारीगण की सेवा में आवश्यक रिपोर्ट प्रेषित' की जा सके। निरीक्षक महोदय इतने सुलझे हुए और शांत थे कि कहा, 'मैडम! सब ठीक है। बस आप 30 हजार रुपये दे दीजिए!' मैडम ने पूछा कि किस बात के? निरीक्षक महोदय ने अविचलित होते हुए जवाब दिया, "यहां ऐसे ही चलता है मैम, आपके पति चूंकि उच्च अधिकारी रहे हैं इसलिए, आपसे 30 हजार ही ले रहे हैं, अन्यथा सामान्य अनुमति के तो 50 हजार रुपये तय हैं।" उन्होंने इस भ्रष्टाचार को ऊपर तक प्राप्त अघोषित/अलिखित स्वीकृति से पुष्ट आत्मविश्वासी मुस्कान के साथ पुनः कहा, 'ऐसा ही है मैम!'



प्रतीकात्मक

उक्त कथा वह खिड़की खोलती है, जहां से रिश्वत के संस्थायन या अघोषित नियम बन जाने के दृश्य दिखते हैं। हाल में, प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी मंडी में पटवारी और कानूनगो भी दो लाख रुपये की मांग के सिलसिले में धरे जाने पर जूझ रहे हैं। विजिलेंस ब्यूरो की वेबसाइट देखें तो प्राथमिकी दर प्राथमिकी दर्ज है। कहीं भूमि का पंजीकरण होना था, कहीं निशानदेही में जरेब ठीक से चलवानी थी, कहीं इंतकाल चढ़वाना था, कहीं सरकारी सीमेंट को अहसास की तरह पत्थर कर दिया गया तो कहीं सरकारी सीमेंट से स्थानीय जनप्रतिनिधि की दीवारें सशक्त हो गईं। कहीं कागजों पर पौधारोपण, भूमि पर दिखा ही नहीं। कहीं झील के चारों ओर बनाई कंक्रीट की दीवार सरकारी कार्यसंस्कृति का पानी पी लेने से रेत में बदल गई। यह और बात है कि सरकार किसी भी दल की हो, विजिलेंस सरकार के साथ ही होती है और प्रतिपक्ष में कोई भी दल हो, उसे विजिलेंस पर संदेह ही रहता है।

इसके बावजूद यह मानना होगा कि उगाही में लिप्त अधिकारियों-कर्मचारियों पर उसकी निगाह विशेष रूप से रहती है। हिमाचल प्रदेश में उत्तर, मध्य और दक्षिण रेंज में बंटे जिलों में कोई ऐसा नहीं है जिसमें भ्रष्टाचार के मामले दर्ज न हुए हों। यहां तक कि भ्रष्टाचार का प्रदूषण लाहुल स्पीति और किन्नौर जैसे जनजातीय और सांस्कृतिक रूप से स्वस्थ जिलों में भी पहुंच गया है। और यह तब है, जब विजिलेंस की साइट में 2020 से लेकर कहीं 2023 तो कहीं 2024 तक के मामले हैं। वर्ष 2025 और लगभग पौना बीत चुके 2026 के आंकड़े अभी चढ़े नहीं हैं। डिजिटाइजेशन की गति तो बढ़नी चाहिए सर, क्योंकि कागज से पर्दा हटता है तो सब साफ साफ दिखता है।

लोक निर्माण, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, पुलिस के लोग भी पकड़े जाते हैं, लेकिन सामान्य धारणा यह है कि राजस्व विभाग यानी पटवारी, कानूनगो आदि अलग ही बढ़त बनाए हुए हैं। क्या इसका कारण यह है कि 'भारत का आत्मा गांवों में और कृषि आदिक कार्यों में बसता है?' यह जानकार ही बता सकते हैं।

फिर विषय आता है कि दंड कितनों को मिलता है। कोई सटीक आंकड़ा नहीं, लेकिन अनुमान यही है कि दोषसिद्धि दर अधिकतम 10 प्रतिशत रहती है और अतिरिक्त पारिश्रमिक के लिए ऐसा नवोन्मेष और नवाचार करने वाले अधिकारी, कर्मचारी पुनः दनदनाने लगते हैं और खिल्ली उड़ाते हैं कि आखिर किसी ने उनका क्या बिगाड़ लिया। पर ऐसा होता क्यों है? विजिलेंस से जुड़े एक उच्च अधिकारी कहते हैं, 'मामला ही इतना लंबा खिंचता है कि गवाह तब तक पट जाता है, पिघल जाता है... उसे सब भूल जाता है।' अब यहां भ्रष्टाचार के संस्थायन को साथ रख सुदर्शन फाकिर का शेर देखें :

**अपनी नजरों में गुनहगार न होते क्योंकर,**
**दिल ही दुश्मन था मुखालिफ के गवाहों की तरह।**

क्या यह संभव नहीं कि ऐसे विषयों के न्यायाधीन रहने की भी एक अवधि हो...। बहुत अनिवार्य है कि यह सवाल भी ढाल न बनता रहे, 'ऊपर वाले क्या-क्या कर रहे हैं, उन्हें कोई कुछ नहीं कहता, लेकिन हमारी छोटी सी रिश्वत पर सबकी निगाहें रहती हैं।'

### रिलायंस इंडस्ट्रीज ने आइसक्रीम बाजार में कदम रखा

**नई दिल्ली:** रिलायंस इंडस्ट्रीज की एफएमसीजी कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने भारतीय आइसक्रीम बाजार में उतरने का एलान किया है। कंपनी ने बांबे क्रीमरी नाम से अपना नया आइसक्रीम ब्रांड लांच किया है। बांबे क्रीमरी की आइसक्रीम की शुरुआती कीमत 10 रुपये होगी। कंपनी का लक्ष्य अच्छी क्वालिटी की आइसक्रीम को भारतीय परिवारों के लिए किफायती कीमत पर उपलब्ध कराना है। (प्रेट्र)

पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि उम्मीद से बेहतर रही है, लेकिन भू-राजनीतिक तनाव बने रहने, एआइ के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल और अमेरिकी बांड रिटर्न में उतार-चढ़ाव को देखते हुए सरकार को सतर्कता कम नहीं करनी चाहिए।

– उदय कोटक, संस्थापक, कोटक महिंद्रा बैंक



| सेंसेक्स | निफ्टी | सोना प्रति दस ग्राम | चांदी प्रति किलो ग्राम | डालर | क्रूड प्रति बैरल |
|---|---|---|---|---|---|
| 76,570.35 ▼ 373.93 | 23,914.45 ▼ 141.35 | ₹ 1,56,100 ▼ ₹ 2,100 | ₹ 2,35,500 ▼ ₹ 5,000 | ₹ 94.73 ▼ ₹ 0.22 | $ 95.13 |

## एक नजर में

### अपग्रेड ने अनएकेडमी को 20 करोड़ डालर में खरीदा

**नई दिल्ली:** अपग्रेड ने 20 करोड़ से कुछ ज्यादा में अनएकेड्मी का अधिग्रहण कर लिया है। यह कीमत कंपनी की 2021 की सबसे ज्यादा वैल्यूएशन (3.4 अरब डालर) से 94% कम है। यह सौदा शेयर स्वैप के जरिये हुआ है। अपग्रेड के सह संस्थापक रानी स्क्रूवाला ने भी इस सौदे पर खुशी जताई है और उनका मानना है कि दोनों कंपनियों के साथ आने से शिक्षा क्षेत्र में कई बड़े फायदे मिल सकते हैं। अनएकेड्मी की शुरुआत साल 2010 में यूट्यूब चैनल के तौर पर हुई थी। (प्रेट्र)

### डालर के मुकाबले रुपया 22 पैसे बढ़ 94.73 पर बंद

**मुंबई:** बुधवार को रुपया 22 पैसे की बढ़त के साथ 94.73 पर बंद हुआ। यह बढ़त विदेशी पूंजी के भारी प्रवाह की वजह से हुई, जबकि घरेलू शेयर बाजार कमजोर थे और क्रूड की कीमतें भी ऊंची थीं। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.97 पर खुला और दिन के कारोबार में 94.73 के उच्चतम और 94.99 के निचले स्तर तक पहुंचा। मंगलवार को रुपया डालर के मुकाबले 27 पैसे मजबूत होकर 94.95 पर बंद हुआ था। इससे पहले सोमवार और शुक्रवार को भी इसमें क्रमशः 21 पैसे और दो पैसे की बढ़त दर्ज की गई थी। (प्रेट्र)

### एपल के सीईओ को मिलेगा 5.8 करोड़ डालर का पैकेज

**नई दिल्ली:** एपल के नए सीईओ जान टर्नस को वेतन और अन्य मदों के तहत वित्त वर्ष 2027 में लगभग 5.8 करोड़ डालर का पैकेज मिलेगा। वहीं पूर्ववर्ती सीईओ टिम कुक को एक्जीक्यूटिव चेयरमैन के तौर पर अपनी नई भूमिका के लिए 4.7 अरब डालर सालाना मिलेंगे। टर्नस को 30 लाख डालर बेसिक सैलरी और 5.5 करोड़ डालर की टारगेट वैल्यू वाला स्टाक अवार्ड मिलेगा। उन्हें वित्त वर्ष 2026 (जो सितंबर में खत्म होगा) के लिए लगभग 25 लाख डालर का प्रो-रेटेड रिस्ट्रिक्टेड स्टाक यूनिट अवार्ड भी मिलेगा। (आइएएनएस)

# जीडीपी आंकड़ों में हेराफेरी को सरकार ने नकारा

## कहा-इन्हें तैयार करते समय अर्थव्यवस्था आकलन के सर्वमान्य तरीकों का इस्तेमाल किया गया

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने जीडीपी आंकड़ों को लेकर उठे सवालों का जवाब देते हुए कहा कि इन्हें तैयार करते समय अर्थव्यवस्था आकलन के सर्वमान्य तरीकों का इस्तेमाल किया गया है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने 2026-27 की पहली तिमाही में आर्थिक विकास दर के 7.8 प्रतिशत रहने को बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा था कि निराशा फैलाने वाले लोग गलत साबित हुए हैं। उक्त आंकड़ों पर पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सवाल उठाए और उसके बाद पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने आरोप लगाया कि पिछले साल के आंकड़ों को घटाकर वर्तमान वृद्धि दर बढ़ाकर दिखाई गई है और असल वृद्धि करीब 2.5 प्रतिशत है।

इंटरनेट मीडिया पर इस बारे में काफी चर्चा होते देख वित्त मंत्रालय ने जीडीपी डाटा संकलन से जुड़े सारे आंकड़ों को सामने रखा। मंत्रालय ने कहा कि पिछले साल की पहली तिमाही की मौजूदा कीमतों पर जीडीपी पहले 86.05 लाख करोड़ रुपये आंकी गई थी। यह आंकड़ा पुरानी 2011-12 सीरीज का था। फरवरी 2026 में 2022-23 आधर वर्ष सीरीज लागू हुई। नई पद्धति, बेहतर डेटा और संशोधित कवरेज के कारण वही आंकड़ा घटकर 80.32 लाख करोड़ रुपये रह गया। बाद में औद्योगिक उत्पादन से जुड़े नए आंकड़े शामिल करने पर जीडीपी का आकार उक्त तिमाही में 80 लाख करोड़ रुपये हो गया। मंत्रालय के अनुसार यह जानबूझकर की गई कटौती नहीं, बल्कि सीरीज संशोधन का परिणाम है। पुरानी और नई सीरीज के आंकड़ों की सीधी तुलना सही नहीं है। मंत्रालय ने आगे कहा है कि 2011-12 सीरीज का 86.05 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा नई 2022-23 सीरीज के मौजूदा आंकड़ों से सीधे नहीं जोड़ा जा सकता। वृद्धि दर हमेशा एक ही और नई सीरीज के आंकड़ों से निकाली जाती है। इसलिए वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के 88.27 लाख करोड़ रुपये की तुलना पुराने 86.05 लाख करोड़ से नहीं, बल्कि नई सीरीज में संशोधित राशि से होनी चाहिए।




नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार और 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पानगढ़िया ने भी 7.8 प्रतिशत की विकास दर पर उठे सवालों को खारिज किया

**7.8** प्रतिशत रही पहली तिमाही में वृद्धि दर, पीएम ने बताया था बड़ी उपलब्धि

### वृद्धि पर सवाल उठाना गलत : एसबीआइ

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** एसबीआइ ने अपनी रिपोर्ट में जीडीपी आंकड़ों की आलोचना को खारिज करते हुए कहा है कि वृद्धि दर पर सवाल उठाने के लिए जिन तुलनाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है, वे अलग-अलग सांख्यिकीय सीरीज पर आधारित हैं। रिपोर्ट में लगभग 2.6 प्रतिशत की बहुत कम नामिनल वृद्धि दर निकालने की कोशिशों को गलत बताया गया है और कहा गया है कि ऐसी गणनाएं दो अलग-अलग आधार वर्ष से लिए गए जीडीपी अनुमानों की तुलना करती है। पहली तिमाही में रियल टर्म्स जीडीपी (महंगाई शामिल नहीं होती) साल-दर-साल 7.8 प्रतिशत और नामिनल टर्म्स जीडीपी (महंगाई शामिल होती है) 10.3 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ विशेषज्ञों ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के आंकड़ों की तुलना गलत तरीके से पिछले साल की समान अवधि से की है। संशोधित आधार वर्ष का प्रयोग करके तुलना करने पर नामिनल जीडीपी 9.7% होगी, जो 10.3% के अनुमान के अनुरूप है।

SBI | Research

### तेज आर्थिक वृद्धि एक सच्चाई है : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आलोचक जो चाहें कह सकते हैं, लेकिन 7.8% की तेज आर्थिक वृद्धि एक सच्चाई है। जब मैं टीवी पर कुछ नेताओं को देखता हूं और उनमें पूर्व वित्त सचिव या पूर्व आरबीआइ गवर्नर भी हैं तो उन्हें यह नहीं पता कि समान चीजों की तुलना कैसे होती है। वे पुरानी सीरीज की वृद्धि दर की तुलना नई से कर रहे हैं जबकि आधार वर्ष ही बदल गया है। ये भारत के लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

# बैंकों ने अनिवासी भारतीयों से जुटाए 127 अरब डालर : आरबीआइ

**मुंबई, प्रेट्र:** आरबीआइ की विशेष डालर-रुपया विदेशी मुद्रा अदला-बदली सुविधा के तहत भारत ने 127.23 अरब डालर की विदेश मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर-बी) जमा राशि जुटाई है। अनिवासी भारतीयों ने इस योजना के प्रति रुचि दिखाई, जिससे योजना को समय से एक महीने पहले 31 अगस्त को बंद कर दिया गया। आरबीआइ ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता के बीच देश की बाह्य क्षेत्र की स्थिति मजबूत करने और विदेशी मुद्रा नकदी बनाए रखने के प्रयासों के तहत आठ जून को इन उपायों का एलान किया था।

इन उपायों से देश में विदेशी मुद्रा का प्रवाह तेजी से बढ़ा और 31 अगस्त तक कुल 136.377 अरब डालर का प्रवाह हुआ। केवल विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक), यानी एफसीएनआर (बी) जमा से 127.226 अरब डालर से अधिक जुटाए गए। एफसीएनआर (बी) योजना के तहत बैंकों ने विदेशी मुद्रा जमा जुटाने के लिए आकर्षक ब्याज दरों की पेशकश की थी। एफसीएनआर (बी) जमा विदेशी मुद्रा में रखी जाने वाली सावधि जमा होती हैं। इसमें मूलधन और ब्याज, दोनों का भुगतान उसी विदेशी मुद्रा में किया जाता है, जिसमें जमा रखी गई होती है। विदेश से विदेशी मुद्रा में उधारी से 5.26 अरब डालर और बाह्य वाणिज्यिक उधारी से 3.891 अरब डालर का प्रवाह हुआ। इससे कुल प्रवाह 136.377 अरब डालर से अधिक रहा। बाह्य वाणिज्यिक उधारी और विदेश से विदेशी मुद्रा में कर्ज के लिए अदला-बदली योजना पहले की तरह 31 दिसंबर, 2026 तक खुली रहेगी।




केंद्रीय बैंक ने आठ जून को इस योजना का किया था एलान, स्कीम को मिले अच्छे समर्थन के चलते एक महीने पहले किया बंद

# सोने के आयात में 47% की वृद्धि, सबसे अधिक यूएई से

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** सोने के बढ़ते आयात को दुबई कनेक्शन से जोड़कर देखा जा रहा है और इसकी समीक्षा की मांग की जा रही है। इसकी वजह यह है कि सोने का आयात मुख्य रूप से दुबई से ही बढ़ रहा है जबकि दुनिया के अन्य हिस्सों से होने वाले आयात में कमी आ रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से सोना नहीं खरीदने की अपील के बावजूद चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में सोने के आयात में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 32.41 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। चालू वित्त की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में तो सोने के आयात में 47 प्रतिशत का इजाफा रहा। जबकि सरकार ने मई में आयात शुल्क को छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया। इस साल अप्रैल-जुलाई में 15.17 अरब डालर मूल्य के सोने का आयात किया गया। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के मुताबिक इस साल अप्रैल-जून में सोने की छड़ या बिस्कुट के आयात में 47.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। इस अवधि में 11 अरब डालर की छड़ का आयात किया गया जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह आयात 7.5 अरब डालर का था। जून में दुबई से होने वाले सोने के आयात में 175 प्रतिशत का इजाफा हुआ।



मुख्य रूप से दुबई से बढ़ रहा आयात, दुनिया के अन्य हिस्सों से आ रही कमी

### आठ प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि हासिल कर सकता है भारत : बंगा

**एशविले, आइएएनएस:** विश्व बैंक के प्रेसिडेंट अजय बंगा ने कहा है कि भारत में मौजूदा सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से भी आगे बढ़ने की क्षमता है। उन्होंने ऊर्जा दबाव, व्यापार से जुड़ी अनिश्चितता और अल नीनो के असर के बावजूद देश के हालिया आर्थिक प्रदर्शन को मजबूत बताया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्यों को हासिल करने की यात्रा घरेलू विकास और वैश्विक अर्थव्यवस्था में उसकी हैसियत पर निर्भर करेगी।

जी-20 वित्त मंत्रियों की बैठक के दौरान बंगा ने एक साक्षात्कार में कहा कि वृद्धि के हालिया आंकड़े भारत की इकोनमी की मजबूती को दिखाते हैं। हमारा फोकस सिर्फ एक तिमाही से आगे बढ़कर वृद्धि को युवाओं के लिए रोजगार और मौकों में बदलने पर होना चाहिए।

# एक दिन में कच्चा तेल पांच प्रतिशत महंगा

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** ईरान पर अमेरिका के ताजा हमले से कच्चे तेल की कीमत का रुख एक बार फिर से तेज दिख रहा है। सिर्फ एक दिन में ब्रेंट क्रूड की कीमत पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 95 डालर प्रति बैरल के पास पहुंच गई जो पिछले चार सप्ताह में सबसे अधिक है। कच्चे तेल में तेजी जारी रही तो सितंबर की खुदरा महंगाई दर पांच प्रतिशत को पार कर जाएगी। इससे त्योहारी सीजन की बिक्री प्रभावित हो सकती है।

देश में त्योहार के दौरान सबसे अधिक इलेक्ट्रानिक्स वस्तुएं, कपड़े, बर्तन और वाहनों की खरीदारी होती है। पेट्रोलियम से प्लास्टिक, केमिकल्स, सिंथेटिक्स फाइबर समेत कई औद्योगिक कच्चे माल भी बनते हैं। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से ये सारे कच्चे माल महंगे होंगे जिससे अंतिम उत्पाद की कीमत प्रभावित होगी। क्रूड की कीमत में 10 डालर प्रति बैरल की वृद्धि से देश की खुदरा महंगाई दर में 0.5 प्रतिशत का इजाफा हो जाता है। पिछले सप्ताह ब्रेंट क्रूड की कीमत 87 डालर प्रति बैरल के आसपास थी। महंगाई दर बढ़ने से खरीदारी का माहौल प्रभावित होगा।




- 95 डालर प्रति बैरल के पास पहुंचा क्रूड, यह चार सप्ताह में सबसे अधिक कीमत
- कच्चे तेल के दाम में वृद्धि से सितंबर में मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत को कर सकती है पार

### रेपो रेट में इजाफा कर सकता है आरबीआइ

जानकारों का कहना है कि अक्टूबर में आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति की बैठक होगी और इससे पहले अगस्त और सितंबर की महंगाई दर आ जाएगी। अगर इन दोनों महीनों में खुदरा महंगाई बढ़ती है और यह 5.5% के पार हो जाती है तो आरबीआइ रेपो रेट में इजाफा कर सकता है। इससे लोन महंगा हो जाएगा और सभी प्रकार की खरीदारी पर असर पड़ेगा। 50 प्रतिशत से अधिक इलेक्ट्रानिक्स सामान लोन लेकर खरीदे जाते हैं।

### चांदी 5,000 रुपये लुढ़की सोना भी 2,100 सस्ता

वैश्विक बाजार में गिरावट से बुधवार को सोना 2,100 रुपये गिरकर 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। यह तीन सप्ताह का निचला स्तर है। 14 अगस्त को इसका भाव 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमतों में भी दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई और यह 5,000 रुपये लुढ़ककर दो सप्ताह के निचले स्तर 2,35,500 रुपये प्रति किलो पर आ गई। उधर, क्रूड की ऊंची कीमत के चलते बीएसई सेंसेक्स 373.93 अंक टूटकर 76,570.35 अंक पर बंद हुआ।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## अंतरराष्ट्रीय

# अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरान ने ड्रोन-मिसाइलों से किया हमला

- ईरान ने जार्डन, बहरीन, इराक और कुवैत में अमेरिकी ठिकानों पर किए हमले
- अमेरिकी सेना ने आइआरजीसी के रडार सिस्टम, वायु रक्षा को बनाया निशाना
- ईरान ने वाशिंगटन पर एक विवाह समारोह को निशाना बनाने का आरोप लगाया



संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर ईरान द्वारा ड्रोन से किया गया हमला। एएफपी

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया एक बार फिर ड्रोन-मिसाइल हमलों और बम धमाकों से दहल रहा है। जुलाई के आखिर में अमेरिका और ईरान के बीच थमी जंग फिर भड़क गई है। अमेरिका ने लगातार दूसरे दिन होर्मुज स्ट्रेट में ईरान के ठिकानों पर हमले किए। होर्मुज के उत्तरी हिस्से में ईरान के केशम द्वीप, पोर्ट सिटी बंदर अब्बास और चाबहार बंदरगाह पर धमाके हुए। जबकि इसके जवाब में ईरान ने जार्डन, बहरीन, इराक और कुवैत में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए। अमेरिका ने और भीषण हमलों की धमकी दी है, जबकि तेहरान ने वाशिंगटन पर एक विवाह समारोह को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, जिसमें पांच लोग मारे गए और कई घायल हुए। इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट पर अमेरिका का लगभग पूरा नियंत्रण हो गया है।

रायटर के अनुसार, अमेरिकी सेना ने कहा कि ईरान में इस्लामिक रिवोल्यूशरी गार्ड कोर (आइआरजीसी) के रडार सिस्टम, वायु रक्षा, बारूदी सुरंग बिछाने की क्षमता और संचार स्थलों पर हमले किए गए। जबकि ईरान ने भी होर्मुज स्ट्रेट के आसपास कई लक्ष्यों पर हमले की सूचना दी है। होर्मुज के समीप सिरिक काउंटी में नगरपालिका के एक कर्मचारी महमूद ने कहा, "पिछली रात ऐसा लग रहा था कि दुनिया खत्म होने वाली है।" इधर, अमेरिका के ताजा हमलों के जवाब में ईरान ने भी हमले किए। ईरानी सेना ने कहा कि उसने बहरीन, जार्डन, कुवैत और इराक में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया, जबकि कुवैत में अमेरिकी सेना के अली अल सालेम एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया। ईरानी सेना ने कहा कि अब उसका लक्ष्य पश्चिम एशिया में दशकों से सैन्य अड्डों पर कब्जा किए अमेरिकी बलों को बाहर निकालना है। ईरान ने अमेरिकी हमलों में 12 लोगों के मारे जाने की सूचना दी है। इसमें से पांच लोग एक विवाह समारोह पर हुए हमले में मारे गए। जार्डन की सेना ने बताया कि 13 मिसाइलों से हमले किए गए, जिनमें से 10 को मार गिराया गया। इधर, क्षेत्र में फिर युद्ध शुरू होने से होर्मुज से जहाजों की आवाजाही लगभग थम गई है। मंगलवार को केवल चार जहाज इस महत्वपूर्ण जलमार्ग से गुजरे, जबकि एक दिन पहले दस जहाज गुजरे थे। क्षेत्र में फिर जंग छिड़ने से कच्चे तेल की कीमत में उछाल भी आई है। वहीं क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ईरान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो रही है।

### थाईलैंड पहुंचा अमेरिकी विमानवाहक पोत

रायटर के अनुसार, पश्चिम एशिया में ईरान पर हमले और उसकी नाकेबंदी में शामिल रहे अमेरिकी विमानवाहक पोत अब्राहम लिंकन बुधवार को थाईलैंड पहुंचा। इसने समुद्र में 286 दिन गुजारने के बाद थाईलैंड के लैम चाबांग बंदरगाह पर लंगर डाला है। इस विशाल पोत पर करीब पांच हजार नौसैनिक है, जिनकी पश्चिम एशिया में लंबे समय तक तैनाती रही।

# ईरान को सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें विकसित करने में रूस कर रहा मदद

- सी430एल कोडनेम वाला यह प्रोग्राम 2023 में शुरू हुआ था
- रैमजेट प्रोपल्शन सिस्टम बनाने में मदद करना इसका मकसद

**लंदन, एएनआइ:** रूस गुप्त रूप से ईरान को अत्याधुनिक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें बनाने में मदद कर रहा है। इसे मास्को से तेहरान तक रणनीतिक मिलिट्री टेक्नोलाजी के सबसे अहम ट्रांसफर में से एक माना जा रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, सी430एल कोडनेम वाला यह प्रोग्राम 2023 में शुरू हुआ था और इसमें रूस के कुछ सबसे अनुभवी मिसाइल विशेषज्ञ शामिल हैं। इस प्रोग्राम का मकसद ईरान को रैमजेट प्रोपल्शन सिस्टम बनाने में मदद करना है, जिससे क्रूज मिसाइलें आवाज की गति से कई गुना तेजी से चल सकेंगी।

रूस के लीक हुए कम्युनिकेशन, यात्रा के रिकार्ड और मिलिट्री पेटेंट के विश्लेषण पर आधारित इस रिपोर्ट से पता चला है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल संघर्ष के दौरान भी यह प्रोग्राम जारी रहा। ईरानी मिसाइलों के विशेषज्ञ फैबियन हिंज ने फाइनेंशियल टाइम्स को बताया, "यह रूस से बेहद रणनीतिक और संवेदनशील मिलिट्री टेक्नोलाजी का ट्रांसफर है, जिसे ईरानी दशकों से हासिल करना चाहते थे।" रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान पहले ही रैमजेट प्रोपल्शन सिस्टम बना चुका है और उसकी फ्लाइट टेस्टिंग भी कर चुका है।

हालांकि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि रूस की मदद से बनी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को तैनात किया गया है। सीआइए में रहे ईरान मामलों के पूर्व मिलिट्री एनालिस्ट जिम लैमसन ने बताया, "ईरान के लिए यह एक ऐसा नया और अहम स्ट्रैटेजिक हथियार सिस्टम होगा, जो अमेरिकी नौसेना के जहाजों के लिए खतरा बन सकता है।" वहीं अमेरिका और ईरान के बीच जंग लगातार जारी है।

### एससीओ ने लाहौर को 'पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी' नामित किया

**इस्लामाबाद, प्रेट्र :** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ने वर्ष 2026-27 के लिए पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी के रूप में पाकिस्तान का सांस्कृतिक केंद्र अब लाहौर को नामित किया है। यह निर्णय किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एससीओ के प्रमुखों की 26वीं बैठक में घोषित किया गया, जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी शामिल हुए।

पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के अनुसार, पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी का यह शीर्षक 2022 से एससीओ सदस्य देशों के बीच वार्षिक रूप से घुमाया जा रहा है और इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देना है। साथ ही उस देश की सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करना है जो संगठन की परिवर्तनशील अध्यक्षता का संचालन कर रहा है। पाकिस्तान ने इस वर्ष एससीओ की अध्यक्षता ग्रहण की है।

# यूएस में बच्चों के पासपोर्ट के लिए माता-पिता को देना पड़ सकता है नागरिकता का साक्ष्य

- ट्रंप की जन्मजात नागरिकता को सीमित करने के प्रयास का हिस्सा
- अगर यह लागू होता है, तो बड़ी संख्या में भारतीय भी होंगे प्रभावित

**वाशिंगटन, रायटर :** अमेरिका में बच्चों का पासपोर्ट बनवाने के लिए माता-पिता को अपनी नागरिकता का साक्ष्य देना पड़ सकता है। दरअसल, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रस्तावित नियम के अनुसार, जो माता-पिता अपने बच्चों के लिए पासपोर्ट के लिए आवेदन करेंगे, उन्हें अपनी नागरिकता या इमिग्रेशन स्टेटस का सबूत देना होगा। इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जन्मजात नागरिकता को सीमित करने की हालिया कोशिश का हिस्सा माना जा रहा है। इससे बड़ी संख्या में भारतीय भी प्रभावित होंगे।

इस ड्राफ्ट गाइडेंस में पहली बार विस्तार से बताया गया है कि विदेश विभाग ट्रंप के छह अगस्त के उस कार्यकारी आदेश को कैसे लागू कर सकता है, जिसमें 'बर्थ टूरिज्म' को निशाना बनाया गया है और जन्म के अधिकार से नागरिकता के पुराने अपवादों का दायरा बढ़ाया गया है।

**लागू होने पर क्या बदलाव आएंगे:** अगर इसे लागू किया जाता है, तो प्रस्ताव के तहत सभी माता-पिता या कानूनी अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए पासपोर्ट एप्लीकेशन जमा करते समय अपनी नागरिकता का सबूत (जैसे वैध अमेरिकी पासपोर्ट या जन्म प्रमाण पत्र) या इमिग्रेशन स्टेटस का सबूत (जैसे आइ-94 फार्म या स्थायी निवास कार्ड) देना होगा। सरकार इस जानकारी का इस्तेमाल यह तय करने के लिए करेगी कि क्या बच्चा नए आदेश के तहत नागरिकता के लिए योग्य है।

**वर्तमान में क्या व्यवस्था:** अभी, जिन माता-पिता के बच्चे अमेरिका में पैदा हुए हैं, उन्हें इस प्रक्रिया के दौरान सिर्फ अपने माता-पिता होने का सबूत और फोटो वाला पहचान पत्र दिखाना होता है। उनसे एप्लीकेशन फार्म पर एक बाक्स पर टिक करने के लिए भी कहा जाता है जिसमें यह बताया जाता है कि क्या वे अमेरिकी नागरिक हैं, लेकिन उन्हें इसके समर्थन में कोई दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं होती।

**भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए ग्रीन कार्ड का इंतजार 179 साल तक बढ़ा:** हालिया आकलन के अनुसार, अमेरिका में ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने वाले भारतीय प्रोफेशनल्स को अनुमानित 179 साल तक इंतजार करना पड़ सकता है।



प्रतीकात्मक

# यूरोप-रूस में बढ़ा तनाव, लीपजिग एयरपोर्ट पर ड्रोन हमले के प्रयास के लिए मास्को को जिम्मेदार ठहराया

- जर्मनी ने कहा, हाइब्रिड हमलों से राजनीतिक मकसद पूरा नहीं होगा
- यूरोपीय संघ के सदस्यों ने रूस पर नए प्रतिबंधों की मांग की है

**फ्रैंकफर्ट, रायटर :** रूस और यूरोप के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। दरअसल, पिछले महीने लीपजिग/हैल एयरपोर्ट पर ड्रोन हमले की कोशिश के लिए जर्मनी ने रूस को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, रूस ने अपना हाथ होने से इन्कार किया है और कहा है कि वह रूस विरोधी किसी भी कार्रवाई का जवाब देगा। इस मुद्दे पर बुधवार को यूरोपीय संघ के सदस्यों ने रूस पर नए प्रतिबंधों की मांग की। पिछले महीने एयरपोर्ट के कर्मचारियों को वहां विस्फोटक और डेटोनेटर से लदा एक ड्रोन मिला था। यह एयरपोर्ट पूर्वी जर्मनी में अहम सिविलियन फ्रेट और नाटो लाजिस्टिक्स हब है। साथ ही यूक्रेन के कई विशाल एंटोनोव एएन-124 कार्गो विमानों का बेस भी है।

इस बीच, जर्मनी के प्रवक्ता ने कहा कि बर्लिन ने ड्रोन घटना के बाद जर्मनी के जवाबी कदमों पर रूस की प्रतिक्रिया के लिए तैयारी कर ली है। प्रवक्ता ने कहा, "हमारा मानना है कि क्रेमलिन हमारे संदेश को अच्छी तरह समझ गया है।

इन हाइब्रिड हमलों से उनका राजनीतिक मकसद पूरा नहीं होगा।" जर्मन पुलिस बुधवार को बिजली ग्रिड को नुकसान पहुंचाने की दूसरी कोशिश की भी जांच कर रही है। वहीं, जर्मनी में बुधवार तड़के आग्सबर्ग में एक रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात चीज में धमाका हुआ, जिसमें दो लोग घायल हो गए। दोनों घायल यूक्रेनी नागरिक थे। कुछ घंटों बाद, शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर एक और संदिग्ध चीज मिलने के बाद उसे बंद कर दिया गया।



कीव में बुधवार को रूस के हमले से एक गोदाम में लगी आग। एएफपी

### भारतवंशी ब्रिटिश एयरवेज का केबिन क्रू मैनेजर यौन उत्पीड़न का दोषी करार

**लंदन, प्रेट्र:** ब्रिटेन में भारतीय मूल के ब्रिटिश एयरवेज के केबिन क्रू मैनेजर को अपने घर पर महिला सहकर्मी का यौन उत्पीड़न करने के मामले में दोषी ठहराया गया है। नौ दिन तक चले ट्रायल के बाद मंगलवार को रीडिंग क्राउन कोर्ट ने अमरदीप 'अमो' धारीवाल को यौन उत्पीड़न के एक मामले में दोषी पाया। थेम्स वैली पुलिस ने बताया कि पूर्व फ्लाइट मैनेजर को कड़ी शर्तों के साथ कोर्ट से जमानत मिल गई है और 29 अक्टूबर को उसी कोर्ट में उन्हें सजा सुनाई जाएगी। जांच अधिकारी क्लेयर हिकमैन ने कहा, "मैं पीड़िता की हिम्मत की तारीफ करना चाहती हूं कि वह इस अपराध की रिपोर्ट करने के लिए आगे आईं और जांच व कोर्ट की पूरी प्रक्रिया के दौरान डटी रहीं।" 11 सदस्यों की जूरी ने सर्वसम्मति से यह निष्कर्ष निकाला कि धारीवाल चार साल से भी पहले हुए इस अपराध के दोषी हैं। जबके पिछले साल ट्रायल का नतीजा 'हंग जूरी' था।

नई दिल्ली



कल्पमेधा

*समझदार और धैर्यवान बनने की जरूरत है, प्रतिशोधी और द्वेषी होकर जीने के लिए जीवन बहुत ही छोटा है।*
*– फिलिप्स ब्रुक्स*

# भ्रष्टाचार की बाधा

किसी भी लोकतांत्रिक और विकासशील देश के लिए भ्रष्टाचार एक गंभीर चुनौती है। जब सार्वजनिक पद और संस्थाओं का उपयोग निजी लाभ के लिए होता है, तो वह व्यवस्था को पंगु बना देता है। भ्रष्टाचार के कई रूप हैं, जिनमें घूसखोरी, धन की हेराफेरी, सरकारी कार्यों में अनियमितता, भाई-भतीजावाद और चंद लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों में बदलाव भी शामिल हैं। देश ने आर्थिक और तकनीकी क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन भ्रष्टाचार आज भी विकास की राह में बड़ी बाधा बना हुआ है। केंद्रीय सतर्कता आयोग की वर्ष 2025 की रिपोर्ट भी इसकी तस्दीक करती है। इसके मुताबिक, पिछले साल आयोग को सरकारी संस्थाओं के खिलाफ भ्रष्टाचार की 70 हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें सबसे ज्यादा शिकायतें बैंक और रेलवे से जुड़ी थीं। ये आंकड़े सरकार के उन दावों की हकीकत बयान करते हैं, जिनमें कहा जाता है कि भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर अमल किया जा रहा है। ऐसे में सवाल सिर्फ विकास के बाधित होने या सरकारी धन के दुरुपयोग का ही नहीं है, बल्कि सरकार पर जनता के भरोसे को लेकर बढ़ते संकट का भी है।

भ्रष्टाचार की समस्या केवल कुछ सरकारी कार्यालयों तक सीमित नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, विनिर्माण, राजस्व, खनन और व्यापार जैसे अनेक क्षेत्रों में इसके अलग-अलग रूप दिखाई देते हैं। इस कारण आम नागरिक को कई बार अपने जरूरी कार्यों के लिए भी अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि, सरकारी सेवाओं को डिजिटल और सरल बनाने पर जोर दिया जा रहा है, मगर ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव आज भी साफ नजर आता है और यही भ्रष्टाचार के खात्मे में सबसे बड़ी रुकावट है। केंद्रीय सतर्कता आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल देश के विभिन्न बैंकों में भ्रष्टाचार से जुड़ी सबसे अधिक 9,933 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 9,520 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। इसी तरह रेलवे से संबंधित 9,381 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 8,754 शिकायतों का निपटारा किया गया। तीसरे स्थान पर आवास और शहरी मामलों का विभाग है, जिसकी 6,531 शिकायतें आयोग के पास दर्ज हुईं। ये तीनों सरकारी महकमे ऐसे हैं, जिनसे आम लोगों का सबसे ज्यादा सरोकार रहता है।

भ्रष्टाचार की दीमक किस तरह फैल रही है, यह अब कोई छिपी बात नहीं है। व्यक्तिगत स्तर पर ईमानदारी और नैतिक मूल्यों में गिरावट तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जटिलता, कमजोर निगरानी और दोषियों को समय पर सजा न मिलने से भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। राजनीतिक और चुनावी व्यवस्था में बड़े पैमाने पर धन की भूमिका इस समस्या को गंभीर बनाती है। इसका सबसे अधिक नुकसान गरीब और कमजोर वर्ग को उठाना पड़ता है। जिसके पास पैसा या प्रभाव नहीं होता, उसके लिए सरकारी योजनाओं और सुविधाओं तक पहुंच कठिन हो जाती है। परिणामस्वरूप गरीबी, असमानता और सामाजिक असंतोष बढ़ते हैं। ऐसे में भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के सरकार के दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जाहिर है, सरकार की ओर से जनता को विकास और सुशासन की वह तस्वीर दिखाने की कोशिश की जाती है, जिसकी सच्चाई दावों की चमक में दफन हो जाती है। याद रखना होगा कि भ्रष्टाचार तभी खत्म होगा, जब व्यवस्था पारदर्शी होगी, संस्थाएं और नौकरशाह जवाबदेह होंगे और ईमानदारी को व्यवहार में उतारा जाएगा।

# दाम बेलगाम

देश में बढ़ती महंगाई आज आम आदमी के जीवन से जुड़ी सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से न केवल लोगों की क्रयशक्ति कम हो रही है, बल्कि सीमित आय में खर्च बढ़ने से घरेलू बजट का संतुलन भी बिगड़ रहा है। यह विचित्र बात है कि एक तरफ सरकार की ओर से विकास दर के चमचमाते आंकड़े दिखाए जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ आम लोगों की जेब ढीली होती जा रही है। पहले चीनी महंगी हुई, फिर सीएनजी के दाम बढ़े और अब व्यावसायिक रसोई गैस सिलेंडर के दाम में साढ़े नौ रुपए तथा विमान ईंधन की कीमतों में 5.46 फीसद की बढ़ोतरी की गई। जाहिर है कि इससे भोजन की थाली और हवाई यात्रा का महंगा होना तय है। सवाल है कि जब आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, तो फिर महंगाई को नियंत्रण में रखने के सरकार के दावों का क्या मतलब रह जाता है? क्या सरकार ने बाजार को पूरी तरह खुला छोड़ दिया है, ताकि वह मनमाने तरीके से कीमतें तय कर सके!

त्योहारों से पहले खुदरा महंगाई जिस तरह बढ़ी है, वह वास्तव में चिंता का विषय है। पिछले दिनों चीनी और प्याज के दाम बढ़ने का असर हर वर्ग पर पड़ा है। रसोई में इस्तेमाल होने वाली हर चीज अब महंगी हो चुकी है। वहीं, सरकारी आंकड़ों में कहा गया है कि सकल घरेलू उत्पाद में अनुमान से कहीं अधिक वृद्धि हुई है। इसके लिए सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है, लेकिन सवाल है कि इस वृद्धि को दर्ज करते समय महंगाई के आंकड़ों पर गौर क्यों नहीं किया गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हाल में सीएनजी के दाम तीन रुपए नवासी पैसे बढ़ाए गए थे, जबकि मुंबई में दो रुपए बढ़ाए गए हैं। साफ है कि आम लोगों को अब आटो-टैक्सी का अधिक किराया देना पड़ सकता है। कुछ समय पूर्व दिल्ली में दूध के दाम बढ़े थे, अब मुंबई में इसकी कीमतें बढ़ाई गई हैं। सरकार को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि आर्थिक प्रगति का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब वस्तुओं की कीमतों को भी नियंत्रण में रखा जाएगा।

# बाघ संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा



**बाघ पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन की महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं। पिछले करीब डेढ़ दशक में देश में बाघों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, मगर इनके संरक्षण को लेकर चुनौतियां कम नहीं हुई हैं।**

**चेतनादित्य आलोक**

देश में बाघों के संरक्षण को लेकर सरकार की ओर से कई कार्यक्रम और योजनाएं शुरू की गई हैं, लेकिन धरातल पर इनका असर अपेक्षा के अनुरूप देखने को नहीं मिल रहा है। इसका एक कारण इस वन्य प्राणी को लेकर मानव समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण का अभाव है। जबकि सच तो यह है कि बाघ हमारे पर्यावरण और प्रकृति के लिए ही नहीं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व के लिए भी उपयोगी हैं। ये जीव पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन की एक महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं, क्योंकि आहार जगत में इन्हें शिकारी के रूप में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। जंगल में इनका भोजन भंडार सबसे बड़ा होता है। इसलिए स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में इनकी अहम भूमिका होती है। ऐसे में यदि कभी इस पृथ्वी से बाघ समाप्त हो जाएं, तो इससे पूरा पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में पड़ जाएगा। बाघों की अनुपस्थिति में शाकाहारी प्राणियों की आबादी बढ़ जाएगी और आहार चक्र में असंतुलन पैदा होगा। जाहिर है, शाकाहारियों की अधिकता से वनस्पति का नुकसान होगा, जिससे प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

वन्य जीव विशेषज्ञों के मुताबिक, एक हिरण को सर्दियों के मौसम में भोजन के लिए औसतन प्रतिदिन 2.3 किलोग्राम वनस्पति की आवश्यकता होती है। वहीं, गर्मियों में इसकी मात्रा दोगुनी हो जाती है। कुल मिलाकर एक हिरण को एक वर्ष में वनस्पतियों से युक्त एक हजार किलोग्राम से अधिक भोजन की आवश्यकता होती है। वहीं, एक बाघ को अपना पेट भरने के लिए प्रति वर्ष औसतन पचास हिरण के आकार के जानवर या लगभग तीन हजार किलोग्राम जीवित शिकार की जरूरत होती है। यानी एक बाघ प्रति वर्ष पचास हिरणों को खाकर पृथ्वी पर लगभग पचास हजार किलोग्राम वानस्पतिक भोजन बचाता है, जो जंगल में शेष हिरणों अथवा अन्य शाकाहारी प्राणियों के जीवन यापन के लिए तथा प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन बनाए रखने के लिए जरूरी है। इस दृष्टि से जैव विविधता के संरक्षण एवं जंगलों को स्वस्थ और सुरक्षित रखने यानी प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने में भी बाघों का विशेष योगदान है।

दरअसल, मानव समाज के मन-मस्तिष्क में बाघों के प्रति उस प्रेम और संवेदना का सदा से अभाव रहा है, जिसके वे अधिकारी हैं। यही कारण है कि जो बाघ कभी बहुतायत में पाए जाते थे, आज वे दुनिया भर में कम होते जा रहे हैं। पिछली एक सदी में दुनिया भर से लाखों की संख्या में बाघ या तो शिकारियों द्वारा मारे जा चुके हैं या आपसी संघर्ष, बीमारी या किसी अन्य कारण से उनकी मौत हो गई। भारत समेत विभिन्न देशों की सरकारों, एजंसियों और संगठनों की तमाम घोषणाओं, दावों और वादों के बावजूद दुनिया भर में बाघों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। बाघों की इस दुर्दशा के कारण ही अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ने इन्हें विलुप्ति की कगार पर खड़े जीवों की श्रेणी में डाल रखा है। भारत की बात करें, तो इस वर्ष जनवरी से मार्च के बीच 42 बाघों की मौत हुई। यह आंकड़ा वन्यजीव, विशेष रूप से बाघ संरक्षण को लेकर देश के संवेदनशील नागरिकों एवं पशु प्रेमियों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इतिहास



के पन्नों पर नजर डालें, तो वर्ष 1900 में देश में बाघों की संख्या 40 हजार से भी ज्यादा थी, जबकि आज इनकी संख्या घट रही है। भारत में बाघों की इस दुर्दशा के लिए विशेष रूप से ब्रिटिश सरकार की वन्यजीव विरोधी नीतियां जिम्मेदार रही हैं। वर्ष 1906 में प्रकाशित सीडब्लू मरफी की पुस्तक 'अ गाइड

> **मनुष्य के मन में बाघों के प्रति प्रेम और संवेदना का हमेशा से अभाव रहा है। यही कारण है कि जो बाघ कभी बहुतायत में पाए जाते थे, आज वे दुनिया भर में कम होते जा रहे हैं। पिछली एक सदी में बड़ी संख्या में बाघ या तो शिकारियों द्वारा मारे जा चुके हैं या आपसी संघर्ष, बीमारी या किसी अन्य कारण से उनकी मौत हो गई। बाघ-संरक्षण के कार्य में चुनौतियां आज भी कायम हैं। सबसे जरूरी है बाघों के प्राकृतिक आवास को बचाना। विकास के नाम पर वनों की अंधाधुंध कटाई से वन्य जीवों का आवास नष्ट हो रहा है और वे भोजन की तलाश में रिहायशी इलाकों में पहुंच रहे हैं, जिससे मानव के साथ उनका संघर्ष बढ़ रहा है। इस संकट से बचने के लिए सरकारी और सामाजिक दोनों स्तर पर गंभीरता से प्रयास करने की जरूरत है।**

टू नैनीताल एंड कुमाऊं' में कुछ सूचियां और सरकारी नियमावलियां दी गई हैं, जो वन्य जीवों के प्रति ब्रिटिश हुकूमत के क्रूर व्यवहार को दर्शाती हैं।

ब्रिटिश राज में वन्यजीवों की हत्या करने पर सरकार की ओर से इनाम दिए जाते थे, जिनमें आठ आने से लेकर दस रुपए तक के इनाम निर्धारित थे। इनमें सर्वाधिक दस रुपए के इनाम भेड़ियों और बाघों को मारने पर दिए जाने का प्रावधान था। भारत में बाघों के संरक्षण एवं निगरानी का कार्य राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण को सौंपा गया है। यह केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के अधीन देश में बाघों के संरक्षण एवं निगरानी को पेशेवर रूप देने के उद्देश्य से दिसंबर, 2005 में गठित प्रमुख वैधानिक संस्था है। बाघों के संरक्षण एवं निगरानी के कार्य में लगातार सुधार करते हुए इसे और अधिक बेहतर बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाना इस प्राधिकरण के लक्ष्यों में शामिल है।

जाहिर है, अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए देश के विभिन्न राज्यों में 'प्रोजेक्ट टाइगर' का संचालन एवं संरक्षण योजनाओं को मंजूरी देने के अतिरिक्त बाघों के आवासों की निगरानी तथा मानव एवं वन्यजीवों के बीच होने वाले संघर्षों के समाधान ढूंढने में भी यह प्राधिकरण महत्त्वपूर्ण भूमिकाएं निभाता है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश में बाघों की संख्या में हुई उत्साहजनक वृद्धि केवल प्राधिकरण तथा अन्य वन्यजीव संरक्षण एजंसियों की संरक्षण नीतियों और योजनाओं का ही परिणाम नहीं है, बल्कि आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक से युक्त बाघ संरक्षण प्रणाली और जनभागीदारी के सफल प्रयोग का भी नतीजा है। पिछले एक दशक में विज्ञान और तकनीक ने देश में बाघ संरक्षण की तस्वीर बदल दी है। इससे पहले वन कर्मियों को कई दिनों तक जंगलों में पैदल घूमकर वन्यजीवों के पगचिह्नों के आधार पर अनुमान लगाना पड़ता था, जबकि आज आधुनिक तकनीकों ने बाघ संरक्षण को अधिक सटीक, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने का कार्य किया है।

इन सभी तकनीकों में कैमरा ट्रैप बाघ संरक्षण के लिए प्रयुक्त होने वाली सबसे विश्वसनीय प्रणाली मानी जा रही है। वन्यजीव संरक्षण एजंसियों की नीतियों, योजनाओं एवं आधुनिक तकनीकों के उपयोग सहित सरकार के अधीन बाघ संरक्षण के लिए किए जाने वाले समेकित प्रयासों से देश में बाघों की संख्या में वृद्धि हुई, जिसने आज वैश्विक मंच पर भारत को एक सकारात्मक पहचान दिलाने का कार्य किया है। आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2006 में जहां देश में केवल 1,411 बाघ थे, वहीं 2022 तक यह संख्या बढ़कर 3,682 हो गई। वैसे 2025 में देश में कुल 167 बाघों की मौतें भी दर्ज की गई, जिनमें 31 शावक शामिल थे। पिछले चार वर्षों में बाघों की कुल संख्या के अनुपात में मृत्यु दर पांच फीसद से नीचे है, जिसे संरक्षण की दृष्टि से सकारात्मक माना जा रहा है।

आज दुनिया भर के जंगलों में लगभग 5,574 बाघ ही बचे हुए हैं, इनमें लगभग तीन-चौथाई बाघ भारत में हैं। 'साइंस' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, वर्ष 2010 से 2022 तक भारत में बाघों की अनुमानित संख्या 1,706 के मुकाबले 2025 में दोगुनी से भी अधिक 3,700 के लगभग पहुंच गई। हालांकि, यह आंकड़ा अभी संतोषजनक स्थिति से बहुत कम है। बाघ संरक्षण के कार्य में चुनौतियां आज भी कायम हैं। सबसे जरूरी है बाघों के प्राकृतिक आवास को बचाना। विकास के नाम पर वनों की अंधाधुंध कटाई से वन्य जीवों का आवास नष्ट हो रहा है और और वे भोजन की तलाश में रिहायशी इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे मानव के साथ उनका संघर्ष भी बढ़ रहा है। इस संकट से बचने के लिए सरकारी और सामाजिक दोनों स्तर पर संवेदनशीलता एवं गंभीरता से प्रयास करने की जरूरत है।

# घर की पाठशाला

**दुनिया मेरे आगे**

**क्षमा शर्मा**

घर की अलमारी में किस डिब्बे में नमक है, किसमें चीनी, किसमें दाल, बेसन और सूजी। किस मर्तबान में नीबू का अचार, किसमें आम का और किसमें मिर्च का। ये सब बातें एक-दो पीढ़ी पहले की स्त्रियों को मुंहजबानी याद रहती थीं। रसोई में जाकर कोई भी जब इन चीजों के बारे में पूछता, तो दूर बैठी महिला वहीं से बता देती कि किस डिब्बे को खोलकर देखा जाए और वह कहां रखा है। इसी तरह, कौन-सा त्योहार कब आ रहा है, क्या-क्या करना है, किसके यहां जाना है, कौन घर आएगा, किसे क्या देना है, जो आएगा, उसकी पसंद का खाना कौन-सा है, किसी की शादी की वर्षगांठ कब है, किसका जन्मदिन किस तिथि को पड़ेगा, किसे कौन-सा रंग पसंद है, इसलिए उसी की पसंद की साड़ी या दूसरे कपड़े खरीदने हैं, बेटी के ससुराल कब जाना है और क्या-क्या ले जाना है... ये सारी बातें बिना सूची बनाए उन्हें याद रहती थीं।

किस सब्जी में कौन-सा मसाला डाल दो, तो वह बहुत अच्छी बन सकती है। किस अचार में कौन-कौन से मसाले और कितना सरसों का तेल डालना सही रहता है। किस अचार में तेल नहीं डाला जाना चाहिए। पूरी बनाने का आटा कैसे गूंथना है, कचौड़ी का कैसे, बाजरे की रोटी का किस तरह और मक्के की रोटी का किस तरह। मट्ठी बनाते वक्त मैदा में कितना घी या तेल डाला जाना चाहिए...गुलाब जामुन कैसे मुलायम और रसभरे बन सकते हैं और कढ़ी के पकौड़े कैसे नरम बनाए जा सकते हैं, जो मुंह में जाते ही घुल जाएं...।

ये सारी बातें इन महिलाओं ने किसी संस्थान में जाकर नहीं सीखी थीं। ये सब घर की पाठशाला में कभी खुद करके, तो कभी देखकर सीखी जाती थीं। इसी को विरासत कहते थे, जो एक महिला के अनुभव और उसकी मेहनत के कारण अगली पीढ़ी की दूसरी महिलाओं, जैसे कि बहू या बेटियों तक पहुंचती थी। कई बार तो ऐसा भी होता था कि ये महिलाएं फोन पर ही किसी व्यंजन की पूरी सामग्री और विधि बता देती थीं। घर न केवल एक पाठशाला था, बल्कि एक प्रयोगशाला की तरह भी था, जहां आमतौर पर नए-नए प्रयोग होते रहते थे। दाल बच गई है, तो अगले दिन उसके परांठे कैसे बनाए जाएं।

सब्जियां थोड़ी-थोड़ी बच गई हैं, तो उनसे नई सब्जी कैसे बनाएं। दूध फट गया है, तो उसका उपयोग पनीर बनाने के अलावा और क्या-क्या, कैसे किया जा सकता है। कोई कपड़ा फट गया, तो उसे किस तरह से ठीक करें। पुराने कपड़ों को फिर से नया जैसा कैसे बनाएं। रजाई में सिलाई वाले डोरे कैसे डालें। डोरे डालने से पहले उन पर लेटकर और कूदकर रूई को कैसे उसके अंदर सम पर लाएं। कूदने का यह काम अक्सर छोटे बच्चों के हवाले होता था। पुरानी साड़ियों के कवर बनाकर उन्हें कैसे चढ़ाया जाए। ध्यान से देखा जाए, तो ये सारी बातें घर की आर्थिकी को ठीक करने और पैसे बचाने के साधन होते थे। ये बातें भी इन महिलाओं ने किसी कोचिंग संस्थान से नहीं, बल्कि अपने अनुभव से ही सीखी थीं।

कई बार तो लगता है कि वे महिलाएं पूरा का पूरा 'एनसाइक्लोपीडिया' थीं। परिवार के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के तौर-तरीके उन्हें मालूम थे। ऊपर जो थोड़े से काम गिनाए गए हैं, उनके मुकाबले सैकड़ों गुना और भी काम ये करती थीं। वे अपने शरीर को किसी मशीन की तरह इस्तेमाल करती थीं। इनमें से कई कहती थीं कि बैठे-बैठे हाथ-पांव में जंग लग जाती है। काम करने से ये चलते रहते हैं। हालांकि एकतरफा तौर पर सिर्फ स्त्री के श्रम का महिमामंडन नहीं किया जा सकता, लेकिन उनकी ऐसी मेहनत खास तो थी ही। आजकल बहुत सारे खानपान विशेषज्ञ ऐसा कहते हैं कि अकेले खान-पान को सीमित करने से ही आप स्वस्थ नहीं रह सकते। शारीरिक श्रम भी जरूरी है, जिसके लिए वे घूमने और जिम जाने की सलाह देते हैं।

> **आजकल स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कि अकेले खान-पान को सीमित करने से ही आप स्वस्थ नहीं रह सकते। शारीरिक श्रम भी जरूरी है, जिसके लिए वे घूमने और जिम जाने की सलाह देते हैं। मगर पिछली पीढ़ी की स्त्रियों के लिए घर का दैनिक काम-काज ही व्यायाम होता था।**

मगर उस समय की महिलाओं ने तो जिम का नाम भी नहीं सुना होगा, लेकिन घर में ज्यादातर वक्त की भाग-दौड़ उनके लिए एक तरह से व्यायाम ही था, जिसे कई लोग एक पैर पर रात-दिन का दौड़ना कहते थे। आजकल इस तरह के बहुत से काम बाजार के हवाले हैं। एक फोन काल पर बना बनाया खाना घर आ सकता है। कोई रोबोट हमारे घर की सफाई कर सकता है। घर के अन्य कामों के लिए, तो घरेलू सहायक-सहायिकाएं हैं ही। चूल्हे, अंगीठी की जगह गैस, इंडक्शन प्लेट, हीटर हैं। पतीली, भगोने की जगह कुकर हैं। मसाले के लिए सिलबट्टे की जगह मिक्सी है। ये भी तब, जब घर में खाना पकाना हो।

अब पहले की तरह कपड़े या सामान खरीदने के लिए बाजार जाने, मोल-भाव करने और थकने-थकाने के दिन भी लद चुके हैं। बस आर्डर किया और सामान हाजिर। ये भी है कि जो स्त्रियां नियमित नौकरी करती हैं, वे इन घरेलू कामों को करें भी, तो कैसे। उनके पास अब समय ही नहीं है। ऐसे में डाक्टरों की इस सलाह को पूरा कैसे किया जाए कि इन दिनों महिलाओं की शारीरिक गतिविधियां कम हैं। शरीर को जितनी कैलोरी चाहिए, उसके मुकाबले वे अधिक कैलोरी वाले भोज्य पदार्थ खा रही हैं। चलने-फिरने के मुकाबले बैठे रहने के काम ज्यादा कर रही हैं। इसलिए वे कम उम्र में ही उन बीमारियों का शिकार हो रही हैं, जो पहले बुजुर्गों की बीमारियां मानी जाती थीं।



## आंकड़ों की संपन्नता

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि 7.8 फीसद दर्ज की गई है। कुछ लोग इस बढ़त का सेहरा केंद्र सरकार के सिर बांध रहे हैं। फिर भी यह सवाल अपनी जगह कायम है कि रुपए की कीमत अमेरिकी डालर से नीचे क्यों जा रही है? इससे यह साबित होता है कि देश की अर्थव्यवस्था उतनी ठीक नहीं रही, जितनी होनी चाहिए। किसी देश की संपन्नता का न जीडीपी के आंकड़ों से पता चलता है और न ही शेयर बाजार के अंकों से, बल्कि इससे पता चलता है कि वहां के नागरिकों को कितनी सुविधाएं मिलती हैं। हमें यह समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि 1990 तक भारत और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे, लेकिन उसके बाद चीन आगे बढ़ता गया। इसका कारण यह है कि भारत में मुफ्तखोरी और रेवड़ी संस्कृति फलने-फूलने लगी। कृषि प्रधान होने के बावजूद देश में लोगों की रुचि कृषि में घटती गई। भ्रष्टाचार पर रोक के बिना न तो अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को पाया जा सकता और न ही महंगाई से निपटा जा सकता है।

*– राजेश कुमार चौहान, जलंधर*

## प्रकृति का संदेश

नेपाल में आई प्राकृतिक आपदा विभिन्न देशों और वैश्विक संस्थाओं के लिए प्रकृति एवं पर्यावरण की तरफ से खुला श्वेतपत्र है। युद्धों के कारण व्यापक पर्यावरणीय क्षति, जनसंख्या विस्फोट और उसके फलस्वरूप अंधाधुंध विकास कार्यों ने जल-जंगल और जमीन पर बड़े स्तर पर प्रभाव डाला है। यही वजह है कि धरती के बढ़ते तापमान ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। बढ़ती वैश्विक आबादी की भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति और ऊपर से युद्ध की विभीषिका ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को बढ़ाया है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ा है। इसने पर्वतों से लेकर समंदर तक को प्रभावित किया है। नेपाल में यह स्थिति आपदा बन कर आई। आज दुनिया के हर कोने में संकट है। नागरिकों की जान जा रही है। वायु से लेकर जल और मिट्टी तक में प्रदूषण बढ़ रहा है। वन क्षेत्र का घटना चिंता का विषय है। यह प्रकृति की खुली चेतावनी है, जिसे समझना जरूरी है।

*– महेंद्र नाथ चौरसिया, सिद्धार्थनगर*

## विलंब की उड़ान

विमान यात्रा को लोग इसीलिए तरजीह देते हैं कि इससे समय की बचत होती है। मगर अब जिस तरह उड़ानों में देरी हो रही है, वह निराशाजनक है। पिछले दिनों अमृतसर-दुबई की एक उड़ान में सत्रह घंटों की देरी चिंताजनक है। लोग भारी-भरकम किराया देकर हवाई यात्रा करते हैं, ताकि उनका सफर आरामदायक हो और समय की बचत हो सके। ऐसे में उड़ान में इतना विलंब यात्रियों के लिए शारीरिक रूप से थकाने के अलावा मानसिक परेशानी भी है। पहले ही विमानन कंपनियां यात्रियों से मनमाना किराया वसूलती हैं, उस पर हवाई जहाज का समय से उड़ान न भरना, यात्रियों के साथ अन्याय है। सरकार को विमानन कंपनियों के किरायों पर अंकुश लगाना चाहिए और साथ ही समय से उड़ान भरने के लिए कड़े नियम बनाने चाहिए। अगर कोई इन नियमों का उल्लंघन करता है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए।

*– अभिलाषा गुप्ता, मोहाली*

## दावों के बरक्स

निर्भया मामले के बाद कानून को सख्त बनाया गया था, लेकिन हालिया घटनाएं ये साबित करती हैं कि नाम और धाराएं बदलने से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। जब तक कानून का डर नहीं दिखेगा, ये बदलाव महज कागजी औपचारिकता बन कर रह जाएंगे। हाल में नोएडा के परी चौक से दिल्ली के कश्मीरी गेट तक एक निजी बस में रात को नाबालिग लड़की के साथ दरिंदगी होती रही, लेकिन रास्ते में न किसी पुलिसकर्मी की नजर पड़ी, न नाके पर बस रोकी गई और न ही सीसीटीवी निगरानी का कोई फायदा मिला। इससे सुरक्षा एजंसियों की अक्षमता और लापरवाही उजागर हुई है। देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली महिलाओं के लिए असुरक्षित बनी हुई है। बहुस्तरीय सुरक्षा के दावे अपराधियों के बेखौफ रवैए के सामने पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं।

*– प्रसिद्ध यादव, फुलवारी, पटना*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## चिंतन

# पारदर्शिता और व्यवस्था दुरुस्त करने की चुनौती

अयोध्या में राममंदिर का निर्माण करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा ऐतिहासिक अध्याय है। मंदिर के भव्य स्वरूप के साथ यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। जाहिर है, इतने बड़े धार्मिक केंद्र का संचालन अब केवल परंपरागत व्यवस्था के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता, चढ़ावे की सुरक्षा और प्रशासनिक कामकाज के लिए ऐसी व्यवस्था चाहिए, जिसमें अनुशासन के साथ पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित हो। पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा को राममंदिर ट्रस्ट का पहला मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया जाना इसी आवश्यकता के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। जितेंद्र मिश्रा लंबे समय तक वायुसेना में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पश्चिमी वायु कमान का नेतृत्व करने और सैन्य सेवा में व्यापक प्रशासनिक अनुभव रखने वाले अधिकारी के सामने अब एक अलग तरह की चुनौती है। सेना में निर्णय प्रक्रिया स्पष्ट होती है, जिम्मेदारियां निर्धारित होती हैं और अनुशासन सर्वोच्च होता है। मंदिर प्रशासन में भी इन गुणों की जरूरत है, लेकिन यहां धार्मिक परंपराओं, श्रद्धालुओं की भावनाओं और स्थानीय संवेदनशीलताओं का ध्यान रखते हुए व्यवस्था को आगे बढ़ाना होगा। इसलिए उनकी नियुक्ति का मूल्यांकन केवल उनके सैन्य अनुभव से नहीं, बल्कि इस अनुभव को धार्मिक संस्थान की जरूरतों के अनुरूप ढालने की क्षमता से होगा। यह बदलाव ऐसे समय हुआ है, जब मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठे। चढ़ावे की चोरी का अर्थ केवल धन की चोरी नहीं है। मंदिर में श्रद्धालु अपनी श्रद्धा से दान करता है। उसे भरोसा होता है कि उसकी ओर से अर्पित राशि सुरक्षित रहेगी और धार्मिक तथा सामाजिक कार्यों में उचित ढंग से इस्तेमाल होगी। इस भरोसे में किसी भी प्रकार की सेंध मंदिर प्रशासन के लिए गंभीर विषय है। इसलिए अब सबसे पहली प्राथमिकता ऐसी व्यवस्था बनाना होनी चाहिए, जहां अनियमितता की संभावना कम से कम हो और किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में जिम्मेदारी तय की जा सके। तकनीक का इस्तेमाल निगरानी के लिए किया जा सकता है, लेकिन तकनीक तभी प्रभावी होगी जब उसके साथ मानवीय जवाबदेही भी तय हो। राममंदिर प्रशासन के सामने दूसरी बड़ी चुनौती बढ़ती भीड़ है। विशेष पर्वों और धार्मिक आयोजनों के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की स्थिति बन सकती है। ऐसे में प्रवेश और निकास, दर्शन की कतार, सुरक्षा, चिकित्सा सहायता, पेयजल और यातायात प्रबंधन के लिए पहले से मजबूत योजना जरूरी है। पहली महिला ट्रस्टी की नियुक्ति से प्रतिनिधित्व का दायरा बढ़ा है। अलग-अलग क्षेत्रों का अनुभव रखने वाले लोगों की मौजूदगी ट्रस्ट के निर्णयों को व्यापक दृष्टिकोण दे सकती है। लेकिन किसी भी संस्था की मजबूती केवल पदाधिकारियों के अनुभव से नहीं, बल्कि उसकी कार्यप्रणाली से तय होती है। निर्णयों में पारदर्शिता और जिम्मेदारी की स्पष्ट व्यवस्था जरूरी है। इसलिए नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल मंदिर की व्यवस्था संभालने की नहीं, बल्कि विश्वास को मजबूत करने की है। सैन्य अनुशासन, आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन तभी सार्थक होंगे, जब उनके केंद्र में पारदर्शिता और जवाबदेही होगी। राममंदिर की भव्यता जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही महत्वपूर्ण उसकी व्यवस्था की विश्वसनीयता भी है।

## मंथन

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# नेपाल त्रासदी : भावी संकट की पूर्व चेतावनी

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि दुनिया के देशों के लिए नेपाल त्रासदी को हल्के में लेना बड़ी भूल होगी। 2020 की कनाड़ा की रॉक स्लाइड और 2023 की सिक्किम में साउथ ल्होनक झील की ग्लेशियल फटने की घटना हमारे सामने हैं। यह कोई पहली या अंतिम घटनाएं नहीं हैं, अपितु देखा जाए तो यह समय रहते प्रयास नहीं किए गए तो ऐसी घटनाओं की आवृति जल्दी और अतिविनाशकारी होगी, इससे नकारा नहीं जा सकता। जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले सालों में जिस तरह से प्रकृति का विकराल रूप देखने को मिल रहा है, वह चाहे तूफानों के रूप में हो, चाहे जंगलों में लगती आग के कारण हो, ग्लेशियरों के पिघलने की हो, भूकंपों की हो, बेमौसम आंधी-बरसात की हो या समुद्री तूफानों की बढ़ती फ्रिक्वेंसी की हो बेहद गंभीर हो जाती है। वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों की लगातार चेतावनी को नजरअंदाज करने का ही परिणाम है कि नेपाल जैसी त्रासदियां आम होती जा रही हैं। यह केवल नेपाल या इससे जुड़े क्षेत्र के लिए ही गंभीर हालात नहीं हैं अपितु अमेरिका, चीन, भारत सहित दुनिया के दस देश नेपाल जैसी त्रासदी के मुहाने पर खड़े हैं। यह भी सही है कि अभी तक भारत-नेपाल ही नहीं दुनिया के इस दायरें में आने वाला कोई भी देश इन आपदाओं से निपटने में पूरी तरह सक्षम नहीं हो सके हैं। जानकारों की मानें तो भारत, चीन, पाकिस्तान, पेरु के एक करोड़ 50 लाख लोग इनके दायरें में सीधे-सीधे आ रहे हैं। यह वह लोग हैं जो इन ग्लेशियलों के एक किलोमीटर से 10 किलोमीटर के दायरे में रह रहे हैं। आज ग्लोफ खतरे के दायरें में भारत, पाकिस्तान, कनाड़ा, पेरु, अमेरिका, चिली, इटली, नेपाल और कोलंबिया आए हुए हैं। आज संवाद या विचार का विषय यह नहीं रह गया है कि नेपाल त्रासदी में कितने लोगों ने अपनी जान गंवाई है या कितनी जन-धन हानि हुई है, अपितु यह हो जाता है कि इस तरह की त्रासदी से निपटने के लिए हम कहां तक तैयार हैं। सवाल यह भी है कि ऐसे हालात क्यों होते जा रहे हैं। उत्तराखंड त्रासदी हमारे सामने हैं और उस त्रासदी के परिणाम सामने होने के बावजूद लगभग साल दर साल भूस्खलन के मामले हर सीजन में सामने आ रहे हैं। यह साफ हो जाना चाहिए कि प्रकृति से एक सीमा से अधिक खिलवाड़ किया जाता है तो विकृति का सामना हमें करना ही पड़ेगा। जीवनदायी यही प्रकृति अपने विकराल रूप में पलटवार करती है। ऐसे में समय के साथ सबक लेना जरूरी हो जाता है। आज सारी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण की बात तो की जाती है, पर उस पर अमल पूरी तरह से हो नहीं पा रहा है। हालात यही रहे तो सदी के अंत तक समुद्र का जलस्तर दो मीटर तक बढ़ सकता है। दूसरी ओर अभी से समुद्र तटीय कई शहर डूबने की जद में आने की चेतावनियां दी जा रही हैं। यदि हम हिमालय क्षेत्र की ही बात करें तो सतलुज बेसिन में 2019 में 560 ग्लेशियल झीलें थी जो चार साल यानी 2023 तक 1048 हो गई हैं। नेपाल त्रासदी ग्लेशियल लेक आदटबर्स्ट फ्लड यानी की ग्लोफ का परिणाम है। साधारण शब्दों में कहा जाए तो यह ग्लेशियल झील के फटने का परिणाम है। ऐसा नहीं है कि वैज्ञानिक इन हालातों पर नजर नहीं रख रहे हों, बल्कि देखा जाए तो लीड्स विश्वविद्यालय के ग्लेशियल फ्लडिंग के विशेषज्ञ डॉ. जानाथन कारीविक पहले ही चेता चुके हैं। हमारे देश के ही राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एनडीएमए के विशेषज्ञों ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी को रिपोर्ट प्रस्तुत कर हालात से रूबरू कराने के साथ ही ठोस सुझाव भी दिए हैं। दरअसल, एक सीमा से अधिक प्रकृति से छेड़छाड़ का ही परिणाम इस तरह की त्रासदियां होती हैं। आज लाख चेतानें के बावजूद सतलुज बेसिन में बांधों के साथ साथ विद्युत परियोजनाओं सहित विकास परियोजनाओं का दखल बढ़ा है। एक सीमा से अधिक मानवीय दखल बढ़ी है। इससे तापमान में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होने के साथ ही अपशिष्ट भी फैल रहा है। दरअसल प्रकृति से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से छेड़छाड़ बढ़ रही है। एनडीएमए ने साफ कहा है कि सतलुज बेसिन में नई परियोजनाओं की स्वीकृति से पहले उनके परिणामों का भली प्रकार से अध्ययन और विश्लेषण किया जाए। परिणामों का आकलन कर गुणावगुण के आधार पर निर्णय लिए जाएं। यह भी देखा जाए कि ऐसे स्थानों में मानवीय दखल को एक सीमित दायरे तक ही रखा जाए। इसके साथ ही जलवायु व पर्यावरण विशेषज्ञों का दायित्व अधिक हो जाता है और आवश्यकता होने पर प्रकृति को बचाने के लिए इस क्षेत्र में कार्य कर रहे गैरसरकारी संगठनों को भी आगे आना होगा। आपदा प्रबंधन को भी ऐसा सिस्टम विकसित करना होगा जिससे इस तरह की घटनाओं की समय रहते चेतावनी मिल सके ताकि कम से कम जन हानि को तो बचाया जा सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## मुद्दा

राजकुमार सिंह

# भाजपा-अकाली गठबंधन की आहट

सीमावर्ती राज्य पंजाब में विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी में होने हैं, लेकिन राजनीतिक समीकरण अभी से बदलने लगे हैं। पंजाब में भाजपा को बड़ा राजनीतिक खिलाड़ी नहीं माना जाता, लेकिन उसके छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने लगातार दूसरी बार पंजाब विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष पद पर जीत हासिल कर सबको चौंका दिया है। इस जीत का राजनीतिक अर्थ तब और बड़ा हो जाता है, जब पता चले कि पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) का छात्र संगठन दूसरे और सत्ता की प्रबल दावेदार कांग्रेस का छात्र संगठन एनएसयूआई तीसरे स्थान पर रहा।

जुलाई में जंतर-मंतर पर 'जेन जी' आंदोलन से बने माहौल के मद्देनजर यह जीत भाजपा के लिए बेहद राहतकारी है। बेशक पिछली बार एबीवीपी ने अकेले दम ही जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार उसे शिरोमणि अकाली दल के छात्र संगठन सोई का समर्थन आगामी विधानसभा चुनाव की बाबत राजनीतिक संकेत भी माना जा रहा है। पिछले दिनों अकाली दल प्रधान सुखबीर सिंह बादल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद से ही राजनीतिक गलियारों में भाजपा-अकाली गठबंधन की चर्चाएं जोर पकड़ने लगी हैं। मोदी सरकार के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बने परिसीमन विधेयक के समर्थन का ऐलान भी अकाली दल कर चुका है। बेशक भाजपा के संगठन महासचिव बीएल संतोष और पंजाब के प्रभारी बनाए गए सतीश पूनिया सभी 117 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का इरादा दोहरा रहे हैं, लेकिन जमीनी समीकरण बहुत अनुकूल नजर नहीं आता। दशकों तक गठबंधन में रहे भाजपा-अकाली कई बार पंजाब में सरकार बना चुके हैं, लेकिन विवादास्पद कृषि कानूनों के विरुद्ध लंबे चले किसान आंदोलन के चलते दोनों की दोस्ती टूट गई। उन कृषि कानूनों की वापसी के बाद परस्पर विवाद का कोई कारण नहीं बचा। फिर 2022 के पिछले विधानसभा चुनाव में दोनों दल अकेले लड़ कर अपनी-अपनी ताकत भी आंक चुके हैं। अकाली दल मात्र तीन सीट जीत पाया तो भाजपा दो। तब कैप्टन अमरेंद्र सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस और अकाली दल (संयुक्त) के साथ गठबंधन कर भाजपा 73 सीटों पर लड़ी थी। शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन में भाजपा 23 सीटों पर लड़ती रही, जिनमें सबसे ज्यादा 19 उसने 2017 के लोकसभा चुनाव में जीती थीं।

बेशक, 2024 के लोकसभा चुनाव में बिना कोई सीट जीते ही भाजपा ने मत प्रतिशत में छलांग लगाई, पर सिर्फ उसके बल पर राज्य में सत्ता का सपना साकार नहीं हो सकता। भाजपा का पूरा चुनावी गणित इस बात पर निर्भर नजर आता है कि बहुकोणीय मुकाबले में वह अपना हिंदू वोट बैंक एकजुट रख पाएगी, लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि पंजाब में दूसरी बड़ी ताकत कांग्रेस को भी बड़ी संख्या में हिंदू मत मिलते रहे हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में सिख मतदाताओं पर मजबूत पकड़ वाला अकाली दल और खासकर शहरी क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं की पसंद भाजपा मिलकर पंजाब में विजयी समीकरण बनाते रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों में दोनों के बीच दूरियां बढ़ती गईं। इस बीच आप के चमत्कारिक उभार से अकाली दल और भाजपा राज्य की राजनीति में तीसरे और चौथे स्थान पर फिसल गई हैं। फिर पिछले



लोकसभा चुनाव में 'वारिस पंजाब दे' के नाम पर अमृतपाल सिंह की जीत ने भी पंजाब की बाबत चिंताजनक संकेत दिए हैं। इसलिए भी इस बार के विधानसभा चुनाव पंजाब की राजनीतिक दिशा तय करने में बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। पिछले विधानसभा या लोकसभा चुनाव को संकेतक मानें, तस्वीर यही उभरती है कि सत्तारूढ़ आप को मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ही चुनौती दे सकता है, लेकिन दोनों में अंतकर्लह कम नहीं। आप के सात राज्यसभा सांसद भाजपा का कमल थाम चुके हैं। बेशक उनमें से कोई भी जनाधारवाला नेता नहीं है, लेकिन बड़े पैमाने पर होने वाले दलबदल माहौल बनाने-बिगाड़ने में मददगार होते हैं, खासकर तब जब आलाकमान के करीबी ही पाला बदल गये हों। उधर, पिछले विधानसभा चुनाव से पहले अपना घर खुद ही तहस-नहस कर लेने वाली कांग्रेस में भी सब कुछ ठीक नहीं है। भाजपा से आए नवजोत सिंह सिद्धू पर प्रियंका गांधी के वरदहस्त के चलते पहले तो पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जाखड़ को इस्तीफा देना पड़ा और फिर मुख्यमंत्री पद से कैप्टन अमरेंद्र सिंह की भी अपमानजनक विदाई हुई। सिद्धू प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने में तो सफल हो गए, लेकिन मुख्यमंत्री पद पर चरणजीत सिंह चन्नी का दांव लग गया। हालांकि वह विधायकों की पसंद नहीं थे, पर दलित होना उनके पक्ष में गया, लेकिन वह दोनों विधानसभा सीट से खुद चुनाव हार गये। उसके बाद लोकसभा चुनाव जीतने में सफल रहे चन्नी अब कांग्रेस पर खुल कर दबाव बना रहे हैं कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाये या फिर 'मुख्यमंत्री चेहरा' घोषित किया जाये, लेकिन बात बन नहीं रही। चन्नी की भाजपा से नजदीकियों की भी चर्चा है। अभी कह पाना जल्दबाजी होगी कि चन्नी भाजपा में शामिल होंगे या अलग दल बनायेंगे, लेकिन कांग्रेस में उनकी पारी लंबी नहीं बची है। बड़ी संख्या में दलित कांग्रेस को वोट देते रहे हैं। इसलिए चन्नी का 'दलित कार्ड' कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचायेगा। वैसे इस बीच मायावती की बसपा का अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान भी अंततः कांग्रेस को ही नुकसान पहुंचाएगा। 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा, शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन कर 20 सीटों पर लड़ी थी और नवांशहर की सीट जीतने में सफल भी रही थी। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि देश में सबसे ज्यादा 32 प्रतिशत दलित आबादी पंजाब में होने के बावजूद बसपा वहां कभी बड़ी राजनीतिक ताकत नहीं बन पाई, जबकि वह उसके संस्थापक कांशीराम का गृह राज्य भी है। जाहिर है, पंजाब में बहुकोणीय चुनावी मुकाबले की तस्वीर उभर रही है, लेकिन उसका लाभ सिर्फ भाजपा को ही मिलने की कोई गारंटी नहीं। ऐसे में सत्ता के लिए मुख्य चुनावी मुकाबला आप और कांग्रेस के बीच ही होने से रोकने के लिए भी भाजपा-अकाली गठबंधन जरूरी लगता है। बेशक, अब गठबंधन पुरानी शर्तों पर नहीं हो सकता, जब अकाली दल 94 और भाजपा मात्र 23 सीटों पर चुनाव लड़ती थी।

जाहिर है, सभी 117 सीटों पर अकेले लड़ने की हुंकार भरने वाली भाजपा बराबर की हिस्सेदारी के लिए दबाव बनाएगी, पर वह बंटबारा भी न सिर्फ इन दोनों, बल्कि पंजाब के लिए भी अच्छा साबित होगा। सुखबीर सिंह बादल का शिरोमणि अकाली दल जहां ग्रामीण क्षेत्रों और खासकर सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं भाजपा शहरी क्षेत्रों और खासकर हिंदू समुदाय का। ऐसे में दोनों के बीच गठबंधन की बहाली पंजाब में राजनीतिक के साथ ही सामाजिक एकता को भी मजबूत करेगी। बेशक पंजाब आतंकवाद की अंधेरी सुरंग से निकल आया है, लेकिन अभी भी देश-विदेश में बैठे कुछ विघ्नसंतोषी तत्व फिर से माहौल बिगाड़ने के खतरनाक मंसूबे पाले हुए हैं, जिन्हें नाकाम करने के लिए राज्य में मजबूत सरकार और सामाजिक समरसता जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पंजाब में विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी में होने हैं, लेकिन राजनीतिक समीकरण अभी से बदलने लगे हैं। पंजाब में भाजपा को बड़ा राजनीतिक खिलाड़ी नहीं माना जाता, लेकिन उसके छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने लगातार दूसरी बार पंजाब विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष पद पर जीत हासिल कर सबको चौंका दिया है। इस जीत का राजनीतिक अर्थ तब और बड़ा हो जाता है, जब पता चले कि पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) का छात्र संगठन दूसरे और सत्ता की प्रबल दावेदार कांग्रेस का छात्र संगठन एनएसयूआई तीसरे स्थान पर रहा। जुलाई में जंतर-मंतर पर 'जेन जी' आंदोलन से बने माहौल के मद्देनजर यह जीत भाजपा के लिए राहतकारी है।

## वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित

दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा।

## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला-अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया-भाई! डंक मारना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## अंतर्मन

सी पी आई की अमरजीत कौर का पीएम मोदी पर विवादित बयान




## आज की पाती

### बीमारियों का बड़ा कारण पौष्टिक आहार से दूरी

एक सितंबर से सात सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है। आम लोगों को खानपान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मार्च 1975 में एडीए (अमेरिकन डायटेटिक एसोसिएशन, अब न्यूट्रिशन और डाइट साइंस अकेडमी) ने राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाने की शुरुआत की थी। हमारे देश में इसकी शुरुआत वर्ष 1982 में हुई थी। अब हर राष्ट्रीय पोषण सप्ताह हर वर्ष 1 सितंबर से 7 सितंबर तक मनाया जाता है। हम खाने को जो मर्जी खा लें, लेकिन जो खाना हमारे शरीर के लिए उपयोगी न हो या तरह-तरह के स्वादिष्ट भोजन करने के बावजूद हमें कोई न कोई छोटी बड़ी बीमारी परेशान करती रहती है, तो हमें यह समझ लेना चाहिए कि हम जो कुछ खा रहे हैं वो हमारे शरीर के लिए उचित नहीं है। - *विक्रम शर्मा, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### एससीओ ने लाहौर को अपनी पर्यटन राजधानी किया घोषित



शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ने पाकिस्तान के सांस्कृतिक केंद्र लाहौर को 2026-27 के लिए 'पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी' घोषित किया है। यह घोषणा किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एससीओ सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की 26वीं बैठक में की गई जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी शामिल हुए थे। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार 2022 से हर साल एससीओ के सदस्यों देशों के शहरों को बारी बारी से पर्यटन एवं सांस्कृतिक राजधानी का दर्जा दिया जाता है। इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच लोगों के आपसी संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देना है। साथ ही, यह उस देश की सांस्कृतिक विरासत को भी उजागर करता है जो संगठन का मौजूदा अध्यक्ष होता है। अध्यक्ष का पद भी बारी बारी से सदस्य देशों को मिलता है। पाकिस्तान ने इस साल एससीओ की अध्यक्षता संभाली है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसकी अध्यक्षता की थीम 'दृष्टिकोण को कार्य में बदलना: संपर्क, नवाचार और साझा समृद्धि' तय की है। इस साल अप्रैल में एससीओ सदस्य देशों के पर्यटन विभागों के प्रमुख की बिश्केक में मुलाकात के दौरान लाहौर को यह दर्जा देने का फैसला किया गया।

## ऑफ बीट

### दिमाग की गतिविधियां पढ़ने वाले उपकरण जल्द होंगे आम



दिमाग की गतिविधियों को पढ़ने वाले ईयरबड अब विज्ञान-कथा की बात नहीं रह गए हैं और जल्द ही रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन सकते हैं। विशेषज्ञों का दावा है कि इन उपकरणों के आम होने से ऐसी पीढ़ी विकसित हो सकती है, जो बचपन से ही न्यूरोटेक्नोलॉजी के साथ बड़ी होगी। न्यूरल तकनीक से जुड़े उपकरण बनाने वाली कंपनी 'न्यूरेबल' का दावा है कि उसके इलेक्ट्रोएन्सेफेलोग्राफी (ईईजी) सेंसर वाले हेडफोन थकान पर नजर रख सकते हैं और काम के दबाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। वहीं, 'नेक्स्टसेंस' के स्मार्टबड्स रात में दिमाग के विद्युत संकेतों को रिकॉर्ड कर नींद का विश्लेषण करते हैं और दिन में इन्हीं सेंसर की मदद से ये स्मार्टबड्स व्यक्ति के सबसे बेहतर प्रदर्शन वाले समय में कठिन काम तय करने में मदद करते हैं। इस तकनीक में बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां भी रुचि ले रही हैं। एप्पल ने 2023 में ऐसे एयरपॉड्स के लिए पेटेंट आवेदन दायर किया था, जिनमें दिमाग की गतिविधियां मापने वाले इलेक्ट्रोड शामिल हैं। करोड़ों ईयरबड पहले ही इस्तेमाल किए जा रहे हैं और एप्पल के इस क्षेत्र में प्रवेश से ईईजी तकनीक बड़े पैमाने पर आम लोगों तक पहुंच सकती है।

## X ट्रेंड

### आउटसोर्स कर्मचारी



उत्तर प्रदेश आउटसोर्स कर्मचारियों के हितों की रक्षा, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने और पारदर्शी मानव संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा देने की दिशा में एक नई शुरुआत की है। आउटसोर्स कर्मचारियों को चेक भी बांटे हैं।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उत्तरप्रदेश

### पोर्टल लॉन्च



आज मंत्रालय में 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' पोर्टल लॉन्च किया गया। इस अभियान के चार सप्ताह सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं। इसके माध्यम से जन-प्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच समन्वय से जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है।
- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

### ओछी मानसिकता



मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को तीन हिस्सों में बांटना और उससे दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटाना बीजेपी सरकार की ओछी मानसिकता का प्रतीक है। कंप्यूटर युग की शुरुआत भी राजीव ने ही की थी। -कमलनाथ, पूर्व सीएम, मप्र

### अलोकतांत्रिक तरीका



मेरे इतने लंबे राजनीतिक जीवन में ऐसा दुर्व्यवहार कभी नहीं हुआ। विधानसभा परिसर के बाहर पार्किंग से पहले ही हमें अलोकतांत्रिक तरीके से रोक दिया गया, ताकि इस सरकार की असलियत सामने न आ सके।
-भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व सीएम, हरियाणा

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# नेपाल की मांग

जल प्रलय झेल रहे नेपाल ने क्षतिपूर्ति की जो मांग रखी है, वह पहली नजर में ही बहुत स्वाभाविक और विचारणीय लगती है। इस आपदा के चलते चीन या तिब्बत में कितना नुकसान हुआ, यह बहुत स्पष्ट नहीं है, लेकिन नेपाल में अब तक 1,100 से ज्यादा लोगों की जान गई है और करीब 4,800 लोग अभी भी लापता हैं। जान के अलावा माल का जो नुकसान हुआ है, उसका सटीक आकलन आसान नहीं है। मोटे तौर पर एक अनुमान लगाया गया है कि इससे नेपाल को चार अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ है। समग्रता में नेपाल ने अपनी अर्थव्यवस्था का दसवां हिस्सा गंवा दिया है। क्या अब नेपाल को क्षतिपूर्ति के रूप में दुनिया के देशों से चार अरब डॉलर चाहिए? नेपाली विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने भारत, चीन और अमेरिका का बाकायदा नाम लिया है और इन देशों को सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जक बताया है। खनाल ने साफ शब्दों में कहा है कि नेपाल जैसे हिमालयी संवेदनशील राष्ट्रों को क्षतिपूर्ति देना इन देशों की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है।

यह मांग पर्यावरण के प्रति नेपाल में आई नई जागृति का सुखद प्रमाण है। यह मांग इस देश को पहले ही करनी चाहिए थी, लेकिन नई आपदा ने कुछ देर से ही सही, विवश कर दिया है। हिमालय का एक बड़ा हिस्सा नेपाल में पड़ता है और इस देश के पर्यावरण के प्रति सजग होने के सुखद परिणाम दक्षिण एशिया ही नहीं, पूरी दुनिया को मिल सकते हैं। चीन ने समय के साथ अपने हिस्से वाले हिमालय में जो परिवर्तन किए हैं, उनकी ओर भी नेपाल को सजग होना चाहिए। वाकई, ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में लगभग नगण्य योगदान के बावजूद नेपाल वैश्विक तापमान वृद्धि के बुरे नतीजे भुगत रहा है। कोई दोराय नहीं, हिमनदों के पिघलने से सबसे ज्यादा नुकसान नेपाल को ही होगा। नेपाली विदेश मंत्री का यह कथन भी बहुत मायने रखता है कि नेपाल को अचानक आई बाढ़ से उबरने के लिए दी जाने वाली किसी भी सहायता को दान के बजाय नैतिक दायित्व के रूप में देखा जाना चाहिए।

**नेपाली विदेश मंत्री का यह कथन बहुत मायने रखता है कि नेपाल को दी जाने वाली किसी भी सहायता को दान के बजाय नैतिक दायित्व के रूप में देखा जाना चाहिए।**

हालांकि, यह बड़ा सवाल है कि नेपाल दुनिया के बड़े देशों को उनके नैतिक दायित्व का एहसास कैसे करा पाएगा? क्या नेपाल की यह मांग खबरों की भीड़ में दब जाएगी? निस्संदेह, प्रथम दृष्टया यह मांग उचित है और उन देशों को वाकई क्षतिपूर्ति देने पर विधिवत विचार होना चाहिए, जो बदलते पर्यावरण की मार सबसे ज्यादा झेल रहे हैं। अफसोस, बड़े देश क्षतिपूर्ति संबंधी निर्णय को टालते आ रहे हैं।

आज नेपाल वैश्विक तापमान वृद्धि का कारण बनने वाली ग्रीनहाउस गैसों का 0.1% से भी कम उत्सर्जन करता है, जबकि एक आकलन के मुताबिक, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने में चीन का 30 प्रतिशत, अमेरिका का 12 प्रतिशत एवं भारत का आठ फीसदी योगदान है। यूरोपीय आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में चीन, अमेरिका, भारत, यूरोपीय संघ के 27 देश, रूस और इंडोनेशिया विश्व के सबसे बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक हैं। ऐसे में, पर्यावरण को क्षति पहुंचाने में जिसका जितना योगदान है, उसे उसी हिसाब से क्षतिपूर्ति भी करनी चाहिए। हालांकि, आर्थिक या तकनीकी क्षतिपूर्ति के लिए बड़े देश तैयार नहीं हैं और सब अपने-अपने स्तर पर उत्सर्जन घटाने को पर्याप्त मान रहे हैं। नतीजतन, आज बिगड़ते पर्यावरण की कीमत हर देश चुका रहा है। भारत भी हर साल कई हिमालय जनित आपदाएं झेलता है। पर्यावरण के लिए सम्मिलित प्रयासों की जरूरत है। नेपाल की मांग में पर्यावरण के प्रति और गंभीर होने की अनिवार्यता निहित है।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 03 सितम्बर, 1951

## प्रेस विधेयक

भारतीय संविधान ने नागरिक के लेखन, भाषण और संगठन आदि के मूलभूत अधिकारों की स्वतंत्रता दी है। जब संविधान बन रहा था, उस समय समाचारपत्रों की स्वतंत्रता का मूलभूत अधिकारों में स्पष्ट और पृथक रूप में उल्लेख किये जाने का आग्रह किया गया है, किन्तु अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अलग उल्लेख नहीं किया गया। भारतीय संविधान मूलतः लोकतंत्री सिद्धांतों पर आधारित है, और लोकतंत्री शासन-प्रणाली में समाचारपत्रों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। समाचारपत्र एक ओर नागरिकों को उनके कर्तव्यों और अधिकारों का बोध कराते हैं और दूसरी ओर सरकारी कार्यों की आलोचना करके उसे जाग्रत और सत्पथ पर चलने में मदद देते हैं। समाचारपत्र एक प्रकार से जनता की आकांक्षाओं को व्यक्त करते हैं। लोकतंत्र की सफलता के लिए स्वतंत्र समाचारपत्रों का अस्तित्व आवश्यक होता है। चूंकि स्वतंत्र भारत की सरकार देश में लोकतंत्र का विकास चाहती है और इसलिए उसने आश्वासन दिया है कि वह समाचारपत्रों की स्वतंत्रता का आदर करेगी।

विदेशी राज्य में समाचारपत्रों को देश की और अपनी स्वतंत्रता के लिए तीव्र संघर्ष करना पड़ा था। चूंकि विदेशी सत्ता जनता की स्वतंत्रता की भावनाओं और आकांक्षाओं को कुचलना चाहती थी और समाचारपत्र आम तौर पर जनता की भावनाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते थे, अतः वे हमेशा उसके कोपभाजन रहे। विदेशी सत्ता ने समाचारपत्रों की स्वतंत्रता का गला घोंटने के लिए अनेक दमनकारी कानूनों का सृजन किया था। इनमें से अनेक कानून सरकार की कानून पोथियों में अब तक मौजूद हैं। देश के स्वतंत्र होने के बाद भारत सरकार ने इन दमनकारी कानूनों को रद करने का अनेक बार आश्वासन दिया और उसी स्थान पर समाचारपत्रों के संबंध में एक व्यापक कानून बनाने की इच्छा प्रदर्शित की जो देश की बदली हुई परिस्थितियों और भारतीय संविधान की उदार मंशाओं के अनुरूप हो। अनेक समस्याओं में उलझ जाने के कारण सरकार अपने इस आश्वासन की अब तक पूर्ति नहीं कर पायी थी। किन्तु आखिर भारत सरकार के गृह मंत्री ने संसद के इस अधिवेशन में समाचारपत्रों संबंधी व्यापक विधेयक पेश कर दिया है और हमें आशा करनी चाहिए कि योग्य विचार के बाद संसद उसे कानून का रूप दे देगी।

# मतदाताओं के छूटने से मकसद बेमानी



यहां स्कैन करें

ओपी रावत | पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त

**चुनाव आयोग सक्रियता दिखाए, तो न सिर्फ मतदाताओं को सत्यापित करना आसान हो जाएगा, बल्कि मतदाता सूची को स्वच्छ बनाने की कवायद भी निर्विवाद बन जाएगी।**



मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विवाद थमता नहीं दिख रहा। वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के जिस तरह के आरोप सर्वप्रथम बिहार में लगे थे, वे एसआईआर के तीसरे चरण में भी दूर नहीं किए जा सके। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एसआईआर की जो मसौदा मतदाता सूची जारी की गई, उसमें 1.45 करोड़ मतदाताओं में से 47 लाख के नाम नहीं हैं। इसका अर्थ है कि हर तीसरे मतदाता का नाम मसौदा सूची में कट गया है।

दिल्ली में लगभग 33 प्रतिशत मतदाताओं के नाम एसआईआर के जरिये हटने के बाद इस प्रक्रिया को लेकर बहस फिर से शुरू हो गई है। चुनाव आयोग ने इन कटे नामों या छूट गए वोटरों को नाम जुड़वाने के लिए नए सिरे से आवेदन करने और प्रमाण पेश करने की सलाह दी है, लेकिन कई राजनीतिक दलों की नजर में वह लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिशों में जुटा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि पहले इस प्रक्रिया में चुनाव आयोग के दामन बेदाग रहे हैं, जबकि इस बार आयोग पर तमाम तरह के आरोप लग रहे हैं।

पूर्व (मसलन, 2002 से 2004 के बीच हुई आखिरी एसआईआर) और मौजूदा प्रक्रिया के बीच बुनियादी अंतर यह है कि पहले नागरिकता साबित करने की जिम्मेदारी मतदाताओं पर नहीं डाली गई थी। बीएलओ (बूथ स्तर का अधिकारी) चुनाव आयोग के प्रत्यक्ष प्रतिनिधि के तौर पर घरों में जाता और पूछकर जरूरी जानकारी फॉर्म में दर्ज कर लेता था। अब ऐसा नहीं हो रहा। अब मतदाताओं को न सिर्फ खुद फॉर्म भरना है, बल्कि उसमें दर्ज की जाने वाली जानकारियों को सत्यापित भी करना है। एक प्रावधान तो यह भी है कि अगर फॉर्म में दर्ज सूचना गलत पाई गई, तो उसे एक साल तक की सजा हो सकती है। गड़बड़ी इन्हीं सबके कारण हो रही है।

दरअसल, अपने देश में वयस्क मताधिकार के कारण बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग और तबके के वयस्कों को मत देने का अधिकार मिला हुआ है। इसमें आलिम-फाजिल और कुलीन मतदाताओं को भी वही हक हासिल है, जो कथित तौर पर अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे वोटरों को मिला है। इस कारण, जहां शिक्षित मतदाता अपना आवेदन पत्र आसानी से भर लेता है, वहीं असमर्थ लोगों के लिए यह कवायद किसी परीक्षा को पास करने से कम नहीं होती, इसलिए वे इसके प्रति उत्साह नहीं दिखाते। मसौदा सूची में अधिकतर ऐसे लोगों के नाम ही कटते हैं।

अगर चुनाव आयोग इन लोगों की सहायता करे, तो न सिर्फ तमाम मतदाताओं को सत्यापित करना आसान हो जाएगा, बल्कि मतदाता सूची को स्वच्छ बनाने की उसकी कवायद भी निर्विवाद बन जाएगी। एक जिले की जमीनी पड़ताल इसकी पुष्टि भी करती है। वहां गरीब बस्तियों में जाकर निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और बीएलओ ने छूट गए मतदाताओं को सक्रिय सहायता पहुंचाई, जिससे करीब 90 फीसदी कटे वोटर फिर से जुड़ सके और अंतिम प्रकाशन में छूटे मतदाताओं की संख्या बहुत कम रह गई। जाहिर है, यदि ऐसी कवायद आयोग के स्तर से हर जगह कराई जाए, तो असमर्थ मतदाताओं के नाम छूटने से बच जाएगा।

बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल जैसे तमाम राज्यों के एसआईआर की अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची का विधानसभा सीटों के लिहाज से अध्ययन बताता है कि अंतिम रूप से कटे नाम दो से तीस फीसदी तक हैं। जाहिर है, बीएलओ या ईआरओ के काम करने के तरीके से यह आंकड़ा ऊपर-नीचे हुआ है। दिक्कत यह है कि चुनाव आयोग किसी तरह की अपील न मिलने का दावा करता है। उसके मुताबिक, कटे नामों को लेकर कोई आपत्ति नहीं की जा रही। बेशक, वह अपने तईं सही बोल रहा होगा, लेकिन क्या यह सोचा नहीं जाना चाहिए कि आखिर क्यों इतनी बड़ी संख्या में मतदाता सूची से नाम कट रहे हैं? जिनका नाम मसौदा सूची में नहीं आता, वे अपना नाम जुड़वाने को उत्सुक क्यों नहीं हो रहे?

समर्थ मतदाता तो किसी-न-किसी तरह अपना नाम दर्ज कर ही लेगा, असली परेशानी असमर्थ मतदाताओं के सामने है, इसलिए ध्यान उन पर ही देना होगा। चुनाव आयोग की परंपरा रही है कि वह हर मतदान-केंद्र पर मतदाताओं को बुलाकर मदद करता रहा है। इस बार इस परंपरा का पालन न होने से परेशानी बढ़ रही है।

हमें ध्यान रखना चाहिए कि जब स्वतंत्र भारत के संविधान में 'यूनिवर्सल सफरेज', यानी 21 वर्ष या अधिक आयु के सभी वयस्कों को लिंग, शिक्षा, आय की जांच के बिना वोट देने का अधिकार देने का प्रावधान किया गया था, तो ब्रिटिश शासकों ने, यहां तक कि तत्कालीन प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली ने कहा था कि राजनीतिक अपरिपक्वता के चलते यह व्यवस्था लोकतंत्र को अधिनायकवादी बना देगी।

यह गौर करने की बात है कि ब्रिटेन ने अपने देश में भी गरीब और महिलाओं को मताधिकार 20वीं शताब्दी में दिया था। भारत में तो 'भारत सरकार अधिनियम, 1935' के तहत होने वाले चुनावों में सिर्फ 10-12 फीसदी वयस्कों को ही वोट देने का अधिकार मिला हुआ था। अभी एसआईआर प्रक्रिया के जरिये जिस तरह से मतदाताओं के नाम बहुतायत में कट रहे हैं, उससे यही बोध होता है कि हमने संभवतः 'पराधीन देश की नीति' अपना ली है।

जब हमारे देश के मतदाताओं ने ब्रितानिया सरकार को आजादी के लगभग आठ दशक होने तक गलत साबित किया है, तो सिर्फ तकनीकी क्षमता के अभाव या रोजी-रोटी की जद्दोजहद की व्यस्तता के कारण लोगों का मतदाता सूची से बाहर हो जाना दुर्भाग्यपूर्ण होगा। अगर यह समझा जा रहा है कि वे अपने अधिकार के लिए अपील करेंगे, तो यह हमारा दिवास्वप्न है। चुनाव आयोग का संतुष्ट हो जाना और खुद से प्रयास न करना दुखद है।

सवाल उसकी मंशा पर नहीं, बल्कि काम करने के तरीके पर है। उसे यह निर्देश जारी करना चाहिए कि असमर्थ लोगों या सुदूर इलाकों में रहने वाले वंचित तबकों को हरसंभव मदद की जाएगी, तो मुमकिन है कि जो 25-30 फीसदी लोगों के नाम कटे हैं, वे घटकर बहुत कम हो सकते हैं। और, ये संभवतः वही लोग होंगे, जिनको चुनाव आयोग की शब्दावली में 'एएसडी', यानी अनुपस्थित, विस्थापित, या मृत कहते हैं। एसआईआर को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का भी यही रुख है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# कमलापति त्रिपाठी में संचित रही काशी की संस्कृति



यहां स्कैन करें

सतीश कुमार | पूर्व प्राध्यापक, म. गा. काशी विद्यापीठ

**त्रिपाठी जी जितने धार्मिक थे, उतने ही धर्मनिरपेक्ष भी; जितने परंपरावादी थे, उतने ही आधुनिक भी। जयंती पर विशेष :**

काशी अपने कुछ व्यक्तित्वों को कभी नहीं भूल सकती। पंडित कमलापति त्रिपाठी तो उसकी संस्कृति के सच्चे प्रतिनिधि थे। 3 सितंबर, 1905 को यहां की समृद्ध पांडित्य परंपरा वाले परिवार में जन्मे कमलापति त्रिपाठी को सात दशकों का लंबा राजनीतिक जीवन मिला। आज बहुत कम लोगों को मालूम होगा कि उनके पूर्वज रामानंदपति त्रिपाठी ने उस युग में मुगल शहजादे दारा शिकोह को संस्कृत और वेदांत पढ़ाया था, जब दूसरे धर्म के लोगों को पढ़ाना बड़ी चुनौती थी।

मात्र 15 साल की आयु में 1920 के असहयोग आंदोलन में जेल जाने वाले कमलापति त्रिपाठी गांधीजी द्वारा शुरू किए गए विभिन्न आंदोलनों में करीब छह वर्ष जेल में रहे। जेल में रहते हुए ही उन्होंने *बापू और मानवता, बापू और भारत, इस्लामी दुनिया का सिरताज* जैसे ग्रंथ लिखे। *बापू और मानवता* के लिए उन्हें प्रतिष्ठित 'मंगला प्रसाद पारितोषिक' पुरस्कार भी मिला। आचार्य नरेंद्र देव और संपूर्णानंद के शिष्य के रूप में काशी विद्यापीठ से त्रिपाठी ने शास्त्री उपाधि ली। कांग्रेस के साथ ही उनके रचनात्मक कार्यक्रम आंदोलन से वह 1921 में ही जुड़ गए थे।

प्रसिद्ध संपादक बाबूराव विष्णु पराड़कर के शिष्य के रूप में में सन् 1932 से अपनी पत्रकारिता करने वाले त्रिपाठी जी ने आगे चलकर आज और संसार जैसे प्रतिष्ठित पत्रों का संपादन किया। एक हिंदीसेवी और साहित्यकार के रूप में भी उनका अहम योगदान रहा। कमलापति त्रिपाठी का संपादकीय कर्म 1952 के आम चुनाव तक जारी रहा। उसके बाद तो वह विधायक और उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्य के तौर पर सत्ता की राजनीति से जुड़ गए। उनके अगले पांच दशक उप-मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा के नेता विपक्ष जैसी भूमिकाओं के नाम रहे। अपने दौर में त्रिपाठी जी एक दक्ष प्रशासक और विकास की राजनीति के लिए जाने गए। उत्तर प्रदेश में सिंचाई और बिजली विभाग और केंद्र में रेल, सड़क परिवहन मंत्री के रूप में उन्होंने अपने काम की गहरी छाप छोड़ी। उनकी संगठन क्षमता का ही यह सम्मान था कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने उन्हें अपने कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में स्वीकार किया।

हिंदी के प्रति उनका ममत्व इस बात से उजागर होता है कि भारतीय संविधान के हिंदी अनुवाद में तो उनकी भूमिका रही ही, संविधान सभा में हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिलाने वाली मंडली में भी राजर्षि टंडन, सेठ गोविंद दास और नवीन जी के साथ त्रिपाठी भी शामिल थे। संविधान सभा के संसदीय दल में किसी भी विषय पर प्रस्ताव पारित करने से पूर्व संध्या में मतदान हुआ करता था। हिन्दुस्तानी और हिंदी में राजभाषा किसे बनाया जाए, इस पर मतभेद के बीच खुला मतदान हुआ। गांधी, नेहरू और अन्य बड़े नेता हिन्दुस्तानी चाहते थे। मतदान में हिंदी वालों को टंडन जी की ओर और हिन्दुस्तानी वालों को नेहरू जी की ओर खड़ा होना था। टंडन तक पहुंचने के क्रम में त्रिपाठी, नेहरू के सामने से गुजरे, टोके भी गए, पर वह ठिठके नहीं और तब एक वोट से फैसला हिंदी के पक्ष में हुआ। दूसरे दिन बाकायदा हिंदी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव सदन में आधिकारिक रूप से पेश हुआ।

कमलापति त्रिपाठी एक धर्मनिष्ठ व्यक्ति थे। तीन घंटे की पूजा से उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। एक बार इंदिरा गांधी ने उनसे कहा कि लोगों की शिकायत है कि पूजा में आप ज्यादा वक्त देते हैं, तो त्रिपाठी जी ने कहा, एक ही ऐब है। क्लब जाता नहीं, ताश खेलता नहीं, शेष वक्त काम करता हूं। इंदिरा गांधी मुस्कराकर चुप हो गईं। कभी भोजन कराते हुए वह खुद आम काटकर परोस रही थीं, तो त्रिपाठी बोले- आम नहीं खाता। एक बार तो इंदिरा जी तमकीं, पर कारण जानने के बाद देर तक माफी मांगती रहीं। त्रिपाठी बोले, '29 वर्ष का था। पेरोल पर बीमार पत्नी को देखने जेल से घर आया। पत्नी ने बच्चों की चिंता की, तो उनसे कहा कि मैं हूं न। फिर उन्होंने आम खिलाने को कहा, तो मना कर दिया। थोड़ी देर बाद ही उनका देहांत हो गया। तब से आज तक आम नहीं खाया और दबाव के बावजूद दूसरा विवाह भी नहीं किया।'

त्रिपाठी जितने धार्मिक थे, उतने ही धर्मनिरपेक्ष भी; जितने परंपरावादी थे, उतने ही आधुनिक भी। समन्वय की गतिशील चेतना ने राष्ट्रीय राजनीति में उन्हें अंत तक गौर से सुना जाने वाला प्रासंगिक किरदार बनाए रखा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# हृदय ही ईश्वर का घर

पूछा गया है कि ईश्वर और जगत का क्या संबंध है?

सब प्रकार के चेतन, अचेतन पदार्थ सूर्य की उपस्थिति मात्र से सक्रिय होते हैं, जो आकाश में बिना किसी संकल्प के उदित होता है। इसी प्रकार, सब कर्म, बिना किसी इच्छा या संकल्प के ईश्वर द्वारा होते हैं। सूर्य की विद्यमानता मात्र से सूर्यकांत मणि आग उगलता है, कमल खिलते हैं, नीलकमल बंद होते हैं और सभी प्रकार के प्राणी अपना-अपना कर्म करके निश्चेष्ट हो जाते हैं। जिस प्रकार चुंबक की मात्र सन्निधि से लौह शलाका गतिशील होती है और चंद्र के उदय मात्र से चंद्रकांत मणि से जल प्रवाहित होने लगता है, नीलकमल खिलते हैं तथा दिन के कमल बंद होते हैं, उसी प्रकार असंख्य ब्रह्मांडों का व्यवस्थित संचालन केवल ईश्वर की सन्निधि से संपन्न होता है।

पूर्णतया निस्संकल्प ईश्वर की सन्निधि में जीवित प्राणी अपने-अपने कर्मानुसार विभिन्न मार्गों पर चलते हुए विविध प्रकार के कर्म करते हैं। अंत में कर्म की निष्फलता का अनुभव करके पुनः आत्मा की ओर मुड़ते हैं और मुक्ति प्राप्त करते हैं। जैसे जगत् का कर्मकलाप सूर्य को प्रभावित नहीं करता और पृथ्वी, जल, तेज और वायु के गुणधर्म निरवयव, अनंत आकाश को प्रभावित नहीं करते, ऐसे ही प्राणियों के कर्मों का मन से परे स्थित ईश्वर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

व्यक्त संसार ईश्वरेच्छा के कारण शोक एवं अनिष्टों से भरा हुआ है। आपके मन में सवाल उठ सकता है कि ईश्वर क्यों ऐसी इच्छा करता है? यह प्रश्न गहन तथा असमाधेय है। उस शक्ति पर किसी भी हेतु का आरोपण नहीं किया जा सकता। उस एक, अनंत, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान ईश्वर के विषय में किसी इच्छा या लक्ष्य-प्राप्ति रूप प्रयोजन का विधान नहीं किया जा सकता। अपनी सन्निधि में होने वाले कार्यों से वह हमेशा निरस्पर्श रहता है। सूर्य और जगत के कार्यों की तुलना कीजिए। वह एक जब अनेक बनता है, तो इसके पीछे किसी जिम्मेदारी का आरोपण करना सर्वथा निरर्थक है।

सर्वशक्तिमान ईश्वर के नियमों के विरुद्ध कोई भी, कुछ भी नहीं कर सकता। यदि वैयक्तिक जीव एक आकार है, तो उसकी मूल-आत्मा जो ईश्वर हैं, साकार दिखेगा। यदि मनुष्य स्वयं निराकार हो, तो जैसे अन्य पदार्थों का ज्ञान नहीं होगा, यह कैसे कहा जा सकता है कि ईश्वर साकार है? दीर्घकाल तक किए गए ध्यान से, भक्त जिस किसी रूप का निरंतर चिंतन करता है, वही स्वरूप ईश्वर धारण करता है।

**भक्त जिस किसी रूप का निरंतर चिंतन करता है, वही स्वरूप ईश्वर धारण करता है। जहां तक उसके निवास स्थान का सवाल है, वह हृदय के अलावा अन्य किसी स्थान में निवास नहीं करता।**

इस प्रकार यद्यपि वह अनेक नामरूप धारण करता है, वस्तुतः निराकार चैतन्य ही है। जहां तक ईश्वर के निवास स्थान का सवाल है, वह हृदय के अलावा अन्य किसी स्थान में निवास नहीं करता।

**रमण महर्षि**

एंटोनियो गुटेरस | संयुक्त राष्ट्र महासचिव



**परमाणु परीक्षण भरोसे को तोड़ते हैं, हथियारों की होड़ बढ़ाते हैं और उन सभी लोगों के साथ विश्वासघात करते हैं, जो आज भी पुराने परमाणु हमले के असर को झेल रहे हैं। परमाणु परीक्षणों पर रोक का संकल्प नए सिरे से लेना होगा।**

# राजधानी में लड़कियां आज भी असुरक्षित

राजधानी दिल्ली में 16 वर्षीया छात्रा के साथ चलती बस में गैंगरेप की कथित घटना बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है। सवाल सिर्फ अपराध का नहीं, उस मानसिकता का भी है, जो किसी मासूम की इंसानियत और सम्मान को कुचलने की हिम्मत देती है। क्या ऐसे अपराध करने वालों को निर्भया कांड (2012) और उसके बाद हुई कड़ी कानूनी कार्रवाई का पता नहीं? क्या उन्हें कानून और सजा का डर नहीं? फिर भी कुछ लोग ऐसे घिनौने अपराध क्यों करते हैं? इसका जवाब केवल कठोर सजा में नहीं, बल्कि बचपन से मिलने वाले संस्कार, महिलाओं के प्रति सम्मान, सही शिक्षा और अपराध के प्रति समाज की असहिष्णुता में भी छिपा है। जब तक बेटियों को इंसान और बराबर का अधिकार रखने वाला व्यक्ति समझने की मानसिकता मजबूत नहीं होगी, कानून अकेला पर्याप्त नहीं होगा। साथ ही, माता-पिता को बच्चों के साथ संवाद बनाना चाहिए। छोटी-मोटी घरेलू नाराजगी में बच्चियों का अकेले घर से निकलना और अनजान लोगों या वाहनों पर भरोसा करना जोखिमपूर्ण हो सकता है। बेटियों को सावधान करना उनकी स्वतंत्रता रोकना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाना है। और, अपराधियों के लिए संदेश स्पष्ट होना चाहिए- कानून से बचने का कोई रास्ता नहीं।

**देव प्रकाश बमनावत,** टिप्पणीकार

**राष्ट्रीय** अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर चिंता पैदा करते रहे हैं। विशेष रूप से वर्ष 2013 के बाद के वर्षों में बलात्कार के मामलों का आंकड़ा इस समस्या की गंभीरता की ओर संकेत करता है। ऐसे में, 4 अगस्त की रात हुई घटना केंद्र सरकार से लेकर दिल्ली प्रशासन और पुलिस की बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े करती है। हालांकि, यह परिवार, समाज, प्रशासन और स्वयं महिलाओं, या यूं कहें कि हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, प्रभावी और सक्रिय सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षित व विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन और त्वरित पुलिस सहायता सुनिश्चित करना बहुत ही जरूरी है। किसी भी सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वहां महिलाएं और बेटियां कितनी सुरक्षित हैं? यह हमारी सुरक्षा व्यवस्था की उन कमजोर कड़ियों को दूर करने का अवसर है, जिनका लाभ अपराधी उठाते हैं। कानून में कठोरता जरूरी है, लेकिन उससे भी अधिक जरूरी है, उसका ईमानदार क्रियान्वयन।

**सुनील कुमार महला,** टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

**सामूहिक दुष्कर्म**




# पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हुई दिल्ली

साल 2012 में पूरे देश को झकझोरने वाले निर्भया कांड के बाद यदि किसी भारतीय शहर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सबसे व्यापक संस्थागत सुधार हुए हैं, तो वह दिल्ली है। भले ही, उसी तरह की फिर से एक घटना हुई है, लेकिन यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि तमाम चुनौतियों से जूझने के बावजूद इसे पूरी तरह से असुरक्षित शहर घोषित करना सच्चाई से आंखें मूंद लेना होगा।

सबसे पहले, कानूनी ढांचे में बड़ा बदलाव आया। 2013 के 'निर्भया ऐक्ट' के बाद बलात्कार की परिभाषा बदली गई, कठोर दंड का प्रावधान किया गया और फास्ट-ट्रैक अदालतों की स्थापना की गई। इसके साथ ही निर्भया फंड के माध्यम से सीसीटीवी, पैनिक बटन, महिला हेल्पलाइन और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन जैसी योजनाएं शुरू की गईं। इन सुधारों का उद्देश्य अपराध के बाद कार्रवाई में मदद से कहीं अधिक अपराध की रोकथाम था। दूसरा, दिल्ली में महिलाओं के लिए विशेष पुलिस व्यवस्था विकसित की गई। कई थानों में महिला हेल्प डेस्क, रात में पीसीआर गश्त, मेट्रो स्टेशनों पर महिला सुरक्षाकर्मी और सार्वजनिक स्थानों पर कैमरों का विशाल नेटवर्क बनाया गया। दिल्ली मेट्रो को विश्व की अपेक्षाकृत सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों में गिना जाता है, जहां प्रतिदिन लाखों महिलाएं बिना किसी बड़ी सुरक्षा आशंका के यात्रा करती हैं। तीसरा, हालिया घटना में पुलिस की त्वरित कार्रवाई भी व्यवस्था की एक सकारात्मक मिसाल है। रिपोर्टों के अनुसार, सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बस ड्राइवर और परिचालक को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया। इससे यह संकेत मिलता है कि जांच एजेंसियों की प्रतिक्रिया-क्षमता पहले की तुलना में अधिक प्रभावी हुई है। बदलाव सामाजिक स्तर पर भी दिखाई देता है। आज महिलाएं देर रात तक काम करती हैं, विश्वविद्यालयों, कॉरपोरेट कार्यालयों और सेवा क्षेत्र में उनकी भागीदारी लगातार बढ़ी है। किसी भी यौन अपराध पर समाज, मीडिया व न्यायपालिका की संवेदनशीलता पहले की अपेक्षा कहीं ज्यादा है। यही वजह है कि निर्भया के समय जो जन-आक्रोश दिखाई दिया था, वह अब इस घटना के बाद नहीं दिखता। महिलाओं के अधिकार अब राष्ट्रीय विमर्श के विषय बन चुके हैं।

निस्संदेह, राजधानी दिल्ली पहले से अधिक सुरक्षित हुई है। सुरक्षा केवल अपराधों की संख्या से नहीं, बल्कि कानून, संस्थाओं, त्वरित न्याय और नागरिकों की जागरूकता से भी मापी जाती है, इसलिए एक जघन्य घटना पूरे शहर की प्रगति को नकारने का आधार नहीं बन सकती; यह सुधारों को और मजबूत करने का संकेत है।

**अपर्णा कुमारी,** टिप्पणीकार

# वित्त और तकनीक के मेल से बढ़े मौके

वित्त से तकनीक की जुगलबंदी रोजगार अवसरों को लगातार बढ़ा रही है। इसे फिनटेक क्षेत्र भी कहा जा रहा है। मोबाइल से पैसे भेजना, ऑनलाइन लोन लेना और घर बैठे निवेश करना इसी का हिस्सा है। आरटीजीएस, आईएमपीएस और यूपीआई ने इसे तेजी दी है। फिनटेक में फाइनेंस के साथ एआई, डाटा, टेक्नोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे कौशल की मांग बढ़ रही है। इस क्षेत्र में रोजगार पाने के लिए सही शिक्षा और प्रशिक्षण की राह बता रहे हैं **अनुराग अन्वेषी**

## कल की तैयारी

भारत में फिनटेक तेजी से विस्तार कर रहा है और इसके साथ करियर के नए अवसर भी बढ़ रहे हैं। इस क्षेत्र में करीब 2.2 लाख लोग काम कर रहे हैं। रोजगार हर साल करीब 15 फीसदी की दर से बढ़ रहा है। ऐसे में कंपनियों को फाइनेंस के साथ एआई, डाटा, टेक्नोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी की समझ रखने वाले पेशेवरों की भी जरूरत बढ़ रही है।

### भारत फिनटेक का बड़ा बाजार

इस विस्तार के पीछे करीब दो दशक में हुआ डिजिटल बदलाव है, जिसके परिणामस्वरूप भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फिनटेक बाजार कहा जा रहा है। 2009 में आधार, 2010 में आईएमपीएस, 2013 में डिजिटल वॉलेट, 2014 में जनधन योजना और 2016 में यूपीआई ने इसकी नींव मजबूत की। इसके बाद डिजिटल लोन, ऑनलाइन निवेश, इंश्योरटेक, अकाउंट एग्रीगेटर और एआई आधारित सेवाओं ने फिनटेक का दायरा बढ़ाया। इसी के साथ करियर के नए रास्ते सामने आए।

### हाइब्रिड कौशल की मांग

फिनटेक के विस्तार के साथ ऐसे पेशेवरों की जरूरत बढ़ रही है, जो फाइनेंस और टेक्नोलॉजी दोनों की समझ रखते हों। ऐसे हाइब्रिड स्किल वाले लोगों की उपलब्धता अभी मांग के मुकाबले कम है।

करियर काउंसलर आलोक बंसल के अनुसार आने वाले समय में प्रोडक्ट मैनेजर, डाटा एनालिस्ट, साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ, क्लाउड और एपीआई विशेषज्ञ, रेगुलेटरी-कम्प्लायंस विशेषज्ञ, फ्रॉड प्रिवेंशन विशेषज्ञ, बिजनेस एनालिस्ट, कस्टमर एक्सपीरियंस/ ग्रोथ मैनेजर और यूएक्स डिजाइनर जैसे पदों की मांग फिनटेक में बढ़ सकती है।



**वेतन**
भूमिका और अनुभव के अनुसार फिनटेक में शुरुआती पैकेज करीब 8-25 लाख रुपये सालाना हो सकता है। अनुभव के साथ कई भूमिकाओं में यह 30-50 लाख या उससे अधिक तक पहुंच सकता है।

### सबसे ज्यादा मांग वाले 5 पद

- **प्रोडक्ट मैनेजर :** पेमेंट, ऋण और निवेश संबंधी उत्पाद तैयार करना व मैनेज करना।
- **रिस्क और क्रेडिट एनालिस्ट :** ग्राहक की क्रेडिट क्षमता और लोन जोखिम का आकलन करना।
- **पेमेंट्स इंजीनियर :** पेमेंट सिस्टम, एपीआई और ट्रांजेक्शन इंफ्रास्ट्रक्चर संभालना।
- **कम्प्लायंस और रेगुलेटरी विशेषज्ञ :** आरबीआई और अन्य वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित करना।
- **डाटा साइंटिस्ट/एमएल इंजीनियर :** क्रेडिट स्कोरिंग, फ्रॉड डिटेक्शन और वित्तीय मॉडल तैयार करना।

### फिनटेक में करियर किसके लिए?

फिनटेक सिर्फ फाइनेंस के छात्रों तक सीमित नहीं है। टेक्नोलॉजी, फाइनेंस और प्रोडक्ट-तीनों रास्तों से इसमें प्रवेश किया जा सकता है।

- कंप्यूटर साइंस, इंजीनियरिंग, कॉमर्स, बीबीए, अर्थशास्त्र और स्टैटिस्टिक्स जैसी पृष्ठभूमि वाले युवा भी इसमें करियर बना सकते हैं। 12वीं के बाद कंप्यूटर साइंस, कॉमर्स, फाइनेंस या स्टैटिस्टिक्स जैसे विषय चुने जा सकते हैं।
- आगे फिनटेक, डाटा एनालिटिक्स, एआई साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल बैंकिंग और फाइनेंशियल रेगुलेशंस में विशेषज्ञता हासिल की जा सकती है।
- टेक्नोलॉजी की पढ़ाई करने वाले युवा प्रोग्रामिंग और डाटा, जबकि फाइनेंस बैकग्राउंड वाले क्रेडिट, रिस्क और निवेश जैसे क्षेत्रों पर ध्यान दे सकते हैं।
- कोडिंग, डाटा और फाइनेंस की बुनियादी समझ के साथ इंटर्नशिप और प्रोजेक्ट से व्यावहारिक अनुभव लेना भी फायदेमंद रहेगा। मास्टर्स या एमबीए में फाइनेंस, फिनटेक, डाटा साइंस पर ध्यान दें।

### फिनटेक में सीएफए या एमबीए?

फिनटेक में सीएफए यानी चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट और एमबीए की उपयोगिता भूमिका के अनुसार बदलती है। सीएफए निवेश, वेल्थटेक, पोर्टफोलियो एनालिटिक्स और रिस्क जैसे क्षेत्रों में वित्तीय विश्लेषण की समझ मजबूत करता है। वहीं, एमबीए प्रोडक्ट मैनेजमेंट, रणनीति और नेतृत्व से जुड़ी भूमिकाओं में अधिक उपयोगी हो सकता है। दूसरी ओर, डाटा साइंस, सॉफ्टवेयर और साइबर सिक्योरिटी में डिग्री से ज्यादा तकनीकी कौशल और प्रोजेक्ट अनुभव मायने रखते हैं।

### कहां से करें अपस्किलिंग

फिनटेक और डिजिटल फाइनेंस की पढ़ाई के लिए आईआईएम/आईआईटी के फिनटेक सर्टिफिकेट कोर्स, एनआईएसएम और आईआईबीएफ के बैंकिंग-फाइनेंस कोर्स तथा आईआईटी-बॉम्बे और आईएसबी के विशेष प्रोग्राम किए जा सकते हैं। वहीं कोर्सेरा, अपग्रेड और ग्रेट लर्निंग जैसे ऑनलाइन मंच भी फिनटेक से जुड़े प्रोग्राम उपलब्ध कराते हैं।

- केवल प्रमाणपत्र नहीं, केस स्टडी और डिजिटल पेमेंट सिस्टम, एपीआई, बैंकिंग एप्लीकेशन और वित्तीय डाटा के साथ काम करने का व्यावहारिक अनुभव लेना भी जरूरी है।

### विशेषज्ञ की राय

“आने वाले दो दशकों में भारत के बैंकिंग और बीमा क्षेत्र में फिनटेक के विस्तार की संभावनाएं और अधिक व्यापक दिखाई देती हैं। एआई, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन, डाटा एनालिटिक्स, डिजिटल लेंडिंग, ओपन बैंकिंग और एम्बेडेड फाइनेंस जैसी तकनीकें वित्तीय सेवाओं के स्वरूप को बदल सकती हैं।
**-यश मोहन,** सॉफ्टवेयर इंजीनियर, (फिनटेक से जुड़े)

“इस क्षेत्र में प्रवेश करने वाले युवाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि वे वित्त और तकनीक दोनों की समझ विकसित करें। आप आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स किसी भी बैकग्राउंड से हों, डिग्री के अलावा व्यावहारिक ज्ञान और टेक्नो फ्रेंडली होना भी जरूरी होगा। यानी डिजिटल फाइनेंस के क्षेत्र में आने के लिए फाइनेंस के साथ-साथ तकनीक की भी जानकारी होनी चाहिए।
**-आलोक बंसल,** करियर काउंसलर

### अगले 5 साल में बदल जाएगी फिनटेक की तस्वीर

डिजिटल पेमेंट से आगे बढ़ता फिनटेक एआई, ब्लॉकचेन, एम्बेडेड फाइनेंस और डीफाई जैसी तकनीकों के साथ तेजी से बदल रहा है।



- **एआई से व्यक्तिगत वित्तीय सेवाएं :** ग्राहक की जरूरत के अनुसार लोन, निवेश और बीमा की पेशकश होगी। एआई, डाटा एनालिटिक्स और वित्तीय सेवाओं की समझ जरूरी होगी।



- **क्रिप्टो से आगे ब्लॉकचेन :** अंतरराष्ट्रीय भुगतान, स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट व डिजिटल पहचान में ब्लॉकचेन का इस्तेमाल बढ़ेगा। इस क्षेत्र में सॉलिडिटी जैसी प्रोग्रामिंग भाषा, स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट एवं सुरक्षा की समझ जरूरी होगी।



- **हर जगह एम्बेडेड फाइनेंस :** ई-कॉमर्स और दूसरी सेवाओं के साथ ही बैंकिंग, लोन और बीमा की सुविधा। एपीआई डेवलपमेंट/ इंटीग्रेशन और बैंकिंग, डाटा गोपनीयता एवं वित्तीय नियमों की समझ महत्वपूर्ण होगी।



- **ग्रीन फिनटेक :** पर्यावरण से जुड़े निवेश, कार्बन निगरानी व जलवायु जोखिम पर आधारित वित्तीय सेवाओं का विस्तार होगा। इसके लिए सस्टेनेबिलिटी एनालिटिक्स, ईएसजी फ्रेमवर्क और जलवायु जोखिम के आकलन की समझ उपयोगी होगी।



- **डीफाई का बढ़ता इस्तेमाल :** पारंपरिक बैंकिंग से अलग लोन, निवेश और ट्रेडिंग के नए विकल्प उभरेंगे। इसके साथ ब्लॉकचेन, स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट और वेब3 से जुड़े कौशल की मांग बढ़ सकती है।

## जॉब/करियर

- डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट्स (भारतीय डाक) ने ग्रामीण डाक सेवक के पदों पर भर्तियां निकाली हैं। विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर दी गई है।
**कुल पद :** 23,757
**अंतिम तिथि :** 19 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन। देखें यह वेबसाइट **indiapost.gov.in**

- इसरो सेंट्रलाइज्ड रिक्रूटमेंट बोर्ड (आइसी.आर.बी) में वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' के पदों पर आवेदन का मौका है।
**कुल पद :** 175
**अंतिम तिथि :** 16 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** केवल ऑनलाइन। वेबसाइट **isro.gov.in** पर लॉगइन करें।

- इंडियन ओवरसीज बैंक में जनरलिस्ट/ स्पेशलिस्ट ऑफिसर के पद भरे जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है।
**कुल पद :** 291
**अंतिम तिथि :** 15 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन। वेबसाइट देखें- **iob.bank.in**

- जनपद मथुरा, उत्तर प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण परिक्षेत्रों में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पद रिक्त हैं। योग्य महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
**कुल पद :** 544
**अंतिम तिथि :** 13 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** इस वेबसाइट **upanganwadibharti.in** पर जाएं।

- नेशनल इन्फॉर्मेटिक सेंटर में साइंटिफिक/ टेक्निकल असिस्टेंट-ए के पद भरे जाएंगे। आवेदन प्रक्रिया शुरु हो गई है।
**कुल पद :** 376
**अंतिम तिथि :** 30 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** देखें वेबसाइट- **nic.gov.in**



- बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर समेत अन्य पद भरे जाएंगे। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
**कुल पद :** 205
**अंतिम तिथि :** 25 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट देखें- **bankofindia.bank.in**

- राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर में जूनियर इंजीनियर के पदों पर आवेदन का अवसर है। आवेदन ऑनलाइन करना होगा।
**कुल पद :** 874
**अंतिम तिथि :** 14 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट **rssb.rajasthan.gov.in** पर जाएं।

- एअरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में अप्रेंटिस की रिक्तियां हैं। प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष होगी।
**कुल पद :** 205
**अंतिम तिथि :** 16 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन। देखें यह वेबसाइट **aai.aero**

(नोट : आवेदन करने से पहले आधिकारिक वेबसाइट से अपने स्तर पर जांच कर लें)

# कॉमर्स पढ़कर भी आईटी क्षेत्र में बनाएं शानदार करियर

**एक्सपर्ट टिप्स**



**डॉ. संजीब कुमार आचार्य**
सीनियर करियर काउंसलर



**■ मैंने कॉमर्स से 12वीं की है। बिना कंप्यूटर साइंस या कोडिंग बैकग्राउंड के आईटी क्षेत्र में एक सफल फ्रंटएंड डेवलपर कैसे बन सकता हूं? कौन-सी प्रोग्रामिंग भाषाएं और टूल्स सीखने चाहिए? - सुमित शर्मा**

कॉमर्स के छात्र भी आईटी क्षेत्र, खासकर फ्रंटएंड डेवलपमेंट में करियर बना सकते हैं। इसके लिए उपयुक्त स्नातक पाठ्यक्रम चुनना पहला कदम है। कॉमर्स के छात्रों के लिए बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस) एक अच्छा विकल्प है, खासकर उन छात्रों के लिए जिन्होंने 12वीं में गणित, एप्लाइड मैथ्स या कंप्यूटर साइंस विषय पढ़ा है। कई विश्वविद्यालय ऐसे छात्रों को बीएससी कंप्यूटर साइंस या आईटी में भी प्रवेश देते हैं। वहीं, कुछ विश्वविद्यालय बिना इन विषयों के भी कॉमर्स छात्रों को इस कोर्स में प्रवेश देते हैं।

सीखने की शुरुआत एचटीएमएल और सीएसएस से की जा सकती है। इसके बाद जावास्क्रिप्ट सीखें, जो आधुनिक इंटरैक्टिव वेबसाइट बनाने की नींव है। आगे रिएक्ट.जेएस, गिट और गिटहब जैसे टूल्स पर पकड़ बनाकर उद्योग की जरूरतों के अनुरूप कौशल निखारे जा सकते हैं। प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट बनाने पर ध्यान देना चाहिए। व्यक्तिगत वेबसाइट, कैलकुलेटर या टू-डू एप से शुरुआत कर धीरे-धीरे जटिल वेब एप्लिकेशन तैयार किए जा सकते हैं। साथ ही, रिस्पॉन्सिव डिजाइन, एपीआई, डिबगिंग और यूआई/यूएक्स की समझ प्रोफाइल को मजबूत बनाएगी। वहीं, कॉमर्स की पढ़ाई फिनटेक, ई-कॉमर्स और बिजनेस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में अतिरिक्त लाभ दे सकता है।

**■ रेलवे में लोको पायलट बनने के लिए किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है? मार्गदर्शन करें। -शिवम सिंह**

भारतीय रेलवे में लोको पायलट तकनीकी कौशल से जुड़ा करियर है। इसकी शुरुआत आमतौर पर सहायक लोको पायलट के पद से होती है, जिसकी भर्ती रेलवे भर्ती बोर्ड के माध्यम से होती है। इसके लिए सामान्यतः 10वीं पास के साथ आईटीआई प्रमाणपत्र या मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स या ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय डिप्लोमा/बीटेक जरूरी होता है। आयु सीमा आमतौर पर 18 से 33 वर्ष रहती है।

चयन प्रक्रिया तीन चरणों में होती है। कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी)-1 में गणित, रीजनिंग और सामान्य विज्ञान से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं। सीबीटी-2 में तकनीकी विषयों और संबंधित ट्रेड के ज्ञान की गहन जांच होती है। अगले चरण में कंप्यूटर बेस्ड एप्टीट्यूड टेस्ट (सीबीएटी) के जरिए उम्मीदवार की सतर्कता, एकाग्रता और प्रतिक्रिया क्षमता परखी जाती है। अंत में दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल जांच होती है। यात्रियों या माल से भरी ट्रेन का संचालन करने के लिए अच्छी दृष्टि, रंगों की पहचान, बेहतर श्रवण क्षमता और शारीरिक फिटनेस जरूरी हैं। परीक्षा की तैयारी में गणित, रीजनिंग, सामान्य विज्ञान, सामान्य जागरूकता और तकनीकी ज्ञान पर पकड़ मजबूत करें। पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र और मॉक टेस्ट हल करें। पात्रता, रिक्तियां, परीक्षा पैटर्न और मेडिकल मानकों में बदलाव हो सकते हैं, इसलिए नवीनतम आरआरबी अधिसूचना जरूर देखें।

(www.sanjibacharya.com)

## हिन्दुस्तान क्विज-21

**हिन्दुस्तान अर्थात भारत की विकास यात्रा बहुआयामी रही है। इसी महायात्रा से हम पाठकों के लिए कुछ प्रश्न लेकर आए हैं, जो सामान्य ज्ञान के लिए उपयोगी हैं। पेश हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पार्थ सारथी सेन शर्मा के दस सवाल और उनके जवाब...**



1. सिख साम्राज्य के अंतिम शासक कौन थे ?
2. फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों को किस वर्ष परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था?
3. आजाद हिन्दुस्तान के पहले विदेश मंत्री कौन थे?
4. स्वामी विवेकानंद को विवेकानंद नाम किसने दिया था?
5. हिन्दुस्तान की आजादी से पहले की रियासतों में वो कौन सी रियासत है, जो अपनी बेगमों के शासन के लिए प्रसिद्ध थी?
6. हिन्दुस्तान का सबसे पुराना राष्ट्रीय उद्यान कौन सा है?
7. हिन्दुस्तान की सबसे लंबी सीमा किस देश के साथ है?
8. वह कौन सी पहली हिन्दुस्तानी महिला थीं, जिनको मिस वर्ल्ड का खिताब दिया गया था?
9. हिन्दुस्तान की केंद्र सरकार में कैबिनेट मिनिस्टर बनने वाली पहली महिला कौन थीं?
10. हिन्दुस्तान का बिस्मार्क किसे कहा जाता है?

उत्तर : 1. राजा दलीप सिंह 2. 1972 में 3. जवाहर लाल नेहरू 4. खेतड़ी के महाराजा अजीत सिंह ने 5. भोपाल 6. जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान 7. बांग्लादेश 8. रीता फारिया 9. राजकुमारी अमृत कौर 10. सरदार वल्लभभाई पटेल

## भेजें अपना सवाल

करियर या शैक्षिक कोर्स संबंधी आपके मन में कोई उलझन है या कोई जानकारी चाहते हैं, तो आप हमें अपने सवाल नीचे दी गई ईमेल पर भेज सकते हैं। हमारे विशेषज्ञ उसके जवाब देंगे। इस ईमेल आईडी का उपयोग करें **nayiraheincareer@gmail.com**

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**वृष :** धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। संयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** मन परेशान हो सकता है। धैर्यशीलता बनाए रखें। नौकरी में इच्छा विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक होगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। माता की सेहत में सुधार होगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**सिंह :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु धैर्यशीलता भी बनाए रखें। कारोबारी कार्यों में मन लगेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या :** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में परेशानी आ सकती है। आय में कमी और खर्च में अधिकता की स्थिति हो सकती है।

**तुला :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। सेहत के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें।

**धनु :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संतान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं।

**मकर :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु धैर्यशीलता भी बनाए रखें। पिता की सेहत में सुधार होगा। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय वृद्धि होगी। मित्रों का साथ मिलेगा। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मीन :** वाणी में मधुरता रहेगी। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। पढ़ाई में सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

03 सितंबर, गुरुवार, **शक संवत् :** 12, भाद्रपद (सौर) 1948 **पंजाब पंचांग :** 18, भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम :** 20, रबि-उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत् :** भाद्रपद कृष्ण सप्तमी तिथि रात्रि 02.26 मिनट तक, कृतिका नक्षत्र रात्रि 12.30 मिनट तक, व्याघात योग सायं 06.33 मिनट तक पश्चात हर्ष योग, विष्टि (भद्रा) करण अपराह्न 03.27 मिनट तक, चन्द्रमा मेष राशि में प्रातः 07.26 मिनट तक उपरांत वृष राशि।

**सूर्य दक्षिणायन।** सूर्य उत्तर गोल। वर्षा ऋतु। दोपहर 01.30 मिनट से अपराह्न 03 बजे तक राहुकालम्। शीतला सप्तमी।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**यदि पति-पत्नी के जीवन में समस्या आ रही हो, तो किन बातों का ध्यान रखें-**

- यदि उनका बेडरूम अग्नि कोण में हो, तो उनमें अक्सर झगड़े होते रहते हैं।
- इसके लिए उनके बेडरूम में हल्का सफेद या हल्का हरा इलाइची रंग करवाएं।
- उनके बेडरूम में ईशान कोण में एक चांदी का स्वास्तिक लगाएं।
- बेडरूम पश्चिम उत्तर-पश्चिम दिशा में होने पर दोनों या एक को डिप्रेशन की समस्या हो सकती है। कमरे के उत्तर-पश्चिम में चांदी का एक चन्द्रमा लगाएं।
- बेडरूम ईशान कोण में होगा तो उनके आपसी संबंध बहुत प्रभावित होंगे। इसके लिए उनके बेडरूम की दक्षिण-पश्चिम दिशा में पहाड़ का एक चित्र लगाएं।

### वर्ग पहेली : 8440

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | 2 | | | 3 | 4 | ■ | 5 |
| 6 | ■ | | ■ | ■ | 7 | | | |
| 8 | | | | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 9 | ■ | ■ | 10 | |
| | ■ | 11 | | | | 12 | ■ | |
| 13 | | ■ | ■ | | ■ | | ■ | |
| | ■ | 14 | ■ | ■ | 15 | | | |
| 16 | | | 17 | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | 18 | | | | | | ■ |

**बाएं से दाएं**
1. चिंतन करना; विचार करना; अध्ययन करना (3,3)
7. फाड़ने वाला; नौसादर; गहरा खड्डा (4)
8. आम; मामूली; सामान्य (4)
10. मौज; लगन; तल्लीनता (2)
11. अधम पुरुष; नीच मनुष्य; पिशाच जैसा क्रूर नर (5)
13. खून; रुधिर; लहू (2)
15. गौना; द्विरागमन; पत्नी को मायके से अपने घर ले जाने की रस्म (4)
16. आग जलाने के लिए प्रवृत्त करना; आग लगवाना; दग्ध करवाना (4)
18. असफल करना; विफल करना (3,3)

**ऊपर से नीचे**
2. नगर में रहने वाले; नागरिक; निवासी (5)
3. दिनकर; दिवाकर; प्रभाकर; भास्कर; सूर्य (2)
4. अबोध; अनाड़ी; नासमझ (3)
5. हिसाब लगवाना; संभावित व्यय का पहले से ही अनुमान लगवाना (4,4)
6. मसाला मिला खाद्य; चटपटा खाना (5,3)
9. आक्रोशित; कोपयुक्त; क्रुद्ध; विक्षुब्ध; रुष्ट (3)
12. चमकीला; भड़कीला (5)
14. मतवाला; पागल; विक्षिप्त (3)
17. कोना; चौक; मुहाना; प्रवेश द्वार; सूई का छिद्र (2)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8439

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 प | 2 द | चा | 3 प | ■ | 4 झ | ट | 5 का |
| 6 चे | ■ | या | ■ | 7 द | ली | ल | ■ | न |
| 8 ह | त्या | क | र | ना | ■ | क | ■ | में |
| रा | ■ | र | ■ | म | ■ | ■ | 9 दुं | बा |
| खि | ■ | 10 ना | री | ■ | 11 छा | 12 प | ■ | त |
| 13 ले | त | ■ | ■ | 14 की | ■ | रि | ■ | क |
| उ | ■ | 15 सु | ■ | 16 ला | प | र | वा | ह |
| ठ | ■ | 17 म | ल्ला | ह | ■ | क्ष | ■ | ना |
| 18 ना | दा | न | ■ | 19 ल | प | क | ना | ■ |

### सुडोकू : 8394

*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | | | | 5 | |
| | | | 7 | 2 | | | 9 | |
| | | 7 | | | 9 | 2 | 4 | 1 |
| | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | | 6 | | | | 3 |
| | 5 | | | | | | | |
| 4 | 7 | 9 | 5 | | | 1 | | |
| | 2 | | | 7 | 1 | | | |
| | 1 | | | | | | | 8 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8393

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 2 | 5 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 |
| 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 |
| 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 7 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 4 |
| 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 | 3 |

## संपादकीय

# विद्यार्थ्यांना 'सर्वोच्च' दिलासा

**'नीट-यूजी'** परीक्षेतील कथित गैरव्यवहाराविरोधात देशभर आवाज उठविणाऱ्या विद्यार्थ्यांना अखेर सर्वोच्च न्यायालयाने मोठा दिलासा दिला आहे. आंदोलक विद्यार्थ्यांवरील गुन्हे रद्द करण्याचा न्यायालयाचा निर्णय हा केवळ काही एफआयआर रद्द करण्यापुरता मर्यादित नाही; तो लोकशाहीत शांततामय आंदोलनाच्या अधिकाराला मिळालेला न्यायिक आधार आणि विद्यार्थ्यांच्या भवितव्याचे रक्षण करणारा महत्त्वपूर्ण संदेश आहे. परीक्षा प्रक्रियेतील पारदर्शकतेबाबत प्रश्न उपस्थित करणाऱ्या तरुणांना गुन्हेगाराच्या पिंजऱ्यात उभे करण्याऐवजी त्यांचा आवाज ऐकला गेला पाहिजे, हीच या निर्णयामागील व्यापक भावना आहे. २० ते २५ जुलैदरम्यान 'कॉक्रोच जनता पार्टी'च्या नेतृत्वाखाली जंतर-मंतर, संसद भवन परिसर तसेच महाराष्ट्र, बिहार, आसाम, झारखंड आणि पश्चिम बंगालमध्ये विद्यार्थ्यांनी आंदोलने केली होती. लाखो विद्यार्थ्यांचे भविष्य एका परीक्षेवर अवलंबून असताना परीक्षेच्या विश्वासार्हतेवरच प्रश्नचिन्ह निर्माण होणे, ही किरकोळ बाब नव्हती. या असंतोषाला संघटित अभिव्यक्ती मिळाली आणि देशाच्या विविध भागांत विद्यार्थी रस्त्यावर उतरले. मात्र, आंदोलनाच्या काळात घडलेल्या घटनांनी परिस्थितीचे गांभीर्य आणखी वाढविले. पोलिसांच्या कारवाईत अनेक विद्यार्थी जखमी झाल्याचे आरोप झाले. परीक्षेतील कथित अन्याय, अनिश्चितता आणि मानसिक तणावाच्या वातावरणात काही विद्यार्थ्यांनी टोकाची पावले उचलल्यानेही समाजमन अस्वस्थ झाले. विद्यार्थ्यांच्या अस्वस्थतेची कारणे समजून घेणे आणि परीक्षा व्यवस्थेवरील विश्वास पुनर्स्थापित करणे ही सरकारचीही जबाबदारी होती. 'सीजेपी'चे संस्थापक अभिजित दीपके आणि सहसंयोजक सौरव दास यांच्या नेतृत्वाखालील या आंदोलनाने विद्यार्थ्यांच्या प्रश्नाला राष्ट्रीय पातळीवर नेले. केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान यांच्या राजीनाम्यानंतर आंदोलन मागे घेण्यात आले. परंतु, त्यानंतर आंदोलक विद्यार्थ्यांवर गुन्हे दाखल झाल्याने संघर्षाचा नवा अध्याय सुरू झाला. या प्रकरणांमुळे अनेक विद्यार्थ्यांच्या शिक्षणावर, नोकरीच्या संधींवर आणि भविष्यातील कारकिर्दीवर टांगती तलवार निर्माण झाली होती. एकीकडे परीक्षेतील पारदर्शकतेसाठी आवाज उठवायचा आणि दुसरीकडे त्या आवाजाची किंमत आयुष्यभर गुन्हेगारी नोंदीच्या रूपाने मोजायची, ही परिस्थिती स्वीकारार्ह ठरू शकत नव्हती. याच मुद्यावर 'सीजेपी'ने पुन्हा आंदोलनाची हाक दिली. ५ सप्टेंबर रोजी इंडिया गेट ते दिल्ली पोलिस मुख्यालयापर्यंत निघणारा नियोजित मोर्चा हा विद्यार्थ्यांच्या असंतोषाचा चरमबिंदू ठरणार होता. मात्र, सर्वोच्च न्यायालयाने वेळीच केलेला हस्तक्षेप अत्यंत महत्त्वाचा ठरला. सरन्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ती जॉयमाल्या बागची आणि न्यायमूर्ती व्ही. मोहना यांच्या खंडपीठाने प्रकरणाकडे संवेदनशीलतेने पाहिले. एफआयआर रद्द करण्याची नियमित प्रक्रिया दीर्घकाळ चालू शकते आणि त्या काळात विद्यार्थ्यांच्या नोकरी व अन्य संधींवर प्रतिकूल परिणाम होऊ शकतो, ही वस्तुस्थिती न्यायालयाने लक्षात घेतली. संविधानाच्या कलम १४२ अंतर्गत विशेष अधिकारांचा वापर करून निष्पाप आंदोलकांवरील गुन्हे रद्द करण्याचा निर्णय त्यामुळे विशेष महत्त्वाचा ठरतो. दोन्ही बाजूंनी सकारात्मक भूमिका घेतली, तर प्रश्न संवादातून सुटू शकतात, ही सरन्यायाधीशांनी केलेली टिप्पणीही लोकशाहीच्या मूलभूत तत्त्वांना अधोरेखित करणारी आहे. न्यायालयाने केवळ सहानुभूतीच्या भूमिकेतून निर्णय दिलेला नाही. कारण, गंभीर गुन्हेगारी पार्श्वभूमी असलेल्या २,८७३ व्यक्तींविरोधातील कारवाई कायम ठेवून न्यायालयाने आंदोलनाचा अधिकार आणि कायदा-सुव्यवस्थेची गरज यांच्यात आवश्यक तो समतोल साधला आहे. केंद्र सरकारने न्यायालयात घेतलेली सकारात्मक भूमिकाही महत्त्वाची आहे. महाधिवक्ता तुषार मेहता यांनी विद्यार्थ्यांच्या भवितव्यावर भविष्यात कोणतीही कायदेशीर टांगती तलवार राहणार नाही, अशी ग्वाही दिली. आत्महत्या केलेल्या विद्यार्थ्यांच्या कुटुंबांना तसेच लाठीमारात जखमी झालेल्या आंदोलकांना ९० दिवसांत योग्य आर्थिक नुकसानभरपाई देण्याच्या निर्देशांची प्रभावी अंमलबजावणी करणे, ही आता सरकारची नैतिक आणि प्रशासकीय जबाबदारी आहे. मात्र, खरा प्रश्न अजूनही कायम आहे. विद्यार्थ्यांना आंदोलनाची वेळच का यावी? परीक्षा व्यवस्थेतील पारदर्शकता, प्रश्नपत्रिकांची सुरक्षा आणि निकाल प्रक्रियेवरील विश्वास यांची जबाबदारी व्यवस्था वेळेत पार पाडणार असेल, तर तरुणांना रस्त्यावर उतरावे लागणार नाही. सर्वोच्च न्यायालयाच्या या निर्णयाची खरी शिकवणही तीच आहे. विद्यार्थ्यांचा आवाज दाबू नका; तो ऐका. कारण परीक्षा केवळ गुणांची नसते, ती व्यवस्थेच्या विश्वासार्हतेची देखील असते!

# ओबीसीमधील 'क्रीमी लेअर'चा ३३ वर्षे जुना गोंधळ

### 'क्रीमी लेअर ओबीसी म्हणजे नक्की कोण?' - ज्यांच्या ओबीसी पालकांचे वार्षिक उत्पन्न ६ ते ८ लाख रुपये आहे, ते! - हे गणित इतके सोपे आहे का?



**नितीन चौधरी**
मुख्य संयोजक, राष्ट्रीय ओबीसी मुक्ती मोर्चा

**देशात** इतर मागासवर्गीय (ओबीसी) संघटनांकडून 'जनगणना-२७'मध्ये वेगळ्या रकान्याची जोरदार मागणी होत आहे. गेल्या काही वर्षांत ओबीसीचा आरक्षणातील वाटा किती असावा व आधारची पडताळणी संबंधाने नवनवे प्रश्न उपस्थित होत आहेत. अशातच सरकारी नोकरी व शिक्षण प्रवेशासाठी आधारभूत असलेल्या क्रीमी लेअर (उन्नत वर्ग)चा गुंता किंवा त्यातील वस्तुनिष्ठ स्पष्टतेचा तिढा ३३ वर्षांपासून सुटलेला नाही.

ज्या नॉन-क्रीमी लेअर प्रमाणपत्राच्या आधारे ओबीसी उमेदवाराला सरकारी नोकरी व शैक्षणिक प्रवेशाचा मार्ग प्रशस्त होतो, त्याबाबतची मूलभूत स्पष्टता ओबीसी नागरिकच नव्हे तर कार्यकर्त्यांनाही नाही. त्यामुळे ओबीसी आरक्षणाच्या अंमलबजावणीतील आधारभूत असलेल्या क्रीमी लेअर प्रमाणपत्र वितरण व पडताळणीत प्रशासक, अधिकाऱ्यांच्या मनमानीचा मोठा अडथळा निर्माण झाला आहे. परंतु, याकडे ओबीसी आंदोलनांचेही दुर्लक्ष झाले. जरांगे-पाटील मात्र नाव नोंदी, नोंदीसंबंधी जीआर, प्रमाणपत्र वितरण समिती ते जात पडताळणीपर्यंत सर्वांवर नजर ठेवून दिसतात.

क्रीमी लेअरच्या निकषांसंदर्भात सर्वोच्च न्यायालयाचा एक निर्णय ११ मार्च २०२६ ला आला. पी. एस. नरसिंहन व आर. महादेवन या पीठाने भारत सरकार वि. रोहित नाथन व अन्य दाव्या संबंधाने हा निकाल दिला. २०१२ पासून नागरी सेवा परीक्षेत गुणवत्ताप्राप्त ओबीसी विद्यार्थ्यांना नॉन-क्रीमिलेअर अभावी नियुक्त्यांपासून वंचित राहावे लागले होते. कारण यापैकी काही ओबीसी विद्यार्थ्यांचे पालक सार्वजनिक उपक्रम जसे बँक, विमा, विद्यापीठे तर काहींचे पालक खासगी संस्था, उद्योगात कार्यरत होते. या सर्व पालकांबाबत सरकारी पद श्रेणी संबंधाच्या समकक्ष निकषाच्या पहिल्या परिच्छेदातील शब्दयोजना ध्यानात घेतली नाही. त्याऐवजी दुसऱ्या परिच्छेदातील आर्थिक उत्पन्नाचा निकष लागू करून नॉन-क्रीमी लेअर प्रमाणपत्रे रद्द करण्यात आली होती. ११ मार्चच्या निकालात सर्वोच्च न्यायालयाने क्रीमी लेअर संबंधित केंद्र सरकारने काढलेल्या पहिल्या दि. ८/९/१९९३ च्या ३६०१२/१२/९३ सूचनापत्राचे आणि कार्मिक व प्रशिक्षण विभागाने काढलेल्या ३६०३३/५/२००४ दि. १४/१०/२००४ चे स्पष्टीकरणपत्र काढले. त्यात सरकारी सेवापदातील कर्मचारी आणि सार्वजनिक संस्था, खासगी संस्थांमधील कर्मचारी यांच्यात 'शत्रुतापुर्ण भेदभाव केलेला दिसतो', असे अत्यंत प्रखर न्यायिक अवलोकन केले. नोकरी करणाऱ्या सेवकांमध्ये एखादे प्रमाणपत्र देताना भेदभाव करणे हे संविधानाच्या मूलभूत अधिकाराच्या अनुच्छेद १४, १५ चे उल्लंघन ठरते. म्हणून संबंधित कार्मिक व प्रशिक्षण विभागाचे क्रीमी लेअर संबंधित ३६०३३/५/२००४ च्या स्पष्टीकरणपत्रातील परिच्छेद ३-९ मध्ये योग्य ते समकक्ष बदल करण्याची सूचना केली. दरम्यान, ज्या ९५८ विद्यार्थ्यांना ओबीसी नॉन-क्रीमी लेअर प्रमाणपत्राअभावी नागरी सेवेपासून वंचित राहावे लागले, त्यांना पुढील सहा महिन्यांत योग्य ते फेरबदल करून पदे बहाल करण्याचेही निर्देश दिले.




ओबीसी आरक्षणाच्या डोक्यावर क्रीमी लेअरचे ओझे असल्यामुळे ओबीसी आरक्षण विषय अधिक किचकट करून टाकला आहे. मंडल आयोगाच्या शिफारसीतील केवळ सरकारी नोकरीत २७ टक्के आरक्षणाबाबत प्रशासकीय निर्देश निघाले आणि ओबीसी आरक्षण विरोधकांनी देशभर विरोध सुरू केला. न्यायालयाने तडकाफडकी त्याला स्थगिती दिली. ओबीसी आरक्षण देणारे व्ही. पी. सिंग सरकार पाडले. या सर्व घटना केवळ दोन-तीन महिन्यांतच घडल्या. १६ नोव्हेंबर १९९२ ला सर्वोच्च न्यायालयाच्या नऊ न्यायाधीशांच्या संवैधानिक खंडपीठाने शेवटी ओबीसी आरक्षणाला न्याय देतानाच, ओबीसीतील उन्नत व्यक्ती-क्रीमी लेअर-वगळण्याची अट घातली होती. सोबत सामाजिक मागासवर्गीय आरक्षणाला ५० टक्के मर्यादेची अटही लावली.

आता ओबीसीतील हा क्रीमी लेअर- म्हणजे उन्नत व्यक्ती कोण? तर त्याचा शोध घेण्यासाठी सरकारने २२ फेब्रुवारी १९९३ ला न्या. रामानंद प्रसाद यांच्या अध्यक्षतेखाली समिती नेमली. या समितीने १० मार्च १९९३ ला अहवाल सादर केला. पहिला केंद्रीय शासन निर्णय ८/९/१९९३ ला काढला. त्यात जे विविध निकष दिले गेले, त्या निकषांच्या शब्दयोजनेचे स्पष्टीकरण शोधताशोधता गोंधळ वाढत गेला, तो आजतागायत कायम आहे.

यातील स्पष्टतेसंबंधाने केंद्रीय कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग आणि राज्य सरकारने वेळोवेळी परिपत्रक काढले. आजही 'क्रीमी लेअर ओबीसी कोण?' - या प्रश्नाचे एकमेव उत्तर मिळते. ते म्हणजे - ज्या ओबीसी पालकांचे वार्षिक उत्पन्न ६ ते ८ लाख रुपये आहे, ते! सरकारी अधिकाऱ्यांची तोंडी परीक्षा घेतली, तरीही त्यांच्याकडूनही हेच एकमेव उत्तर येईल. - पण हा विषय इतका सरळ-सोपा आहे का? - नाही.

त्याची कारणे उद्याच्या उत्तरार्धात..

## अन्वयार्थ

# मदत नको, भरपाई द्या- नकार ते स्वीकारापर्यंत नेपाळचा प्रवास

### आम्ही दुर्बल मदतयाचक नसून, न्याय्य हक्क मागणारे पीडित राष्ट्र आहोत, असा आक्रमक सूर नेपाळने लावला आहे. यामागची कारणे नेमकी काय आहेत?



**रवी टाले**
कार्यकारी संपादक, लोकमत, अकोला

**काही** दिवसांपूर्वी विदेशी बचाव पथकांना उंबरठ्यावरच थोपवणारा नेपाळ, आज त्याच आपत्तीचा दाखला देत, भारत, चीन आणि अमेरिकेकडून थेट हवामान भरपाई मागत आहे. हा दोन टोकांदरम्यानचा प्रवास नेपाळच्या परराष्ट्र धोरणाचे नवे, आक्रमक स्वरूप अधोरेखित करतो.

परराष्ट्रमंत्री शिशिर खनाल स्थानिक वाहिनीला दिलेल्या मुलाखतीत म्हणाले, 'आम्ही आमची राजनैतिक चौकट 'मदती'कडून 'न्याय आणि भरपाई'कडे वळवत आहोत. ही दानाची बाब नसून, कायदेशीर व नैतिक जबाबदारीची बाब आहे.' चीन, अमेरिका आणि भारत या जगातील तीन सर्वांत मोठ्या हरितगृह वायू उत्सर्जकांची नेपाळसारख्या असुरक्षित राष्ट्रांप्रती 'ऐतिहासिक जबाबदारी' असल्याचा दावा करत, नेपाळच्या अर्थ मंत्रालयाने औपचारिक भरपाई-पत्र पाठवले असून, 'नुकसान आणि भरपाई निधी'कडेही तातडीच्या आर्थिक सहाय्याची मागणी केली आहे. नेपाळ महापूर आपत्तीतील मृतांचा आकडा आता १,१२७ वर पोहोचला असून ४,८५८ जण अद्याप बेपत्ता आहेत. पंतप्रधान बालेन शाह स्वतः संयुक्त राष्ट्र महासभेत उपस्थित राहून ही मागणी मांडणार का, यावर सरकारमध्ये चर्चा सुरू आहे.

भोटेकोशी-त्रिशुली पुरात शेकडो बळी गेले आणि शेकडो विदेशी नागरिक बेपत्ता झाले, तेव्हा परराष्ट्र मंत्रालयाचे प्रवक्ते लोकबहादूर छेत्री यांनी, नेपाळी लष्कर व पोलिस सक्षम असल्याचा दावा करत, विदेशी शोध-बचाव पथकांची गरज नसल्याचे स्पष्टपणे सांगितले; पण अवघ्या २४ तासांतच भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया आणि दक्षिण कोरियाच्या पथकांना हिरवा कंदील मिळाला. आधीचे घुमजाव आणि ताजी भरपाईची मागणी, या दोन्ही एकाच नाण्याच्या दोन बाजू आहेत. नेपाळने २०१५ मधील भूकंपानंतरच्या गोंधळातून शिकलेला, 'नियंत्रित मदत हवी' हा धडा, हा सुरुवातीच्या नकारामागील तर्क होता; परंतु बोगद्यांत अडकलेल्यांचा शोध घेण्यासाठी आवश्यक तंत्रज्ञान नेपाळकडे नव्हते आणि बेपत्ता नागरिकांच्या देशांकडून आलेल्या राजनैतिक दबावानंतरच भूमिका बदलली, हे वास्तव त्या तर्काला छेद देते.

जे दुर्दैवी जीव अद्यापही बेपत्ता आहेत, ते जिवंत असण्याची शक्यता आता फारच धूसर आहे. नेपाळने सुरुवातीपासूनच विदेशी पथकांना परवानगी दिली असती, तर शोध-बचावाची क्षमता व वेग वाढण्याची शक्यता होती. नेपाळची आताची भरपाईची मागणी सार्वभौमत्व आणि बाह्य जबाबदारी यांचा समतोल स्वतःच्या अटींवर साधण्याच्या भूमिकेचा विस्तार म्हणता येईल. आम्ही दुर्बल मदतयाचक नसून, न्याय्य हक्क मागणारे पीडित राष्ट्र आहोत, असा नेपाळचा सूर आहे. या दोन्ही भूमिकांमध्ये एक स्पष्ट विसंगतीही जाणवते. जो नेपाळ बचावकार्यात विदेशी हस्तक्षेप नियंत्रित ठेवण्याविषयी इतका दक्ष होता, तोच आता भरपाईसाठी आंतरराष्ट्रीय व्यासपीठाकडे वळला आहे. संकटाच्या क्षणी बाह्य मदत कितपत स्वीकारायची, ही मर्यादा सार्वभौमत्व ठरवते; पण त्या संकटाची किंमत कोणी मोजायची, हा प्रश्न हवामान-न्याय ठरवतो. भारतासाठी ही स्थिती विशेष गुंतागुंतीची ठरते. भारताने ६८.५ टन मदतसाहित्य, तांत्रिक पथके आणि न्यायवैद्यक तज्ज्ञ पाठवत नेपाळच्या मदतीसाठी हात पुढे केला; तरीही जगातील तिसऱ्या क्रमांकाचा उत्सर्जक म्हणून भारतालाच आता हवामान-भरपाईच्या दाव्यात जबाबदार धरले जात आहे. मदतीस धावणारा शेजारी आणि हवामान-हानीबद्दल जबाबदार धरला जाणारा उत्सर्जक, या दोन्ही भूमिका एकाचवेळी निभावणे, हे भारताच्या हवामान-मुत्सद्देगिरीपुढील नवे आव्हान ठरू शकते.

नेपाळच्या भूमिकेतील हा बदल आंतरराष्ट्रीय हवामान-न्याय चळवळीच्या व्यापक प्रवाहाशी मात्र सुसंगत आहे. उत्सर्जन नगण्य असूनही हवामान बदलाचे सर्वाधिक चटके सोसणाऱ्या देशांना हक्काची भरपाई मिळावी, या तर्कातूनच 'नुकसान आणि भरपाई निधी'सारख्या यंत्रणा उभ्या राहिल्या. नेपाळचा दावा त्याच तर्काचा विस्तार आहे; परंतु एखाद्या विशिष्ट आपत्तीत मानवनिर्मित हवामान बदलाचा नेमका किती वाटा आहे, हे वैज्ञानिक व कायदेशीरदृष्ट्या सिद्ध करणे गुंतागुंतीचे आहे आणि त्यावरच अशा मागण्यांचे भवितव्य अवलंबून असते.

नकारापासून स्वीकारापर्यंत आणि मदतीपासून भरपाईपर्यंतचा नेपाळचा प्रवास हवामान बदलाच्या युगात लहान, भूराजकीयदृष्ट्या नाजूक राष्ट्रांच्या बदलत्या मुत्सद्देगिरीचे प्रतिनिधित्व करतो. हवामान बदलामुळे निर्माण होणाऱ्या हानीची जबाबदारी निश्चित करण्याचा नैतिक तर्क नाकारता येणार नाही; परंतु एखाद्या आपत्तीतील नुकसानामागे मानवनिर्मित हवामान बदलाचा नेमका किती वाटा आहे आणि त्याची आर्थिक जबाबदारी कोणत्या देशावर किती टाकायची, हे वैज्ञानिक, कायदेशीर व राजनैतिकदृष्ट्या अत्यंत गुंतागुंतीचे प्रश्न आहेत. त्यामुळे नेपाळची मागणी केवळ राजनैतिक दबावाचे साधन न राहता, ठोस वैज्ञानिक पुरावे व व्यवहार्य आंतरराष्ट्रीय यंत्रणा यांवर उभी राहिली तरच तिला अर्थ उरेल. सार्वभौमत्वाचा आग्रह आणि हवामान-न्यायाची मागणी यांचा समतोल साधण्याचे हे आव्हान आता केवळ नेपाळपुरते मर्यादित राहिलेले नाही, तर ते संपूर्ण दक्षिण आशियाई प्रदेशाच्या भावी हवामान-राजकारणाची दिशा ठरवणार आहे.

ravi.tale@lokmat.com

## जगभर

# आप्तांसाठी हजारो कुटुंबांची वेदनादायी शोधयात्रा

**गाझा** शहर. याच शहरातील एका उद्ध्वस्त झालेल्या घरात मजदिया राहतात. त्यांच्या डोळ्यांत आजही पाणी आहे. आल्या-गेल्या प्रत्येकाला त्या आपल्या मोबाइलवर आपला मुलगा अहमद अल मदून याचे फोटो, व्हिडिओ दाखवतात आणि त्यांना विचारतात, माझ्या मुलाला तुम्ही कधी, कुठे पाहिलंत का?

त्यातल्याच एका व्हिडिओमध्ये अहमद मांजरीच्या पिल्लाला कुशीत घेऊन बसलेला दिसतो. तो जीभ बाहेर काढून आनंदानं ओरडतो. दुसऱ्या व्हिडिओमध्ये तो पोटावरून स्विमिंग पूलमध्ये उडी मारतो आणि पाण्यातून बाहेर येत खळखळून हसताना दिसतो. अहमदला डाउन सिंड्रोम आहे आणि तो बेपत्ता आहे. २१ वर्षांचा अहमद मे २०२५ मध्ये स्थानिक दुकानात गेल्यानंतर बेपत्ता झाला. त्यावेळी गाझामध्ये हमास आणि इस्रायल यांच्यात युद्ध सुरू होतं.

पण ही एकट्या मजदिया यांची कहाणी नाही. मजदिया यांच्यासारखाच वेदनादायी अनुभव संपूर्ण गाझामधील हजारो कुटुंबं घेत आहेत. गाझाच्या आरोग्य मंत्रालयानुसार, इस्रायलने लष्करी कारवाई सुरू केल्यापासून गाझामध्ये ७३ हजारांहून अधिक लोक मारले गेले. मात्र, मृतांची वास्तविक संख्या यापेक्षा कितीतरी अधिक असण्याची शक्यता आहे. कारण ढिगाऱ्याखाली दबलेल्या मृतदेहांचा या आकडेवारीत समावेश नाही.

रेड क्रॉसचं म्हणणं आहे, मोठ्या प्रमाणावर झालेली विध्वंसाची परिस्थिती आणि बुलडोझरची कमतरता यामुळे ढिगाऱ्यांमधून मृतदेह बाहेर काढणं अत्यंत कठीण आहे. अनेक प्रकरणांमध्ये अवशेषांची ओळख पटवणंही अवघड आहे. या लोकांच्या मृत्यूला बराच काळ लोटला आहे आणि डीएनए चाचणीच्या सुविधाही उपलब्ध नाहीत.

आयदा ही अजून एक माता. त्यांचा मुलगा महमूद



२०२४ मध्ये बेपत्ता झाला. इस्रायली हल्ल्यात त्याचा मृत्यू झाला असावा, अशी भीती त्यांना वाटते आहे. त्याचे वडील रोज रुग्णालयांमध्ये जाऊन मृतदेह पाहायचे. आयदा सांगतात, बापानं रोज मृतदेह धुंडाळणं आणि त्यात आपला मुलगा आहे का, हे शोधणं किती वेदनादायी आहे! महमूद गायब झाल्या दिवसापासून मी पूर्णपणे खचले आहे आणि जगण्याची माझी इच्छाही पूर्णपणे मरून गेली आहे.

मात्र, काही दिवसांपूर्वी सोशल मीडियावर एक फोटो समोर आला. त्यात दोन इस्रायली सैनिक एका पॅलेस्टिनी कैद्यासोबत होते. त्या कैद्याच्या डोळ्यांवर पट्टी होती आणि त्याचे हात-पाय बांधलेले होते. आयदा यांना खात्री आहे की फोटोतील व्यक्ती महमूदच आहे. त्या म्हणतात, त्याचा चेहरा, कपाळ, तोंड, नाक, बसण्याची पद्धत, हात आणि पाय पाहिल्यावर मला वाटतं की तो माझाच मुलगा आहे..

अल द्रिमली आणि अल मदून ही दोन्ही कुटुंबं आपल्या मुलांची वाट पाहत आहेत. दोन वर्षांपासून त्यांचा काहीही पत्ता नाही. ते जिवंत आहेत की नाही, याचीही काहीच खात्री नाही. ते कधी तरी परत येतील, या अंधुक आशेवर ते दिवस काढत आहेत.. इस्रायली सैन्याचं ताबा केंद्र आणि तुरुंग व्यवस्थापन विभागाकडे त्यांनी याबाबत विचारणा केली, मात्र अद्याप त्यांना कोणतंही उत्तर मिळालेलं नाही. मुलांचा शोध घेण्याची विनंती त्यांनी आता रेड क्रॉसकडे केली आहे. मात्र, इस्रायल रेड क्रॉसला तुरुंगातील नोंदी पाहण्याची परवानगी देत नाही. जिवंत असो कि मृत, आपल्या आप्तांचा वेदनादायी शोध त्यांच्या कुटुंबीयांनी अजूनही थांबवलेला नाही.

## जनमन

# केवळ महान खेळाडू नव्हे, आदर्श माणूस!



**जगप्रसिद्ध** खेळाडू आपल्या नावाचं, प्रसिद्धीचं, कर्तृत्वाचं तेजोमय वलय निवृत्तीनंतर देखील कायम टिकवून ठेवतात ते त्यांच्या विनयशील स्वभावामुळे! याची प्रचिती स्वित्झर्लंडचा टेनिसपटू रॉजर फेडरर याने आंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेमच्या सदस्य सन्मान सोहळ्यात चाहत्यांना दिली. या सन्मान सोहळ्याचा २७२ वा सदस्य ठरलेल्या फेडररने साश्रू नयनांनी आपल्या भाषणात कृतज्ञता व्यक्त करताना पत्नी मिर्का, सुरुवातीपासूनचा आदर्श स्टीफन एडबर्ग, प्रशिक्षक सेवेरीन लुथी आणि सारे बॉल बॉईज या सर्वांचा हृदयस्थ भावनेने उल्लेख केला. आपल्या टेनिस कारकिर्दीत वीस ग्रँड स्लॅम स्पर्धा जिंकताना एटीपी रँकिंगमध्ये अव्वल क्रमांक ३१० आठवडे टिकवून ठेवणाऱ्या रॉजर फेडररने कोर्टवर कधीच असभ्य वर्तन केले नाही. धारदार नाकावर कधी क्रोध येऊ दिला नाही. बॉल बॉईजवर दडपण आणले नाही की कधी रॅकेट तोडण्याचा आक्रस्ताळेपणा केला नाही! जितक्या साधेपणाने विजय साजरा केला तितक्याच विनम्रतेने हार देखील स्वीकारली. एक संवेदनशील, विनम्र व्यक्ती म्हणून रॉजर फेडरर चाहत्यांमध्ये कायम आदरणीय राहील. त्याच्या व्यक्तिमत्त्वातील ही नम्रता नवोदित खेळाडूंसाठीही प्रेरणादायी आहे. यशाच्या शिखरावर पोहोचल्यानंतरही सहकाऱ्यांचे योगदान विसरू नये, हा संदेश फेडररच्या वर्तनातून मिळतो. खेळाडूची खरी ओळख केवळ विक्रमांनी नव्हे, तर त्याच्या आचरणातून घडते. म्हणूनच फेडररचे नाव टेनिसच्या इतिहासात महान खेळाडू म्हणूनच नव्हे, तर आदर्श माणूस म्हणूनही सदैव घेतले जाईल.

**- हेमंतकुमार** मेस्त्री, मनोर

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

## सेतू

# मी पोलंडला गेले आणि पोलंडकर झाले... त्याचीच ही गोष्ट!

### पोलंडमध्ये पाऊल ठेवण्याआधीच पोलिश माणसांच्या निःस्वार्थ मदतीचा अनुभव मी घेतला. मनातले पूर्वग्रह तिथेच विरघळायला सुरुवात झाली.



**सौ. अवनी दाते**
१२ वर्षांपासून पोलंडमध्ये वास्तव्य

**सांगलीसारख्या** छोट्या शहरातून आलेली मी पहिल्यांदाच एकटीने विमानप्रवास करत होते. पोलंडमधल्या वॉर्साला निघाले होते. मुंबई, दुबई आणि मग वॉर्सा असा प्रवास होता. मुंबई ते दुबई प्रवासात सगळे भारतीयच होते. दुबई ते वॉर्सा प्रवासात मात्र सगळेच पोलिश प्रवासी. त्यामुळे धाकधूक होती. गोऱ्या युरोपियन लोकांबद्दल इतिहास आणि ऐकीव गोष्टींमुळे पूर्वग्रहही होतेच.

दुबई-वॉर्सा विमानात आजूबाजूला सगळे गोरे प्रवासी. मी एकटीच सावळी भारतीय. माझ्या सीटपर्यंत पोहोचले. बॅग वर ठेवायची तर हात पोहोचेना. मागच्या सीटवर बसलेले एक पोलिश गृहस्थ उठले. 'मे आय हेल्प यू?' म्हणत त्यांनी बॅग ठेवून दिली. मी एकटी प्रवास करते आहे हे कळल्यावर शेजारच्या पोलिश काकूही गप्पा मारू लागल्या. वॉर्सा आलं आणि उतरतानाही त्या गृहस्थांनी न सांगता माझी बॅग काढून हातात दिली.

पोलंडमध्ये पाऊल ठेवण्याआधीच पोलिश माणसांच्या निःस्वार्थ मदतीचा आणि माणुसकीचा मी घेतलेला हा पहिला अनुभव. मनातले पूर्वग्रह तिथेच विरघळायला सुरुवात झाली. नंतर असे अनेक अनुभव आले. वॉर्सामध्ये आम्ही भाड्याने घेतलेल्या घराचे मालक होते साठीचे, हसतमुख - माचिक काका. पहिल्याच भेटीत आमची गट्टी जमली. त्यांची मुलंही आमच्या वयाची होती, त्यामुळे दूरवर एकटे असलेल्या आमच्या मनाची घालमेल त्यांना समजत असावी. आठवड्यातून एकदा काका विचारपूस करायला यायचे. एकमेकांची भाषा येत नसल्यामुळे ट्रान्सलेटरच्या मदतीने गप्पा रंगायच्या. भारतीय



माचिक काका आणि त्यांची पत्नी क्रिस्टीना.

पदार्थ आवडीने खायचे. आम्हाला टीव्हीवर भारतीय चॅनेल्स पाहायला मिळावीत म्हणून एकदा एक केबल घेऊन आले. आम्ही काही सांगितलेलं नसतानाही त्यांनी स्वतःहून ही कृती करणं ही त्यांची आपुलकीच होती.

आई पोलंडला आलेली असताना आम्ही खरेदीला गेलो होतो. आईने थंडीचं जाड जॅकेट घातलं होतं. तिच्या जॅकेटची चेन अडकली होती. मी काऊंटरवर बिल करायला थांबले असताना आईने मला हाका मारल्या. मी तिला 'आलेच' म्हटलं. काऊंटरवरची दुकानदार बाई हे पाहात होती. मला 'थांब' म्हणत ती आईकडे गेली, तिच्या जॅकेटची चेन नीट लावून दिली आणि परत येऊन माझं बिल केलं. मी थोडी संकोचले खरी, पण तिच्या संवेदनशीलतेचं कौतुक जास्त वाटलं. माझं बिल करणं तिचं काम होतं, पण एका अनोळखी वृद्ध स्त्रीची अडचण ओळखून क्षणभर तिच्यासाठी ते काम थांबवण्यात मला तिची माणुसकी दिसली.

पुढे माझा मुलगा किंडरगार्डनमध्ये जाऊ लागला आणि पोलिश शिक्षिकांच्या प्रेमळपणाचे अनेक अनुभव घेतले. उन्हाळ्यात एकदा मुलाची टोपी आम्ही द्यायला विसरलो तर त्याच्या शिक्षिकेने तिचा स्कार्फ त्याच्या डोक्याला बांधला होता. पोलिश लोक स्वतःहून फार पुढाकार घेत नाहीत, पण तुम्ही संवाद सुरू केला, तर मनापासून त्यात सहभागी होतात. एकदा नातं जुळलं की मनापासून जपतात. त्यात दिखावा नसतो. ज्या पोलिश लोकांबद्दल पूर्वी माझ्या मनात धास्ती होती त्यांच्याशीच आज माझं जिव्हाळ्याचं नातं आहे. गोऱ्या माणसांबद्दलचे पूर्वग्रह तर केव्हाच संपले आहेत.

neenaadate@gmail.com

## तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे




हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४११०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

## प्रेरणा

तरक्की करने के लिए दो चीजों की जरूरत होती है, आत्मविश्वास और अनदेखा करना। –मार्क ट्वेन

## संपादकीय

# हमने विश्व-मंच पर अडिग रवैये का प्रदर्शन किया

**बिश्केक** (किर्गिस्तान) में आयोजित एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) के 26वें शिखर सम्मेलन में घोषणा-पत्र और 27 अन्य दस्तावेज जारी तो हुए, लेकिन हर देश के विदेश मंत्रालय ने अपनी राजनीतिक-कूटनीतिक सुविधा के हिसाब से प्रेस-नोट भी जारी किए। एक साल पहले की घोषणा से अलग इस बार ईरान पर हमले की निंदा तो थी, लेकिन अमेरिका-इजरायल का नाम गायब था। साथ ही रूस-यूक्रेन युद्ध की चर्चा नहीं थी। परोक्ष रूप से पाकिस्तान को लक्षित करते हुए राज्य-प्रायोजित आतंकवाद का जिक्र पत्र में शामिल करना भारत की जीत रही। भारत हमेशा से पीओके में चीन के बीआरआई के तहत सड़कें बनाने का विरोध करता रहा है, लिहाजा 2017 से भारत के इस संगठन में शामिल होने के बाद से यह अलिखित सहमति बनी कि बीआरआई से संदर्भित किसी भी बिंदु में भारत का नाम शामिल नहीं किया जाएगा। यह नई दिल्ली की भावना का स्थायी सम्मान बताता है। भारत हर देश की सम्प्रभुता अक्षुण्ण रखने की नीति के तहत बीआरआई के नाम पर पीओके में चीन की दखलंदाजी का विरोध करता है। भारत की जीत यह भी रही कि राज्य-प्रायोजित आतंकवाद का जिक्र पाक पीएम की मौजूदगी में करना परोक्ष रूप से इस्लामाबाद पर आक्षेप था, फिर भी इसे मूल दस्तावेज में लाया गया। अलग करेंसी में व्यापार की चर्चा की भी हमने अनदेखी की। देखना होगा कि भारत की अगुवाई में आगामी ब्रिक्स इस पर क्या रुख लेता है।

## जीने की राह

पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com



# युवाओं को चाहिए कि वे परिवार बचाने में योगदान दें

अगर किसी पेड़ की जड़ सुखा दें तो वह उसके बीमार होने की तैयारी है। ऐसे ही रिश्तों में यदि सूखापन आ जाए तो परिवार रूपी वृक्ष गड़बड़ाएगा। इसका सीधा असर देश पर भी पड़ता है। क्योंकि फल और फूल तो उसी पेड़ पर लगते हैं, जो स्वस्थ होता है। अब भारत पर चारों तरफ से कई चुनौतियां हैं। उन चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर के लोग जो भी कर रहे हों, पर एक सामान्य आदमी का योगदान यह हो सकता है कि वह अपने परिवारों को बचाए। बहुत बड़ी ताकत हैं परिवार हमारे देश की। जैसे पूजा-पाठ, प्रार्थना का अपना अलग आनंद है। इनमें मूल रूप से स्वास्थ्य उतरा हुआ है। इन्हें छोड़ देना बीमारी के लक्षण हो सकते हैं, पर इन्हें अपनाए रखना स्वस्थ रहने की कवायद है। और स्वास्थ्य हमें परमात्मा ने शरीर में जन्म से ही भेंट दिया है। बीमारियां हम बाहर से आमंत्रित कर लेते हैं। तो खासतौर पर युवाओं को चाहिए कि वे परिवार बचाने में योगदान दें। देश की उत्पादकता में तो अभी भी युवाओं का प्रतिशत बहुत कम है। पर कम से कम परिवार बचाने में यह योगदान बढ़ना चाहिए।

•Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## शब्दों का जादू

### सिर



मैं घर से निकलते हुए
अपना सिर धड़ से अलग कर
हथेलियों पर रख लेता हूं

पता नहीं कब मैं कुचला जाऊं
बस-ट्रक के नीचे
या किसी अमीरजादे की कार के नीचे
हिट एंड रन हो जाऊं
हो सकता है मैं किसी आतंकवादी
विस्फोट का शिकार हो जाऊं

या फिर मारा जाऊं
सड़क पर सरेआम
मॉब-लिंचिंग में

इसलिए जब मैं घर आता हूं
तब अपना सिर धड़ पर लगाकर
शाम को गिनता हूं परिवार के सिर

कि कहीं किसी का सिर
हथेलियों पर तो नहीं रह गया।

–नरेश मेहन, हनुमानगढ़, राजस्थान
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

## पाठकों के पत्र

### बेरोजगारी मिटाने का अभियान चले

नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट देश में बेरोजगारी की सूरत बताती है। देश में 'आओ स्कूल चलें हम' अभियान के तहत जैसे बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराया जाता है, उसी तर्ज पर बेरोजगार युवाओं के लिए भी 'आओ रोजगार करें हम' अभियान की आज बहुत ही आवश्यकता है। –सुखलाल मांझी, जमशेदपुर, झारखंड

### प्रकृति को ध्यान में रखकर हो विकास

नेपाल की आपदा भारत के लिए चेतावनी है। इससे भारत को भी सबक लेना चाहिए। हिमालय-क्षेत्र में पर्यावरण का ध्यान रखे बिना किया गया विकास भविष्य में संकट पैदा कर सकता है। विकास जरूरी है, लेकिन प्रकृति की सीमाओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। –श्याम थानेदार, दौंड, महाराष्ट्र

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## मन की प्रयोगशाला

### सोच पर ताला लगाता है कन्फर्मेशन-बायस

क्वार्टरली जर्नल ऑफ एक्सपेरिमेंटल साइकोलॉजी (यूके) की 2025 की एक रिसर्च हमारी सोच के बारे में बहुत कुछ बताती है। हम अकसर 'कन्फर्मेशन-बायस' के शिकार होकर अकसर वही जानकारी खोजते हैं, जो पहले से बनी हमारी राय को मजबूत करे। सोशल मीडिया पर आजकल यही देखने को मिलता है। 'कन्फर्मेशन-बायस' के कारण ही बहसें किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पातीं।

## सुर्खियों से आगे • हिंदुस्तानी शादियों में तो सोने का वजन ही बताता है कि कितनी शानदार शादी हुई...

# सोना कितना सोणा है!

### देशकाल

नवनीत गुर्जर
navneet@dbcorp.in



**जैसे** सोते वक्त आदमी 'भावशून्य' हो जाता है, वैसे ही सोने के भाव भी आम आदमी के लिए ज्यादा मायने नहीं रखते।

खरीदना हो तो कितना ही महंगा हो खरीद ही लेता है।

...और न खरीदना हो तो सस्ता होने पर भी महंगा ही लगता है।

भाव यहां भी शून्य!

फिर भी सामाजिक प्रतिष्ठा या विवाद की बड़ी जड़ सोना ही होता है।

'फ्रीडम एट मिडनाइट' से आज तक सोना बड़ा सोणा है। लेरी कॉलिन्स और डॉमिनिक लेपियरे की यह किताब कई वजहों से विवाद में आई। उनमें एक सोना भी था। सोने का सिंहासन।

इसमें कहा गया कि उड़ीसा के महाराजा की शैय्या सोने की है और उसकी बनावट ब्रिटिश महारानी के सिंहासन से मिलती-जुलती है।

हो गया विवाद।

बहरहाल, जैसे कभी शेयर चढ़ते थे, अब सोना चढ़ रहा है। बाजार कांप रहे हैं और घरों में विवाद है।

बढ़ते भाव देखकर कोई कहता है- आज ही खरीद लो।

कोई कहता है- और सस्ता होगा। बे-भाव का सोना।

घर-घर में भाव।

प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि फिलहाल सोना मत खरीदिए। दरअसल, वे इसे अंतरराष्ट्रीय संदर्भ से जोड़ कर देख रहे हैं।

सोना चूंकि बड़ी मात्रा में आयात होता है और उसकी कीमत डॉलर में चुकानी होती है, इसलिए प्रधानमंत्री की अपील का सीधा-सा मतलब विदेशी मुद्रा भंडार को बनाए या बचाए रखने का है।

सही भी है।

लाखों रुपए खर्च करके हम सोने के गहने खरीदते हैं। शो-रूम से निकलते ही लाख-पचास हजार जो बनवाई होती है, वो तो बट्टे में ही चली जाती है।

यहां भी कई तरह की दिक्कतें हैं। हॉल मार्क न हो तो 22 कैरेट का गहना बेचते वक्त सत्तर-अस्सी प्रतिशत ही खरा निकलता है।

सोने को लेकर एक कवित्त है-

*'गढ़ो ऐसो सोना, जास्यूं कान जो टूटे,*
*प्रेम कर्यो, कुछ बैर बसायो!'*

मतलब ऐसा सोना किस काम का जिससे कान छिदवाना पड़े? प्रेम किया है या दुश्मनी निकाली!

बहरहाल, हिंदुस्तान के संदर्भ में देखें तो 'सोने' के बिना काम नहीं चलता।

जिंदगी भी नहीं।

दिनभर की सक्रियता की जड़ और कई तरह की हाई-प्रोफाइल बीमारियों का इलाज 'सोने' में है। बीमारियां दूर रखने के लिए भर-नींद सोना जरूरी है!

किसी जमाने में गले के दर्द और हाथ की मोच के लिए सोने का हार या कंगन जरूरी होते थे।

यही वजह है कि सोना चढ़ते-चढ़ते भी कई भाव



**अब सोना चढ़ रहा है...**

**जैसे कभी शेयर चढ़ते थे, अब सोना चढ़ रहा है। बाजार कांप रहे हैं और घरों में विवाद है। बढ़ते भाव देखकर कोई कहता है- आज ही खरीद लो। कोई कहता है- और सस्ता होगा। बे-भाव का सोना। घर-घर में भाव। प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि फिलहाल सोना मत खरीदिए। वे इसे अंतरराष्ट्रीय संदर्भ से जोड़ कर देख रहे हैं।**

जगा रहा है।

हमारे देश के बैंक लॉकर्स में लाखों टन सोना पड़ा नींद निकाल रहा है। इसे खरीद तो लिया जाता है लेकिन कुछ मौकों पर गहने पहनने के बाद लॉकर्स की भेंट चढ़ा दिए जाते हैं।

कितनी ही बड़ी आर्थिक मुसीबत आ जाए, सोने के गहने न तो कोई बेचता और न ही कोई बेचने देता।

लेकिन हर मौके पर खरीदना जरूरी होता है। हिंदुस्तानी शादियों में तो सोने का वजन ही बताता है कि कितनी शानदार शादी की या हुई।

खैर, कोई सोना चाहता है। कोई उसकी लंका बना लेता है।

लंका से याद आया एक विकट सवाल कि-

लंका तो हनुमान जला आए थे। फिर राजतिलक में विभीषण को राम ने कौन-सी लंका सौंपी?

जली हुई या मरम्मत कराई हुई?

जवाब उतना ही आसान कि-

ताप पाकर सोना जलता नहीं, उसमें और निखार आता है!

जिनकी कुव्वत सोने से मेल नहीं खाती, वे बेचारे, गुलजार की तरह कंचे रखकर भी अपनी जेब में आसमान समेट लेते हैं।

कुछ इस तरह-

*'सैकड़ों बार गिने थे मैंने,*
*जेब में नौ ही कंचे थे!*
*एक जेब से दूसरी जेब में रखते- रखते*
*इक कंचा खो बैठा हूं!*
*न हारा, न गिरा कहीं पर-*
*प्लूटो मेरे आसमान से गायब है!'*

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

## नजरिया • कई राज्यों में स्कूली बच्चे आंदोलनरत हैं

# स्कूलों की हकीकत बयान कर रहे हैं 'जेन-अल्फा' के प्रदर्शन

### एजुकेशन

आरती जेरथ
राजनीतिक टिप्पणीकार
aratijerath@gmail.com



**'स्कूल ठीक करो'** अभियान के चलते पहली बार हमें उस भयावह वास्तविकता का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिसके साथ देशभर के कई प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के विद्यार्थी हर दिन जीते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों की हालत इतनी खस्ता है कि स्कूली बच्चे- या कहें जेन अल्फा- हाल के सीजेपी-नेतृत्व वाले जेन-जी प्रदर्शनों से प्रेरित होकर सड़कों पर उतर आए हैं और टॉयलेट, पेयजल, कक्षाओं, पक्की सड़कों और सबसे बढ़कर शिक्षकों जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं।

जेन-अल्फा के विरोध-प्रदर्शन यूपी, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और बिहार तक पहुंच चुके हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक को लेकर जेन-जी ने देशभर के प्रमुख शहरों को ठप कर दिया था और शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देने के लिए मजबूर कर दिया था। इससे सरकार पहले ही बैकफुट पर थी। लेकिन स्कूली बच्चों का प्रदर्शन करना तो सरकार के लिए दुःस्वप्न जैसी स्थिति है। इन बच्चों पर पुलिस भी बलप्रयोग नहीं कर सकती।

विडम्बना तो यह है कि सरकार का अपना आधिकारिक आंकड़ा ही ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की बदहाल स्थिति की तस्वीर पेश करता है। नीति आयोग के एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि पिछले एक दशक में 94,000 से अधिक स्कूल बंद हो चुके हैं। इनमें अकेले यूपी के 26,000 स्कूल शामिल हैं। सरकारी स्कूलों को चलाए रखने के लिए घटते वित्तीय संसाधनों के अलावा, उच्च माध्यमिक स्तर पर पढ़ाई छोड़ने की ऊंची दर का मतलब है कि कक्षाएं खाली हो रही हैं। करीब 73 प्रतिशत विद्यार्थी उच्च माध्यमिक शिक्षा पूरी करने से पहले ही स्कूल छोड़ देते हैं।

नीति आयोग के सर्वेक्षण में इस ऊंची ड्रॉप-आउट दर के कई कारण बताए गए हैं। जिन अभिभावकों की आर्थिक क्षमता है, वे अपने बच्चों को अपेक्षाकृत महंगे निजी स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं, जहां शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर होती है। जो ऐसा नहीं कर सकते, वे माध्यमिक स्तर पर अपने बच्चों को स्कूल से निकाल लेते हैं, क्योंकि सरकारी संस्थानों में भी यूनिफॉर्म, किताबों, परीक्षा शुल्क आदि जैसे खर्च हैं, जिन्हें वहन करना उनके लिए संभव नहीं होता। इसके विपरीत, प्राथमिक शिक्षा लगभग पूरी तरह निःशुल्क है।

गरीब परिवारों पर आर्थिक दबाव भी ऐसे हैं कि बच्चों को परिवार की आय बढ़ाने के लिए स्कूल छोड़कर कामकाज में लगना पड़ता है। वर्ष 2020-21 के पीरियोडिक लेबर-फोर्स सर्वे में पाया गया कि 14 से 17 वर्ष उम्र के 31 प्रतिशत किशोर काम कर रहे थे, जबकि 25 प्रतिशत लड़कियों ने घरेलू कामों में अपनी मांओं की मदद करने के लिए पढ़ाई छोड़ दी थी।

जहां केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का स्कूली बुनियादी ढांचे पर वार्षिक ट्रैकर एक बेहद अच्छी तस्वीर पेश करता है, वहीं राजस्थान सरकार के 2025 के एक सर्वेक्षण के अनुसार जमीनी हकीकत इससे अलग है। सर्वेक्षण में राज्य के हजारों स्कूल परिसरों में गंभीर संरचनात्मक और बुनियादी ढांचे से जुड़ी कमियों को उजागर किया गया है। मसलन, करीब 87,000 कक्षाएं जर्जर हालत में थीं, जिसके बाद न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ा और उनके इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई। राज्य के 64,000 स्कूलों में से 2,000 से अधिक में टॉयलेट्स नहीं थे, जबकि 1,000 से

**जेन-अल्फा द्वारा उठाए गए मुद्दों के समाधान के लिए अब गहमागहमी दिख रही है। लेकिन लगता है कि जेन-अल्फा, जेन-जी की ही तरह आगे बढ़ चुका है। और दोनों में से कोई भी पीढ़ी तब तक नहीं रुकेगी, जब तक सरकारें काम करना शुरू नहीं करतीं।**

अधिक में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं थी। 600 से अधिक स्कूलों के पास अपने भवन तक नहीं थे और छात्रों को टिन की छतों के नीचे या पेड़ों के नीचे पढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ता था।

हाल ही में लखनऊ में सर्वोदय स्कूल की 250 छात्राओं ने शिक्षक की कमी और खराब सुविधाओं के खिलाफ भारी बारिश में भी विरोध-मार्च निकाला। गया में छात्रों ने खराब गुणवत्ता वाले मध्याह्न भोजन, खराब पड़े हैंडपंपों और गंदे टॉयलेट्स के विरोध में स्थानीय अधिकारियों के कार्यालयों तक मार्च किया। क्या यही वह युवा आबादी है, जिसे विकसित भारत के लिए हमारा डेमोग्राफिक डिविडेंड माना जा रहा है?

जिला प्रशासन अब जेन-अल्फा द्वारा उठाए गए मुद्दों के समाधान के लिए भाग-दौड़ कर रहा है। लेकिन लगता है कि जेन-अल्फा अब जेन-जी की ही तरह आगे बढ़ चुका है। और दोनों में से कोई भी पीढ़ी तब तक नहीं रुकेगी, जब तक सरकारें काम करना शुरू नहीं करतीं।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

## विश्लेषण • 850 की संख्या कितनी तर्कसंगत

# कुल कितने सांसद हमारे लिए अंततः पर्याप्त साबित होंगे?

### विधायिका

अर्घ्य सेनगुप्ता
स्वप्निल त्रिपाठी
विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी में पदाधिकारी




**हाल** ही में तमिलनाडु में दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता गृह मंत्री अमित शाह ने की। बैठक के दौरान तमिलनाडु और कर्नाटक ने आग्रह किया कि लोकसभा का आकार न बढ़ाया जाए। इससे पहले तमिलनाडु विधानसभा ने भी इसी आशय का एक प्रस्ताव पारित किया था। लेकिन लोकसभा सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव एक और बुनियादी सवाल खड़ा करता है, जिस पर अपेक्षाकृत कम चर्चा हुई है : इतने बड़े विस्तार का संसद पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

इसका एक तात्कालिक प्रभाव वित्तीय होगा। अतिरिक्त सांसदों के वेतन-भत्तों, आवास, कर्मचारियों, यात्रा, संसदीय बुनियादी ढांचे पर खर्च होगा। वर्तमान में प्रत्येक सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में सालाना 5 करोड़ तक के विकास कार्यों की अनुशंसा कर सकता है। सांसदों की संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करने पर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए एमपीलैड्स का आवंटन 2,715 करोड़ से बढ़कर 4,250 करोड़ हो जाएगा- हर वर्ष 1,535 करोड़ का अतिरिक्त बोझ।

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि सांसदों की संख्या बढ़ाने भर से संसद स्वतः मजबूत नहीं हो जाती। दल-बदल विरोधी कानून और पार्टी व्हिप के व्यापक इस्तेमाल के कारण सांसदों की अपने राजनीतिक दल से अलग होकर स्वतंत्र रूप से मतदान करने की क्षमता काफी सीमित हो जाती है। इसलिए 300 से अधिक सांसद जोड़ने से प्रतिनिधियों की संख्या तो बढ़ सकती है, लेकिन जरूरी नहीं कि संसद में स्वतंत्र विधायी आवाजों की संख्या भी उसी अनुपात में बढ़े।

संसदीय समय का सवाल भी महत्वपूर्ण है। अधिक सांसदों का अर्थ होगा कि पहले से ज्यादा सदस्य प्रश्न पूछना, बहस में हिस्सा लेना और समितियों में काम करना चाहेंगे। यदि इसके साथ संसद अपने बैठने के दिनों की संख्या, प्रश्नकाल की अवधि और संसदीय समितियों की क्षमता में बदलाव नहीं करती, तो प्रत्येक सांसद को भागीदारी के कम अवसर मिलेंगे। लोकसभा के बैठने के दिनों की औसत संख्या 1950 के दशक में सालाना 127 दिनों से घटकर 1990 के बाद लगभग 71 दिन हो गई है। इसलिए भागीदारी के अधिक अवसर पैदा किए बिना केवल सांसदों की संख्या बढ़ाने से संसद में विचार-विमर्श की गुणवत्ता बेहतर नहीं होगी।

लोकसभा के विस्तार का असर राज्यसभा पर भी पड़ेगा। राज्यसभा राज्यों के हितों को संसद में स्थान देकर एक अलग प्रकार का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करती है। यदि लोकसभा का आकार बढ़ाया जाता है, तो राज्यसभा का सापेक्ष संख्यात्मक प्रभाव कम होगा, विशेषकर दोनों सदनों की संयुक्त बैठकों के दौरान।

इन चिंताओं का अर्थ यह नहीं है कि लोकसभा की संख्या हमेशा के लिए 543 पर ही निश्चित कर दी जाए। इसके विस्तार पर विचार करने के ठोस कारण हैं। लोकसभा का आकार इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे तय होता है कि प्रत्येक सांसद कितने लोगों का प्रतिनिधित्व करेगा। पहले आम चुनाव के समय लोकसभा में 489 सीटें थीं और आबादी लगभग 38 करोड़ थी। यानी प्रत्येक सांसद लगभग 8 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता था। 2024 तक भारत की आबादी लगभग 144 करोड़ हो गई, जबकि सांसदों की

**संसद को पहले यह पूछना होगा कि एक बड़ी लोकसभा पर कितना खर्च आएगा, वह किस तरह काम करेगी, क्या अतिरिक्त सांसद प्रतिनिधित्व और जवाबदेही को मजबूत करेंगे, और इन सभी पहलुओं के बीच कौन-सी संख्या सबसे उचित संतुलन स्थापित करती है।**

संख्या 543 रही। इस तरह अब औसतन एक सांसद लगभग 26.5 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है।

एक सांसद से संसद में केवल मतदान और विचार-विमर्श करने की अपेक्षा नहीं होती, उसे अपने निर्वाचन क्षेत्र के हितों का प्रतिनिधित्व करना और मतदाताओं की चिंताओं को सरकार के समक्ष उठाना भी होता है। निर्वाचन क्षेत्र जितना बड़ा होगा, इन जिम्मेदारियों को निभाना उतना ही कठिन हो जाएगा।

लेकिन पहले यह तय करना होगा कि हम जनसंख्या और सांसदों के किस अनुपात को हासिल करना चाहते हैं। 144 करोड़ की आबादी पर 850 सांसद होने का अर्थ होगा कि प्रत्येक सांसद औसतन करीब 17 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करेगा। 900 सांसद होने पर यह संख्या करीब 16 लाख और 1,000 सांसद होने पर लगभग 14.4 लाख रह जाएगी। फिर 850 ही उचित संतुलन क्यों है? जनसंख्या आगे भी बदलती रहेगी और उसके साथ समय-समय पर सांसदों की संख्या बढ़ाते रहने से अंततः लोकसभा अत्यधिक बड़ी हो सकती है।

(ये लेखकों के अपने विचार हैं)

## दूरदृष्टि • अमेरिका में डेटा सेंटरों पर रोक लगाई जा रही है, पर हम उनका जोरदार स्वागत कर रहे हैं...

# एआई मुफ्त नहीं है, डेटा सेंटरों का महंगा सौदा भी उसमें शामिल है

### टेक्नोलॉजी

विराग गुप्ता
सुप्रीम कोर्ट के वकील
viraggupta@hotmail.com



**अमेरिका** में आगामी नवम्बर में होने जा रहे मध्यावधि चुनावों में डेटा सेंटरों से पानी, ऊर्जा और पर्यावरण को हो रही क्षति का मुद्दा जोर पकड़ने लगा है। भारी विरोध के बाद सिर्फ 3 महीनों में ही लगभग 75 डेटा सेंटर्स में 130 अरब डॉलर के प्रोजेक्ट्स पर काम रुक गया है। चूंकि एआई क्रांति से भारी मुनाफा कमाने के लिए बड़े डेटा सेंटर्स जरूरी हैं, लिहाजा इन्हें अब भारत में लगाने की कोशिश हो रही है। यानी अमेरिका में जिन पर रोक लगाई जा रही है, उन्हीं को लेकर भारत में उत्साह का माहौल है।

शहरों में बड़े पैमाने पर कचरा होता है, लेकिन कोई भी अपने घर के नजदीक कचराघर नहीं बनने देना चाहता। अमेरिका के डेटा सेंटर्स भी 'लाक्षागृह' की तरह हैं। उन्हें हतोत्साहित करने के बजाय भारत में उन्हें सस्ती जमीन, टैक्स और पर्यावरण कानूनों से छूट मिलना खतरनाक हो सकता है। डिजिटल क्रांति के नाम पर चल रहे डेटा सेंटर से जुड़े 5 पहलुओं को समझना जरूरी है।

1. पब्लिक रिकॉर्ड्स एक्ट के अनुसार सरकारी डेटा, रिजर्व बैंक के 6 अप्रैल 2018 के नियमों के अनुसार डिजिटल पेमेंट डेटा और 2023 के डेटा सुरक्षा कानून के अनुसार डेटा की सुरक्षा और स्थानीयकरण जरूरी है। देश की सीमाओं के भीतर महत्वपूर्ण और गैर-महत्वपूर्ण डेटा का संग्रहण स्थानीयकरण कहलाता है। इसका सबसे महत्वपूर्ण पहलू है, हमारे डेटा पर हमारा नियंत्रण, जो देश को सूचना लीक होने, पहचान की चोरी, सुरक्षा आदि समस्याओं के प्रति अधिक प्रतिरोधी बनाता है। लोकसभा में 11 फरवरी और 18 मार्च 2026 को सरकारी जवाब से लगता है कि इन डेटा सेंटरों में भारत के डेटा का स्थानीयकरण होगा। लेकिन यह धारणा गलत है।

2. जनता और किसान बिजली की कमी से जूझ रहे हैं। लेकिन डेटा सेंटरों को रियायती दरों पर 24 घंटे बिजली देने के नियम बन रहे हैं। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के अनुसार गैर-जीवाश्म ईंधन की 500 गीगावाट जरूरत को पूरा करने के लिए 30 लाख करोड़ का निवेश चाहिए। लोगों से पेट्रोल और डीजल बचाने के लिए कहा जा रहा है, लेकिन भीमकाय जनरेटर सेट से चलने वाले डेटा सेंटरों के लिए डीजल की खपत और पर्यावरण को हो रही क्षति का कोई मूल्यांकन सामने नहीं आ रहा।

3. आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में एक स्थानीय मंदिर की 160 एकड़ भूमि को विवादित रूप से गूगल के एक डेटा सेंटर के लिए आवंटित किया गया है। प्रोजेक्ट स्थल के बगल में जलाशय और कम्बलकोंडा वन्य जीव अभयारण्य भी है। लेकिन कानून की अनदेखी करके 1 किमी दायरे में डेटा सेंटर के निर्माण की राज्य सरकार ने अनुमति दे दी है। बड़े उद्योगों और व्यावसायिक निर्माण के लिए 2006 के कानून के अनुसार पर्यावरण की ईआईए अनुमति जरूरी है। लेकिन गूगल की आड़ में एसपीवी कम्पनियों ने 1.5 लाख मीटर से कम आकार के बिल्डिंग प्रोजेक्ट के नाम पर डेटा सेंटर के लिए पर्यावरणीय-अनुमति हासिल कर ली है।

4. ट्रम्प और टेक कम्पनियों के दबाव के बाद केंद्र सरकार ने डेटा सेंटरों के लिए 20 साल की टैक्स छूट दी है। उसी तर्ज पर आंध्र प्रदेश सरकार ने राज्य जीएसटी और स्टैम्प ड्यूटी जैसे सभी टैक्सों में छूट का ऐलान किया है। विदेशों से आ रही समुद्री केबल से इन डेटा सेंटरों की कनेक्टिविटी रहेगी। संचार और रक्षा से जुड़े मामलों में केंद्र सरकार की अनुमति जरूरी है, जिसकी अनदेखी की जा रही है। डेटा सेंटर स्थापित करने वाली गूगल, मेटा और अमेजन जैसी विदेशी कम्पनियों की भारत में कानूनी जवाबदेही तय करना जरूरी है।

5. आंध्र प्रदेश सरकार एक हजार मेगावाट के 3 डेटा सेंटरों के लिए जमीन और सिंगल विंडो क्लियरेंस के साथ 22 हजार करोड़ से ज्यादा की छूट दे रही है। लेकिन डेटा सेंटर की प्रोजेक्ट रिपोर्ट में निवेश और रोजगार सृजन का कोई रोडमैप नहीं दिख रहा।

महाभारत में द्रोणाचार्य को भ्रमित करने के लिए युधिष्ठिर से 'नरो वा कुंजरो' का अर्धसत्य वाला संदेश भिजवाया गया था। इसी तर्ज पर बिल्डिंग की अनुमति की आड़ में डेटा सेंटर का संचालन पर्यावरण के साथ कानून के शासन के लिए खतरनाक हो सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

चिंताजनक • गहन जांच, क्विक कॉमर्स कंपनियों के वेयरहाउस से लेकर मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया के किचन तक में साफ-सफाई से जुड़े नियमों का उल्लंघन

# वायरल हो रहीं किचन की गंदी तस्वीरों-वीडियो से रेगुलेटर्स पर दबाव, देशभर में 24,000 छापे

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

देशभर में गंदी किचन और फूड सेफ्टी से जुड़े नियमों के उल्लंघनों को लेकर सोशल मीडिया पर बढ़ते आम लोगों के गुस्से ने सरकारी एजेंसियों को सख्त कार्रवाई के लिए मजबूर कर दिया है। वायरल हो रहीं गंदी रसोई की तस्वीरों-वीडियो ने रेगुलेटर्स पर दबाव बढ़ाया। नतीजतन अप्रैल से अब तक देशभर में 24,000 से ज्यादा छापे मारे जा चुके हैं। यह आंकड़ा मार्च, 2023 तक के पूरे साल के छापों का करीब दो-तिहाई है। महाराष्ट्र एफडीए अकेले मई से अब तक 3,000 से ज्यादा जगहों की जांच कर चुका है, जिसमें फाइव-स्टार होटल से लेकर क्विक कॉमर्स वेयरहाउस तक शामिल हैं। छापों में मक्खी-कॉकरोच, चूहे, एक्सपायर्ड व मिलावटी कच्चा माल और गलत स्टोरेज जैसी गड़बड़ियां मिली हैं।

**क्विक कॉमर्स कंपनियों-ब्लिंकिट, इंस्टामार्ट के वेयरहाउस में भी खामियां**

### महाराष्ट्र एफडीए के एक अधिकारी ने शुरू की मुहिम, देशभर में फैली

कुछ महीने पहले महाराष्ट्र एफडीए में एक सुधारवादी अफसर तुकाराम मुंढे की नियुक्ति की थी। उसके बाद यह अभियान तेज हुआ। सोशल मीडिया पर दस लाख से ज्यादा फॉलोअर्स रखने वाले मुंढे ने एक्सक्लूसिव क्लबों से लेकर फास्ट-फूड चेन तक का ऑपरेशन बंद कराया है। इस बीच मुंबई हाईकोर्ट ने उनके इस रवैये को 'अव्यावहारिक' बताकर तीखी आलोचना भी की। इसके बावजूद यह मुहिम अब जम्मू-कश्मीर से लेकर कर्नाटक तक फैल चुकी है।

### क्विक कॉमर्स, बड़े ब्रांड्स में भी नियमों के उल्लंघन मिले

दिल्ली के कुछ बड़े पांच सितारा होटल से लेकर मुंबई के प्रतिष्ठित क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया तक में साफ-सफाई से जुड़े नियमों का उल्लंघन पाया गया। क्विक कॉमर्स कंपनियों-ब्लिंकिट और इंस्टामार्ट के वेयरहाउस में भी गड़बड़ियां पाई गईं। वहीं डाबर इंडिया पर गुमराह करने वाले लेबल का आरोप लगा, जिसके बाद कंपनी ने कहा है कि वह ऐसी लेबलिंग बंद कर रही है।

**त्योहारों का सीजन शुरू होने से पहले बढ़ने लगी फूड सेफ्टी नियामकों की सख्ती**



**गुजरात**
राजधानी में 11,000 से ज्यादा फूड आउटलेट्स को किचन में कैमरे लगाने को कहा गया है।



**जम्मू-कश्मीर**
सरकार ने राज्य में घी के कुछ बैचों की बिक्री और उन्हें स्टोर करने पर रोक लगा दी गई है।



**कर्नाटक**
राज्य का फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन खराब हो चुके प्रोडक्ट्स को जब्त कर नष्ट कर रहा है।

नियामकों की यह सतर्कता इस महीने गणेश चतुर्थी से शुरू होकर दिवाली तक चलने वाले लंबे त्योहारी सीजन से पहले बढ़ाई गई है। इस दौरान बाहर खाना और मिठाइयां-गिफ्ट की खरीदारी अमूमन बढ़ जाती है।

### जापान, सिंगापुर जैसे देश कर चुके हैं कड़ी कार्रवाई

इस साल जापान ने पेस्ट-कंट्रोल (कीड़े-मकोड़ों पर नियंत्रण) की खामियों का हवाला देकर भारत से आम के आयात पर रोक लगाई। 2024 में सिंगापुर सहित कई देशों ने घातक कीटनाशकों की आशंका पर कुछ भारतीय मसाला ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स पर पाबंदी लगाई थी। अब देशभर में होटल से लेकर क्विक कॉमर्स तक को लेकर ऐसी शिकायतें आने लगी हैं।

**इंडस्ट्री की प्रतिक्रिया**

### कार्रवाई सुधार, जागरूकता पर केंद्रित होनी चाहिए

'नेशनल रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' ने कहा है कि नियामकों की कार्रवाई ब्रांड्स के नाम उजागर करके बदनाम करने की बजाय सुधार और जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित होनी चाहिए। दक्षिण मुंबई में रेस्टोरेंट चलाने वाले प्रकाश शेट्टी कहते हैं, 'चूहे-कॉकरोच शहर में हर जगह हैं, जानबूझकर कोई गलती नहीं करता, ग्राहक बीमार न पड़े-यही हमारी जिम्मेदारी है।'

ट्रेंड • ₹399 का फैशन छोटे शहरों में जंग का मैदान, कंपनियां तेजी से बदल रहीं प्रोडक्ट

# ऑनलाइन के दौर में कंपनियों को शोरूम पर भरोसा, 3 साल में 3,891 नए स्टोर खुले

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

ऑनलाइन शॉपिंग के दौर में फैशन कंपनियों का शोरूम पर भरोसा बढ़ रहा है। रिलायंस रिटेल, टाटा ट्रेंट और आदित्य बिड़ला के फैशन कारोबार ने बीते तीन वित्त वर्षों में 3,891 स्टोर जोड़े हैं। इनका संयुक्त नेटवर्क करीब 26 हजार आउटलेट का हो चुका है। सबसे दिलचस्प बदलाव यह है कि नए फैशन स्टोर अब सिर्फ बड़े शहरों के महंगे मॉल में नहीं, बल्कि छोटे शहरों और आसपास के बाजारों में पहुंच रहे हैं। टाटा के जुडियो के मार्च 2026 तक 963 स्टोर हो गए, जबकि वित्त वर्ष 2022 में सिर्फ 233 थे। यानी 4 साल में नेटवर्क चार गुना से ज्यादा हो गया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 में ही अकेले 212 स्टोर खोले। कंपनी की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, साल के दौरान खोले गए नए स्टोर में 80% से ज्यादा टियर-2, टियर-3 शहरों और टियर-1 शहरों के बाहरी नए बाजारों में थे। जुडियो अब भारत के 310 शहरों में मौजूद है।

बड़े समूहों की नजर ऐसे ग्राहक पर है, जो नया फैशन चाहता है, लेकिन उस पर हजारों रुपए खर्च नहीं करना चाहता। ऐसे कंपनियां 800 से कम कीमत वाले टी शर्ट, जींस को अपनी रणनीतिक का प्रमुख हिस्सा बना रही हैं। आदित्य बिड़ला फैशन के डेटा भी इसकी पुष्टि करते हैं। वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में उनके किफायती फैशन कारोबार का राजस्व 19% बढ़कर 1048 करोड़ रुपए हो गया।

**रिलायंस रिटेल के स्टोर सबसे ज्यादा, पर टाटा ग्रुप के ट्रेंट की रफ्तार सबसे तेज**



### ...ताकि ग्राहक अगली विजिट में चौंक जाएं

पहले कंपनियां बड़े पैमाने पर सीजन के हिसाब से कलेक्शन बदलती थीं। अब कोशिश है कि ग्राहक अगली बार दुकान आए तो उसे नई डिजाइन दिखे।

**आदित्य बिड़ला फैशन:** चालू तिमाही में 12 नए स्टोर जोड़कर नेटवर्क को 69 तक पहुंचाया। फैशन की रफ्तार भी बढ़ाई।

**ट्रेंट:** जुडियो का माल लगातार रिफ्रेश किया जाता है। इसका लक्ष्य हर विजिट पर ग्राहक को नए प्रोडक्ट दिखाना है।

**रिलायंस रिटेल:** फैशन बिजनेस में हर हफ्ते 300 से ज्यादा नए विकल्प जोड़ रही है, जबकि डिजाइन से स्टोर तक पहुंचने का चक्र करीब 30 दिन है।

| कंपनी | मार्च 2023 में कुल स्टोर | मार्च 2026 में कुल स्टोर | 3 साल में बढ़े | बढ़ोतरी की गति |
|---|---|---|---|---|
| रिलायंस रिटेल | 18,040 | 20,160 | 2,120 | 11.8% |
| टाटा ट्रेंट | 590 | 1,286 | 696 | 118% |
| आदित्य बिड़ला फैशन* | 3,546 | 4,621 | 1,075 | 30.3% |
| तीनों के कुल स्टोर | 22,176 | 26,067 | 3,891 | 17.5% |

*आदित्य बिड़ला फैशन और आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स का संयुक्त नेटवर्क।

संख्या के लिहाज से रिलायंस ने सबसे ज्यादा 2,120 स्टोर जोड़े, लेकिन प्रतिशत के हिसाब से ट्रेंट सबसे तेजी से बढ़ा। उसका नेटवर्क तीन साल में दोगुने से भी ज्यादा हो गया।

**भास्कर नॉलेज**

### कंपनियां स्टोर और छोटे शहरों पर लगा रहीं दांव, क्योंकि अगली बड़ी ग्रोथ इनसे ही आने की उम्मीद

- जुडियो ने ऑनलाइन से दूरी रखी है। ट्रेंट के मुताबिक, इस प्राइस सेगमेंट में ऑनलाइन चैनल की इकनॉमिक्स आकर्षक नहीं है। इसलिए रणनीति वेबसाइट पर ग्राहक बुलाने के बजाय स्टोर ग्राहक के पास ले जाने की है।
- रेडसीर की रिपोर्ट कहती है कि भारत के ऑनलाइन फैशन कारोबार का 59% टियर-2 और उससे छोटे शहरों से आता है। ऐसे में फैशन कंपनियां यहां बड़ा दांव लगा रही हैं। ऑनलाइन फैशन में सबसे तेज ग्रोथ ₹800 से कम दाम वाले सेगमेंट में हो रही है।
- रेटिंग एजेंसी केयरएज के डेटा के मुताबिक देश का ₹9.3 लाख करोड़ का कपड़ा बाजार 2030 तक करीब ₹16 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है। इसकी अगली बड़ी ग्रोथ छोटे शहरों से आने की उम्मीद है। इसीलिए कंपनियां छोटे शहरों में स्टोर बढ़ा रही हैं।
- रिलायंस जैसे रिटेलर्स के लिए स्टोर सिर्फ बिक्री की जगह नहीं, ऑनलाइन ऑर्डर के फुलफिलमेंट पॉइंट भी हैं। ऑनलाइन के साथ स्टोर की उपयोगिता भी बढ़ रही है।
- 2025 में टियर-3 से 5 तक के छोटे बाजारों में फिजिकल रिटेल खर्च की वृद्धि दर मुंबई, दिल्ली जैसे महानगरों और टियर-1,2 शहरों से आगे निकल गई।

**भास्कर एनालिसिस** महंगाई बढ़ने के बीच मजबूत होता डॉलर दिखा रहा असर

# बाजार तीसरे दिन भी गिरा, सेंसेक्स 374 अंक टूटा

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

तेल की कीमतों में उछाल और बॉन्ड से कमाई (यील्ड) बढ़ने से दुनियाभर में महंगाई को लेकर चिंता बढ़ी है। इसे देखते हुए निवेशक अब कम रिस्क ले रहे हैं। इसके चलते बुधवार को लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार में गिरावट आई। सेंसेक्स 374 अंक (0.49%) टूटकर 76,570 पर और निफ्टी 141 अंकों (0.59%) की गिरावट के साथ 23,914 पर बंद हुआ। निफ्टी50 इंडेक्स में आयशर मोटर्स, विप्रो इंडिया और बजाज ऑटो सबसे ज्यादा टूटने वाले शेयर रहे। मिडकैप 0.53% और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.37% टूट गए। निफ्टी ऑटो 2% गिरा, आईटी और मीडिया इंडेक्स भी कमजोर रहे। वहीं ऑयल-गैस, सरकारी बैंक और रियल्टी शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया।

### एफआईआई ने 29,631 करोड़ लगाए, 23 माह का बेस्ट

अगस्त में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय शेयरों में ₹29,631 करोड़ का निवेश किया। यह 23 महीनों का सबसे ज्यादा मासिक निवेश है। अगस्त लगातार दूसरा महीना रहा, जब विदेशी निवेशक शुद्ध खरीदार बने। जुलाई में भी उन्होंने ₹20,200 करोड़ लगाए थे। जून की भारी बिकवाली (₹49,340 करोड़) के बाद जुलाई-अगस्त का कुल विदेशी निवेश ₹49,831 करोड़ रहा। रुपए को सहारा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की पहल और मजबूत तिमाही नतीजों ने विदेशी निवेशकों का सेंटिमेंट सुधारने में मदद की।



### अमेरिका में महंगाई कम नहीं हो रही, ये सबसे बड़ा रिस्क; आईटी, मेटल, फॉर्मा में तेजी दिख सकती है

**भास्कर एक्सपर्ट**



अंबरीश बालिगा
स्वतंत्र बाजार विश्लेषक

**अमेरिका में महंगाई का असर:** बाजार पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड का रुख असर दिख रहा है। इसका असर अगले हफ्ते भी रहेगा। फेड प्रमुख केविन वॉर्श ने ब्याज दरें बढ़ाने के संकेत दिए हैं क्योंकि महंगाई कम नहीं हो रही। इससे अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने की आशंका गहरा गई है। यह दुनियाभर के बाजारों को कमजोर कर रहा है।

**डॉलर, बॉन्ड, होर्मुज पर रखें नजर:** डॉलर और बॉन्ड यील्ड की चाल भारतीय बाजार के लिए अहम हो गई हैं। होर्मुज जल मार्ग को लेकर चिंता और कच्चे तेल की कीमत भी एक हद तक बाजार की चाल तय करेंगी।

**सेक्टर:** आईटी, मेटल और फार्मा शेयर आगे चलकर मजबूती दिखा सकते हैं, हालांकि एफएमसीजी और ऑयल-गैस शेयर कमजोर बने रहेंगे। निफ्टी के लिए 24,000 पर अहम सपोर्ट है, लेकिन इसे 24,300-24,400 से ऊपर जाने में दिक्कत आएगी।

## 5 लाख का स्पीकर, इसका ऊनी कवर ही 30 हजार का



**स्वीडन**| डेनमार्क की लग्जरी ऑडियो कंपनी बैंग एंड ओलुफसेन ने बीओसाउंड ए9 स्पीकर का नया संस्करण पेश किया है। इसका कवर ऊन से बना है, जिसे डेनिश टेक्सटाइल कंपनी क्वाड्राट के साथ मिलकर बनाया गया है। कीमत करीब 5 लाख रुपए है, जबकि सिर्फ ऊनी कवर की कीमत 315 डॉलर यानी ₹30 हजार है।

**ऊन का कवर बड़ा इनोवेशन क्यों?**

- सबसे दिलचस्प चुनौती यह थी कि मोटा और ऊनी कवर स्पीकर की आवाज को खराब न करे। इसलिए कपड़े की बुनाई और बनावट को कई चरणों में जांचा और बदला गया।
- बीओसाउंड ए9 में 7 ड्राइवर और 2 ट्वीटर लगे हैं। फ्रीक्वेंसी रेंज 33 हर्ट्ज से 25 किलोहर्ट्ज है। इससे साफ आवाज, बारीक वाद्य ध्वनि और गहरा बेस मिलता है।

**बिजनेस ब्रीफ**

### डायरेक्ट टैक्स में सुधारों पर आज होगी चर्चा

**नई दिल्ली** | लोकसभा की वित्तीय मामलों की स्थायी समिति गुरुवार को संसद भवन में बैठक करेगी। इसमें राजस्व विभाग और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अधिकारी डायरेक्ट टैक्स में सुधार, नियम सरल व तर्कसंगत बनाने और अनुपालन आसान करने के तौर-तरीकों पर चर्चा करेंगे। पहले तय क्रिप्टो एसेट्स से जुड़ी बैठक रद्द कर दी गई थी।

### जीरोधा: मर्चेंट बैंकिंग के लाइसेंस को मंजूरी मिली

**मुंबई** | देश की दूसरी सबसे बड़ी ब्रोकिंग फर्म जीरोधा को बाजार नियामक सेबी से मर्चेंट बैंकिंग लाइसेंस की मंजूरी मिल गई है। जीरोधा कॉरपोरेट एडवाइजर्स ने इसी साल अप्रैल में कैटेगरी-1 लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। रजिस्ट्रेशन के बाद कंपनी आईपीओ, एफपीओ और राइट्स इश्यू जैसे कैपिटल मार्केट कामकाज संभाल सकेगी।

### डेटा सेंटर में ₹76 लाख करोड़ के निवेश के आसार

**नई दिल्ली** | वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ राउंडटेबल के बाद इंडस्ट्री ने भारत के डेटा सेंटर सेक्टर को ₹76 लाख करोड़ तक के निवेश की संभावना जताई। हालांकि सरकार का लक्ष्य ₹19 लाख करोड़ का है। बैठक में बिजली आपूर्ति, जमीन, मंजूरी और कुशल मानव संसाधन जैसी अड़चनों पर चर्चा हुई। कई मुद्दे मौके पर ही सुलझा लिए गए।

### टैलेंट की कमी से एआई में सबसे तेज सैलरी ग्रोथ

**बेंगलुरु** | भारत में अब एआई प्रोफेशनल्स की सैलरी सालाना 12% की दर से बढ़ी है। यह सभी सेक्टरों में सबसे तेज है। फाउंडइट के मुताबिक, 2024-26 के बीच एआई सैलरी 23% कम्पाउंडेड रेट से बढ़ी, जबकि आईटी सर्विसेज और हार्डवेयर सेक्टर में सैलरी ठहरी या घटी है। बेंगलुरु में एआई पेशेवर सालाना ₹61-91 लाख तक कमा रहे हैं।

### विदेशी करेंसी में बैंक जमा 100 अरब डॉलर पार

**मुंबई** | आरबीआई की विशेष स्वैप सुविधा के तहत 31 अगस्त की डेडलाइन तक विदेशी करेंसी में बैंक डिपॉजिट (एनफसीएनआर-बी) स्कीम में 100 अरब डॉलर (₹9.5 लाख करोड़) का निवेश आया। यह रिजर्व बैंक के 80 अरब डॉलर के शुरुआती अनुमान से ज्यादा है। इसे देखते हुए केंद्रीय बैंक ने विंडो की डेडलाइन 30 सितंबर से घटाकर 31 अगस्त की थी।

दिग्गजों की राय • डॉलर बचाना जरूरी, दरों में उतार-चढ़ाव की चेतावनी

## विकास दर 7.8%, फिर भी डॉलर बचाना जरूरी: वेम्बू

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

अर्थव्यवस्था 7.8% की दर से बढ़ रही है, फिर भी विदेश यात्रा, विदेश में विवाह और गैर-जरूरी सोना खरीदने से बचने की अपील क्यों की जा रही है? जोहो के सह-संस्थापक श्रीधर वेम्बू के मुताबिक, तेज आर्थिक वृद्धि और विदेशी मुद्रा बचाने की जरूरत एक साथ हो सकती हैं। अर्थव्यवस्था जितनी तेजी से बढ़ती है, ऊर्जा और उन्नत तकनीक के आयात की जरूरत भी उतनी ही बढ़ती है। भारत के निर्यात में भी सटीक मशीनों, उन्नत सामग्री, चिप, ग्राफिक्स प्रोसेसर और सॉफ्टवेयर जैसे आयातित साधनों का इस्तेमाल होता है। वेम्बू ने भारत की स्थिति की तुलना जापान, ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन के विकास के शुरुआती दौर से की। इन देशों को पश्चिमी तकनीक की बराबरी करने में दशकों लगे थे। उन्होंने कहा, भारत को तकनीकी क्षमता और ऊर्जा में आत्मनिर्भर होने तक विदेशी मुद्रा बचानी होगी।



## महंगाई के साथ ब्याज दरें भी बढ़ने की आशंका: कोटक

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक उदय कोटक ने दुनिया के ब्याज दर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव की चेतावनी दी है। जापान के 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड यील्ड (रिटर्न) 3% और अमेरिकी बॉन्ड का 4.8% पार करने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बढ़ता सरकारी कर्ज और राजकोषीय घाटा केंद्रीय बैंकों की मुश्किल बढ़ा रहा है। सरकारों की वित्तीय जरूरत पूरी करने के लिए केंद्रीय बैंकों को अपनी बैलेंस शीट बढ़ानी पड़ी तो बाजार में मुद्रा बढ़ेगी। इससे महंगाई और छोटी अवधि की ब्याज दरें ऊपर जा सकती हैं। जापान का 10 वर्षीय बॉन्ड यील्ड मंगलवार को इस सदी में पहली बार 3% पर पहुंचा और 1996 के बाद के उच्चतम स्तर पर रहा। अमेरिका का बॉन्ड यील्ड अगस्त में 5.34% पर पहुंच गया, जो 2007 के बाद सबसे अधिक है। जर्मनी, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बॉन्ड यील्ड भी तेजी से बढ़ रहे हैं।



बुलियन • अप्रैल-जून में सोना आयात 47% बढ़कर 11 अरब डॉलर

# भारत में यूएई के रास्ते सोने का आयात 125%, अन्य देशों से महज 29% बढ़ा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

देश के बढ़ते सोना आयात में यूएई की बड़ी भूमिका सामने आई है। जीटीआरआई की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल अप्रैल-जून में भारत का सोने की छड़ों का आयात 47.1% बढ़कर ₹10.4 लाख करोड़ हो गया। यह तेजी तब आई, जब 13 मई को सामान्य आयात शुल्क 6% से बढ़ाकर 15% कर दिया गया। अप्रैल-जून में यूएई से सोने का आयात 124.8% बढ़कर ₹29,800 करोड़ हो गया। बाकी दुनिया से आयात 29.3% बढ़कर ₹74,700 करोड़ का रहा। तीन महीने में भारत के कुल सोना आयात में ₹33,500 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। इसमें ₹16,500 करोड़ यानी करीब आधी बढ़ोतरी अकेले यूएई से हुई। नतीजतन, कुल सोना आयात में यूएई की हिस्सेदारी 18.7% से बढ़कर 28.5% हो गई।

जून के आंकड़े इस रुझान को और साफ करते हैं। यूएई से आयात 175.2% बढ़कर ₹6,166 करोड़ का हो गया, जबकि बाकी देशों से आयात 17.7% घटकर ₹12,533 करोड़ का रह गया। महीने भर में कुल आयात में यूएई की हिस्सेदारी 12.8% से बढ़कर 33% हो गई।

**भारत में यूएई से सोना आयात की रफ्तार सबसे तेज**

| स्रोत | अप्रैल-जून 2025 | अप्रैल-जून 2026 | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| यूएई | 13,292 | 29,813 | 125% |
| बाकी दुनिया | 57,821 | 74,721 | 29% |
| कुल | 71,113 | 1,04,534 | 47% |



राशि करोड़ रुपए में, स्रोत: जीटीआरआई

### आखिर यूएई से क्यों बढ़ रहा है सोने का आयात?

भारत-यूएई मुक्त व्यापार समझौते के तहत तय शर्तें पूरी करने वाले सोने पर 14% आयात शुल्क लगता है, जबकि दूसरे देशों से आने वाले सोने पर यह 15% है। सोने जैसे महंगे और कम मुनाफे वाले कारोबार में एक प्रतिशत शुल्क का अंतर भी आयातकों के लिए बड़ा फायदा बन जाता है।

दबाव में सोना-चांदी

### नौ दिन में 24 कैरेट सोना 10,970 रुपए सस्ता हुआ

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

सोने-चांदी में लगातार दूसरे कारोबारी दिन गिरावट रही। आईबीजेए के बंद भाव के मुताबिक, बुधवार को 24 कैरेट सोना ₹1,999 घटकर ₹1,51,184 प्रति 10 ग्राम रह गया। 22 कैरेट सोना ₹1,831 सस्ता होकर ₹1,38,485 पर बंद हुआ। 24 कैरेट सोना नौ दिन में ₹10,970 (6.77%) सस्ता हो चुका है। चांदी 12 दिन में ₹18,234 यानी 7.39% सस्ती हुई है। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी के मुताबिक, डॉलर और बॉन्ड यील्ड (रिटर्न) मजबूत होने से अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर बढ़ाने की संभावना बढ़ी है। इससे बिना ब्याज वाले सोने को रखने की लागत बढ़ी और कीमतों पर दबाव पड़ा। उनके अनुसार, अमेरिकी रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े आगे की दिशा तय करेंगे।

**बिजनेस एंकर** 79% जेन जी के लिए प्रोफेशनल रिलेशन जरूरी, पर 52% नहीं जानते कि शुरुआत कैसे करें

# लोग क्या सोचेंगे- इस डर से जेन जी करिअर के मौके गंवा रहे

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

इंस्टाग्राम पर धड़ल्ले से डायरेक्ट मैसेज (डीएम) भेजने वाली जेन जी (14-29 साल) जब बॉस या सीनियर के सामने आती है, तो उसकी उंगलियां कीबोर्ड पर ठिठक जाती हैं। लिंक्डइन की एक नई रिपोर्ट बताती है कि भारत के 83% जेन जी प्रोफेशनल्स करिअर में मदद कर सकने वाले लोगों से बात करने या नेटवर्क बनाने से बचते हैं। वजह है 'जज किए जाने' का डर।

रिपोर्ट के मुताबिक, 44% को डर रहता है कि लोग उन्हें गलत आंकेंगे, 39% को लगता है कि वे सामने वाले को परेशान कर रहे हैं, और 37% को डर है कि उनकी बातचीत नकली-सी लगेगी। नतीजा यह होता है कि यह पीढ़ी अच्छी सलाह, नए कनेक्शन और बड़े मौकों से खुद ही दूर हो जाती है, वह भी तब, जब स्क्रीन पर 24 घंटे मौजूद रहना इसी जेनरेशन की पहचान है। दिलचस्प है कि 79% भारतीय जेन जी मानते हैं कि प्रोफेशनल रिलेशनशिप जरूरी हैं, लेकिन आधे से ज्यादा (52%) को यही नहीं पता कि शुरुआत कैसे करें। 53% कहते हैं कि जान-पहचान को असली कनेक्शन में बदलना मुश्किल लगता है, और इसकी कीमत चुकाने से भी वे झिझकते हैं। करीब 59% का कहना है कि किसी ने उन्हें कभी सिखाया ही नहीं कि प्रोफेशनल रिश्ते कैसे बनाए जाते हैं। जबकि हकीकत यह है कि भीतरी पहुंच (इनसाइडर कनेक्शन) रखने वाले भारतीय नौकरी उम्मीदवारों के सेलेक्ट होने के चांस बिना कनेक्शन वालों से करीब 8.5 गुना ज्यादा होते हैं- यानी नेटवर्किंग से बचना दरअसल मौके से बचना है।

राहत की बात यह है कि दरवाजा दूसरी तरफ से भी खुला है। 92% मिलेनियल्स (46-61 साल) और 95% जेन एक्स (30-45 साल) प्रोफेशनल्स कहते हैं कि वे अजनबी की भी करिअर की शुरुआत में मदद करने को तैयार हैं। लिंक्डइन की करियर एक्सपर्ट और सीनियर मैनेजिंग एडिटर (इंडिया) निरजिता बनर्जी कहती हैं कि जैसे-जैसे करिअर के रास्ते सीधी लाइन की बजाय टेढ़े-मेढ़े होते जा रहे हैं, अच्छे रिश्ते बनाने की काबिलियत भी स्किल्स जितनी ही जरूरी बन गई है। नेटवर्किंग का मतलब अजनबी को अचानक मैसेज करना या अटपटा परिचय देना नहीं है। छोटी-छोटी बातचीत धीरे-धीरे भरोसा बनाती है और सही वक्त पर मौका, सलाह और सपोर्ट दिलाती है।

**दुनियाभर के 18,050 कामकाजी लोगों की राय-युवा पीढ़ी में जज किए जाने का डर हावी**



यह सर्वे लिंक्डइन के लिए सेंससवाइड एजेंसी ने किया, जिसमें 18-80 साल उम्र के 18,050 फुल-टाइम और पार्ट-टाइम कामकाजी लोगों की राय ली गई। यह सर्वे 20 जुलाई से 11 अगस्त 2026 के बीच भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, यूएई और सऊदी अरब सहित कई देशों में किया गया। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें से अधिकांश का कहना है कि 'जज किए जाने' का डर युवाओं को खुलकर बात करने से रोकता है।

निवेश • भारत के 5जी इन्फ्रा पर भरोसा बढ़ा

# ऑल्टियस में कनाडा के पेंशन फंड ने लगाए ₹12,100 करोड़

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

कनाडा के पेंशन फंड ला कैस ने भारत के ऑल्टियस टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट में ₹12,100 करोड़ में 24% हिस्सेदारी खरीदी है। यह डील भारत में बढ़ती मोबाइल कनेक्टिविटी और 5जी इन्फ्रास्ट्रक्चर की मांग पर बड़ा दांव मानी जा रही है।

ब्रुकफील्ड समर्थित ऑल्टियस देशभर में 2.6 लाख टेलीकॉम टावर और साइट्स चलाती है, जो मोबाइल ऑपरेटरों को 4जी-5जी सर्विसेज का बुनियादी ढांचा मुहैया कराती हैं। ब्रुकफील्ड ऑल्टियस में सबसे बड़ा निवेशक बनी रहेगी। ला कैस के अलावा सिंगापुर के सॉवरेन वेल्थ फंड जीआईसी और ब्रिटिश कोलंबिया इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट कॉरपोरेशन भी इसमें हिस्सेदार हैं। ला कैस के इंफ्रा हेड एमैनुएल जैक्लो ने कहा कि जैसे-जैसे भारत में मोबाइल डेटा का इस्तेमाल बढ़ रहा है, इसके बुनियादी ढांचे को उसी रफ्तार से बढ़ना होगा।

### भारतीय टेलीकॉम इंफ्रा पर बड़ा दांव इन वजहों से...

भारत दूसरा सबसे बड़ा टेलीकॉम बाजार है। यहां स्मार्टफोन का बढ़ता इस्तेमाल, डिजिटल सर्विसेज की तेज मांग और 5जी रोलआउट वैश्विक पेंशन फंड्स और सॉवरेन वेल्थ फंड को आकर्षित कर रहे हैं।